3 बस्तर संभाग
ग्रामीणों ने मतांतरित व्यक्ति के शव को दफनाने की जगह देने से ...

6 अभिमत
भारत के अनाम नायकों की स्मृति

10 संस्कारधानी
खाप पंचायत : दूसरी जाति की युवती से प्रेम विवाह...

11 छत्तीसगढ़
सिकल सेल मरीजों को हाइड्रोक्सीयूरिया के ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 9 दिसंबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 107 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### सोनिया गांधी रणथंम्भोर में मनायेगी अपना जन्मदिन



**कोटा।** कांग्रेस की पूर्व राष्टीय अध्यक्ष सोनिया गांधी नौ दिसम्बर को राजस्थान में सवाईमाधोपुर जिले के रणथंभौर में अपना जन्मदिन मनायेगी और इसके लिए राहुल गांधी के भी आज सवाई माधोपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनिया गांधी रणथंम्भोर नेशनल पार्क पहुंच गई। इस बीच दोपहर कोटा में श्री राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा को बूंदी जिले में केशवरायपाटन के पास गुड़ली फाटक पर पहुंचकर समाप्त किया। राहुल गांधी विमान से सवाई माधोपुर जाएंगे जहां वह सोनिया गांधी के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस मौके पर गांधी परिवार के अन्य सदस्य भी यहां पहुंच रहे हैं।

### आंध्र में ट्रैक्टर पलटने से छह लोगों की मौत

**चित्तूर।** आन्ध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में एक ट्रैक्टर के पलट जाने से दो बच्चों और तीन महिलाओं सहित एक बारात के छह सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा लक्ष्मैयावुरू गांव के पास बुधवार रात उस वक्त हुआ, जब जंगलापल्ले गांव के निवासी एक ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर जेट्टीपल्ले गांव में बारात समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवार छह लोगों की मौत हो गयी और 22 अन्य घायल हो गए। घायलों को चित्तूर और तिरुपति के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### रुपया नौ पैसे मजबूत

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही नरमी के साथ ही घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में आयी तेजी के बल पर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया नौ पैसे की बढ़त लेकर 82.38 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। रुपया पिछले दिवस 82.47 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 13 पैसे की बढ़त के साथ 82.34 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 82.47 रुपये प्रति डॉलर के नीचे उतरा लेकिन डॉलर की मांग कमजोर पड़ने पर यह 82.26 रुपये प्रति डॉलर के उच्चत

# गुजरात में बीजेपी को प्रचंड बहुमत, हिमाचल में कांग्रेस का कब्जा

## गुजरात में 156 सीट जीतकर भाजपा ने नया रिकॉर्ड बनाया, हिमाचल में कांग्रेस को बहुमत, पार्टी ने 40 सीटें जीती




एजेंसी ◀ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

गुजरात में भाजपा ने 156 सीटों के साथ जीत का नया रिकॉर्ड बना दिया है। कांग्रेस ने 1985 में माधव सिंह सोलंकी की अगुआई में 149 विधानसभा सीटें जीती थीं। वहीं, नरेंद्र मोदी के सीएम रहते भाजपा ने 2002 के चुनाव में 127 सीटें जीती थीं। इस जीत के साथ भाजपा ने दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सीएम भूपेंद्र पटेल 12 दिसंबर को गांधीनगर में विधानसभा के पीछे हेलीपैड मैदान में शपथ लेंगे। गुजरात में तो भाजपा ने परचम लहराया ही है, लेकिन मोरबी की जीत पार्टी के लिए खास है। मोरबी में पहले फेज में 1 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। ज्ञात हो कि गुजरात में बीजेपी ने 1995 से कोई विधानसभा चुनाव नहीं हारी है। इस बार गुजरात में बीजेपी रिकॉर्ड जीत के साथ सरकार बनाती दिख रही है। साल 2002 के चुनावी नतीजो में बीजेपी ने गुजरात में 127 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन बार रुझानों में यह आंकड़ा 150 के करीब पहुंच गया है। गुजरात इलेक्शन के लिए मतगणना राज्य के 37 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में बृहस्पतिवार सुबह शुरू हुई।

### भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट फिर कांग्रेस के कब्जे में

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। दिवंगत मनोज सिंह मंडावी के निधन के बाद भानुप्रतापपुर विधानसभा में उपचुनाव के लिये उनकी पत्नी सावित्री मंडावी को कांग्रेस ने मैदान प उतारा था जिसके बाद से विरोध का सिलसिला जारी रहा वहीं आदिवासी समाज से अकबर कोर्राम के चुनावी मैदान में आने के बाद यह चुनाव त्रिकोणीय व टक्कर की मानी जा रही थी हालांकि



इस उपचुनाव में कांग्रेस को जो निर्दलीय प्रत्याशी से नुकसान होने की संभावना थी उतनी नहीं हो पाई। बहरहाल कांग्रेस ने अपनी यह सीट हासिल कर ही ली वह भी अच्छी बढ़त से। ज्ञात हो कि वर्ष 2018 विधानसभा में दिवंगत मनोज मंडावी 72520 मत प्राप्त किये थे वहीं उप चुनाव में उनकी पत्नी सावित्री मंडावी 65479 मत प्राप्त किये है इस प्रकार केवल 7041 मत ही शेष रहे आंकड़े छुने में। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी 7 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे वहीं 2022 के उपचुनाव में 7 भी प्रत्याशी मैदान में थे। इस उपचुनाव में कुल 1 लाख 41 हजार 662 मत पड़े वहीं नोटा 4243 पड़े। इस तरह 21171 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी विजयी हुई। पहले राउण्ड से ही कांग्रेस बढ़त बनाई रही जोकि अंतिम 19 वें राउण्ड तक आंकड़े बढ़ते ही रहे। ज्ञात हो कि इस उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अकबर कोर्राम की भूमिका भी अहम रही इनके चुनावी मैदान में उतरने से चुनाव परिणाम भी रोचक रहे जहाँ अकबर राम कोर्राम 5 वें नंबर के निर्दलीय प्रत्याशी है जिनको सबसे अधिक 23417 मत प्राप्त हुए।

### रिवाज नहीं, राज बदला

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की 68 सदस्यीय विधानसभा चुनावों की गुरुवार को हुई मतगणना के अब तक के परिणामों में कांग्रेस ने 40 सीटों पर जीत दर्ज करके सरकार बनाने के लिये जरूरी बहुमत का आंकड़ा छू लिया है, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 25 सीटों पर सिमट गई है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सिराज सीट से तथा उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर जसवां से चुनाव जीत चुके हैं जबकि सरकार के आठ मंत्री हार चुके हैं। कैबिनेट मंत्री सरवीन चौधरी, सुरेश भारद्वाज, राजेंद्र गर्ग, डॉ. राजीव सैजल, रामलाल मारकंडा, पार्टी के



दिग्गज नेता और रणनीतिकार डॉ. राजीव बिंदल चुनाव हार गये हैं। सूत्रों के मुताबिक, हिमाचल में जीत के बाद कांग्रेस में सीएम चेहरे को लेकर मंथन शुरू हो गया है। नई सरकार के गठन को लेकर कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक शुक्रवार को चंडीगढ़ में रखी गई है। इसमें हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के लिए हिमाचल कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाम पर विचार किया जा रहा है। प्रतिभा सिंह पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी हैं और मंडी लोकसभा सीट से सांसद भी हैं।


#### राहुल , खडगे , प्रियंका ने हिमाचल के लोगों का जताया आभार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश विधान सभा में पार्टी को मिले बहुमत पर प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विधानसभा प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पर जो भरोसा जताया है उसके अनुरूप उनकी पार्टी की सरकार काम करेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद दिया कि उनकी मेहनत की वजह से ही यह जीत संभव हो पाई है। गांधी ने ट्वीट किया 'हिमाचल प्रदेश की जनता को इस निर्णायक जीत के लिए दिल से धन्यवाद। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को हार्दिक बधाई। आपका परिश्रम और समर्पण इस विजय की शुभकामनाओं का असली हकदार है। फिर से आश्वस्त करता हूं, जनता को किया हर वादा जल्द से जल्द निभाएंगे।' खडगे ने कहा 'मेरे अध्यक्ष बनने के तुरंत बाद हिमाचल के लोगों को पार्टी को जीत दिलाने के लिए धन्यवाद। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद क्योंकि उनके कारण यह परिणाम आया है और मैं उनका धन्यवाद करता हूं। पार्टी नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का भी इस पर असर रहा है। इस जीत से मैं खुश हूं और आगे इस दिशा में काम करते रहेंगे।'

## पांच सौ-हजार के नोटों को बंद करने संबंधी याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2016 में केंद्र सरकार के 500 रुपये और 1000 रुपये के पुराने नोटों को बंद करने के फैसले को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अब्दुल नज़ीर, बीआर गवई, ए.एस. बोपन्ना, वी. रामासुब्रमण्यन और बी.वी. नागरत्ना की पांच सदस्यीय पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। शीर्ष अदालत की संविधान पीठ ने केंद्र और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) से फैसले से संबंधित अपने प्रासंगिक रिकॉर्ड पेश करने को कहा। न्यायालय ने संबंधित पक्षों से शनिवार तक लिखित जवाब दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत वर्ष 2016 में 500 और 1,000 रुपये के नोटों के विमुद्रीकरण के केंद्र के फैसले को



चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले, केंद्र ने शीर्ष अदालत में दायर अपने हलफनामे में 2016 में 500 रुपये और 1,000 रुपये के नोटों के विमुद्रीकृत करने के अपने फैसले का बचाव किया था। केंद्र ने कहा था कि नकली नोटों, आतंकवाद के वित्तपोषण, काले धन के खतरे से लड़ने और कर चोरी रोकने के लिए यह एक बड़ा कदम था। केंद्र ने शीर्ष अदालत में दायर अपने हलफनामे में कहा कि यह नकली धन, आतंक के वित्तपोषण, काले धन और कर चोरी के खतरे से निपटने के लिए एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है, लेकिन यह केवल उन्हीं तक सीमित नहीं है।

### वन्य जीव संरक्षण संशोधन पर संसद की मुहर लगी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने वन्य जीवों की संकटाग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण से संबंधित वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है जिससे इस पर संसद की मुहर लग गयी है। सदन ने विधेयक के कुछ प्रावधानों में संशोधन के मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास के प्रस्तावों को नामंजूर कर दिया। विधेयक में वन्यजीव संरक्षण को अंतर्राष्टीय संधि के अनुरूप बनाने और संबंधित जुर्माने को बढाने के प्रावधान किये गये हैं। पर्यावरण और वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विधेयक पर करीब पांच घंटे तक चली चर्चा के बाद कहा कि वन्यजीवों तथा वहां रहने वाले स्थानीय समुदाय दोनों का संरक्षण जरूरी है और ऐसा प्रकृति के सिद्धांतों के अनुसार ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर यह विधेयक लायी है।






## हितग्राहियों के खाते में 57वीं किस्त के रूप में किया 7.83 करोड़ रूपए का ऑनलाइन अंतरण

# गौठानों का खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की सफलता : मुख्यमंत्री भूपेश

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की बड़ी सफलता है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के आधे से अधिक गौठान स्वयं के संसाधनों से गोबर की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन को इन गौठानों को गोबर खरीदने के लिए राशि देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। गोबर विक्रेताओं को आज भुगतान की गई 4.62 करोड़ रुपए की राशि में से 4270 स्वावलंबी गौठानों द्वारा 2.88 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया तथा कृषि विभाग द्वारा 1.74 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। पिछले पखवाड़े में गोबर खरीदी के लिए प्रदेश के स्वावलंबी गौठनों ने कृषि विभाग की तुलना में अधिक



राशि का भुगतान किया है। स्वावलंबी गौठानों द्वारा अब तक अपने संसाधनों से 29.61 करोड़ रूपए की राशि से गोबर की खरीदी की गई है। मुख्यमंत्री बघेल अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के अंतरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को 7 करोड़ 83 लाख रूपए का ऑनलाईन भुगतान किया। इस राशि में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक गौठानों में गोबर विक्रेता पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए गोबर के एवज में उनके खाते में 4 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि ऑन लाईन अंतरित की। इसी प्रकार गौठान समितियों को एक करोड़ 28 लाख रुपए तथा महिला समूहों के खाते में एक करोड़ 93 लाख रूपए की लाभांश राशि अंतरित की गई।

### मुख्यमंत्री ने सरायपाली में किया 28 करोड़ 65 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्य म के दौरान महासमुंद जिले के सरायपाली विधासनसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल सरायपाली के ग्राम बलौदा एवं बसना के ग्राम भंवरपुर में आम जनता से भेंट मुलाकात की और राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में 28 करोड़ 65 लाख 05 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 23 करोड़ 62 लाख 94 हजार रुपए के 29 कार्यों का भूमिपूजन और 5 करोड़ दो लाख 11 हजार रुपए के 15 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। भूमिपूजन में नवीन सड़क निर्माण, पुल-पुलिया, नया विश्राम गृह निर्माण और महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण आदि कार्य शामिल है। लोकार्पण कार्यों में स्कूल में आहता निर्माण, रंगमंच निर्माण, सी.सी. रोड, सामुदायिक भवन, तालाब में पचरी निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण आदि शामिल है।

# वर्तमान सरकार में भी जारी है चहेतों को टेंडर देने का खेल, टेंडर शर्तों में नियम विरुद्ध तरीके से किया बदलाव, स्वास्थ्य विभाग का कारनामा

## टेंडर जारी होने से पहले वेंडर फिक्स, टेंडर को निरस्त कर जांच की उठने लगी मांग

रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com




सरकार की छवि बनाने और किरकिरी कराने में सरकारी अमले का भी बड़ा रोल होता है। इसका एक उदाहरण जिले के स्वास्थ्य विभाग में जारी टेंडर का है। जहां औषधि निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से औषधियां, मशीन उपकरण व फर्नीचर एवं अन्य सामग्री के लिए निकाले गए लगभग 1 करोड़ रुपए के टेंडर में जमकर फर्जीवाड़ा की तैयारी है। सेहत अमले ने विभागीय खेल उजागर न हो इसके लिए पैतरा बदलते हुए टेंडर शर्तों में नियम विरुद्ध तरीके से बदलाव कर दिया है। ताकि छोटे लोग स्वतः ही बाहर हो जाए और अपने पसंदीदा फर्म से सरकारी महकमें में काम कराया जा सके। मामला संज्ञान में आने के बावजूद भले ही किसी भी प्रकार की जांच स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है। लेकिन टेंडर की पहुंच से दूर छोटे वेंडरो ने चिट्ठी भेजकर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग मुख्यमंत्री से कर दी है। जानकारों का कहना है कि पर्दे के पीछे इसमें ऐसा खेल चल रहा है कि औपचारिकता भी पूरी हो जाये और चहेते फर्म को टेंडर भी मिल जाए। चर्चा है कि धमतरी के एक फर्म को टेंडर को मैनेज करने की प्लानिंग है। बता दे कि निविदा की प्रक्रिया पूरी तरह से गोपनीय होती है मगर विश्वस्त सूत्र की मानें तो इसकी पूरी ड्राफ्टिंग धमतरी के उस चहेते फर्म ने तैयार किया है।

**टेंडर जारी होने से पहले वेंडर फिक्स-** विभागीय सूत्र बता रहे कि निविदा निकालने से पहले ही यह तय कर लिया गया था कि उन्हें यह टेंडर किस फर्म को देना है। इसके लिए अफसरों ने अपनी कलम बचाते हुए सभी कागजी कोरम पूरा तो किया, लेकिन यह भूल गए कि टेंडर जारी करने के दौरान उन्हें जो विज्ञापन जारी करना है वह राज्य के दो और राष्ट्रीय स्तर के दो प्रमुख दैनिक अखबारों में देना है। इस टेंडर की जानकारी अन्य फर्म को पता न चले इसके लिए अफसर ने राष्ट्रीय स्तर के एक और दो प्रदेश स्तरीय अखबार में विज्ञापन दिया है। इससे साफ हो जाता है कि अधिकारी और कार्यालय के बाबुओं की पहले से ही इस टेंडर को मैनेज करने प्लानिंग बन चुकी थी।

**समझे टेंडर सेटिंग की प्लानिंग-** टेंडर में बैलिड सेल टैक्स का प्रमाण पत्र मांगा गया है। जबकि सेल टैक्स एक्ट 30 जून 2017 से समाप्त हो चुका है। 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर लागू हो गया है। अफसरों ने वित्तीय वर्ष का 1 करोड़ का टर्न ओवर प्रमाण पत्र मांगा है। साथ मे वर्ष 2021-22 का आडिट रिपोर्ट भी मांगा है। जबकि 1 करोड़ के टर्न ओवर में नियमानुसार आडिट ऐच्छिक होता है। भारत सरकार के इंकम टैक्स डिपार्टमेंट के अंडर सेक्शन 44एबी के तहत 2 करोड़ से ऊपर आडिट अनिवार्य है। ऐसे में आडिट की बाध्यता लादकर 1 करोड़ के टर्न ओवर वाले छोटे वेंडर/फर्म को टेंडर में शामिल होने से रोक दिया गया। भंडार क्रय नियमों के हिसाब से निविदा का समाचार पत्रों में प्रकाशन के साथ निविदा को वेबसाईट पर भी प्रकाशित करना होता है। जिसमे निविदा में भाग लेने वाली इकाई के लिए यह आवश्यक नहीं होता कि वह विभाग से निविदा प्रपत्र प्राप्त करें। निविदाकार बेबसाईट में उपलब्ध निविदा प्रपत्र को डाउनलोड करके निविदा में भाग ले सकता है जिसे मान्यता प्रदान की जायेगी। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने कि कार्यालय से प्राप्त किए गए निविदा प्रपत्र में ही टेंडर प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया।

**पहले भी इस तरह का हो चुका खेल-** ऐसा नहीं है कि स्वास्थ्य विभाग में टेंडर नियमों के विपरीत निविदा का काम किया जा रहा है। इससे पहले भी इस तरह का खेल यहां खेला जा चुका है और फिर से वही हथकंडा अपनाने की तैयारी चल रही है। गौरतलब हो कि हाल में जारी टेंडर पहली बार जुलाई महीने में निकाली गई थी जो महज 9 दिन की थी। दूसरी बार सेम टेंडर सितंबर माह को जारी की गई जो 22 दिनों की थी। गड़बड़ी उजागर होने के बाद अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए दोनों टेंडरों को निरस्त किया गया। अब नवंबर माह में 1 माह 5 दिन की समयावधि वाली वहीं टेंडर तीसरी बार प्रक्रिया में है। पहले निरस्त किए गए टेंडर के संबंध में सीएमएचओ जेएल उइके का कहना है कि पहले जारी किए गए टेंडर गलत थे। ऐसे में सवाल उठता है कि गलत टेंडर जारी करने वालो के खिलाफ कोई कार्रवाही अब तक क्यो नही की गई।

### टेंडर को निरस्त कर जांच की उठने लगी मांग

सामग्री कार्यो एवं सेवाओं के सार्वजनिक खरीद हेतु विस्तृत दिशा-निर्देशों एवं व्यापक नियमों में मानदंड एवं प्रा या निर्धारित की गयी है। जिसका पालन बालोद जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी टेंडर में नहीं किया गया है। चहेते फर्म को टेंडर देने के नाम पर खेल किया जा रहा है। मामले की भनक उच्चाधिकारियों को भी है। इससे सवाल उठना लाजमी है कि सामग्री खरीदी मे कपट, सरकारी धन के अपव्यय, भ्रष्टाचार अथवा हेरफेर करने के लिए निकाले गए टेंडर को निरस्त कर मामले की जांच की जानी चाहिए।

टेंडर शर्तो को लेकर कुछ लोग आए थे जिसका निराकरण किया गया है। अभी भी नियम शर्त को लेकर किसी को आपत्ति है तो यहां आना चाहिए। पहले जारी किए गए टेंडर गलत थे। वो मेरे समय का नही है, मैं अभी आया हूं।
**जेएल उइके, सीएमएचओ, बालोद**

# यादव समाज ने मनाया अगहन पूर्णिमा व दत्तात्रेय जयंती पर की गिरी गोवर्धन पूजा



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

यादव समाज के द्वारा जिला मुख्यालय के चिकलपुटी पुलिस लाइन के पास बनाया गया। अगहन पूर्णिमा व दत्तात्रेय जयंती पर गिरी गोवर्धन पूजा जिसमें राधा कृष्ण मंदिर से कलश यात्रा निकाल कर मुख्य मार्ग से बंधा तलाब गार्डन से चिकलपुटी जहा 20 लाख रुपये भवन निर्माण हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा घोषणा की गई थी। तो वही 6 लाख रुपये मोहन मरकाम के द्वारा विधायक निधि से दिया गया। साथ ही किया गया विधायक के द्वारा भूमि पूजन भी किया गया। शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा के द्वारा राउत नाचा वालो को 1000 रूपए का सहयोग राशि दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवम विधायक मोहन मरकाम, जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दिवान, कांग्रेस पार्टी बुधराम नेताम, विधायक प्रतिनिधि, शाकम्बरी बोर्ड सदस्य अनुराग पटेल, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, शहर अध्यक्ष तबस्सुम बानो, महिला प्रवक्ता शिल्पा देवांगन, शकूर खान, शांति पांडेय, नरेन्द्र देवांगन, सर्वेश सेठिया, गीतेश बघेल और वही यादव समाज से अध्यक्ष गोवर्धन सेवा समिति साधु राम यादव, उपाध्यक्ष रेयसिंग यादव, सचिव बृजलाल यादव, बिरस यादव, सोमन यादव, दिनेश यादव, हेमंत यादव, कुरसो यादव, धनसिंग यादव, फूलचंद यादव, रायधर यादव, सुखदेव यादव, मोती यादव, मानकु यादव, सगनू यादव, देवशरण यादव, हरि यादव व समाज के ब्लाक व क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चार वर्षों के कामकाज पर जनता की मुहर : भूपेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट पर मिली जीत को उन्होंने राज्य सरकार के चार वर्षों के कामकाज पर जनता की मुहर करार दिया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही स्वं मनोज मंडावी के क्षेत्र के लोगो के पारिवारिक सम्बन्धों का भी इसमें योगदान है।उन्होंने कहा कि इस सीट पर भाजपा ने अपने प्रमुख चुनावी मैनेजर को दायित्व सौंपा और पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह ने उन पर व्यक्तिगत हमले किए। सर्व आदिवासी समाज को भी मदद की खबरें मिलती रही लेकिन इसके बावजूद भाजपा अपने वोट में इजाफा नही कर सकी। वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद हिमाचल प्रदेश में मिली पहली जीत आने वाले समय में पार्टी को नई ऊर्जा देने में मददगार साबित होंगी। कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के मुख्य पर्यवेक्षक श्री बघेल ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के धुंआधार प्रचार किया और उनके द्वारा हिमाचल की जनता को दी गई 10 गारन्टी पर वहां की जनता ने विश्वास जताया। इस जीत में हिमाचल की जनता के साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं,सांसद राजीव शुक्ला समेत सभी राष्ट्रीय सचिवों,राज्य के पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों की दिनरात मेहनत का योगदान हैं। उन्होने कहा कि पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिल गया है।अब पार्टी विधायक दल की जल्द बैठक होगी।इसमें विधायकों से राय ली जायेगी उसके बाद आलाकमान को अवगत करवाया जायेगा।

### जनता की आवाज बनकर जनहित के लिए काम करते रहेंगे : साव



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने भानुप्रतापपुर उपचुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की अनैतिक जीत है। नैतिक तौर पर कांग्रेस हार गई है। कांग्रेस ने चरित्र हत्या और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर उपचुनाव तो जीत लिया। लेकिन स्पष्ट हो गया कि आदिवासी समाज अब कांग्रेस का साथ छोड़ता जा रहा है। आदिवासी समाज ने कांग्रेस का दावा खोखला साबित कर दिया है। चुनाव में भाजपा और निर्दलीय आदिवासी प्रत्याशी को जितने वोट मिले उतने वोट कांग्रेस प्राप्त नहीं कर पाई। यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस के विकास के दावों में सच्चाई नहीं है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी आरक्षण के नाम पर भ्रमित करने के बाद भी आदिवासी समाज का भरोसा नहीं जीत पाई। कांग्रेस की चारित्रिक हार तो प्रचार के दौरान ही हो गई थी।

### भानुप्रतापपुर उपचुनाव में धन बल सरकारी तंत्र का उपयोग कर कांग्रेसी जीता : बृजमोहन



भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भा.ज.पा चुनाव संचालक बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस की जीत को भूपेश कांग्रेस शासन का सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर धन बल के सहारे जीत बताया है।भा.ज.पा चुनाव संचालक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि संपूर्ण भानुप्रतापपुर विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ भूपेश सरकार भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम पर झूठे आरोप गढ़कर संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में झारखंड और छत्तीसगढ़ की संयुक्त पुलिस के सहारे क्षेत्र में खौफ पैदा कर भा.ज.पा प्रत्याशी एवं कार्यकर्ताओं को डराने का प्रयास करती रही। भा.ज.पा चुनाव संचालक बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी को जीत की बधाई देते हुए भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता, सरकारी कर्मचारी , भा.ज.पा कार्यकर्ता सभी वर्गों का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग करने पर आभार व्क्त किया है।

# किसान इलियस पहली बार धान बेचकर खुश हुआ मुख्यमंत्री को धन्यवाद देकर कहा, समस्या नहीं है

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 01 नवम्बर से की जा रही है। इससे अंचल के किसान खुश है। जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोकी निवासी किसान इलियस केरकेट्टा पहली बार धान बेचकर खुश है। उन्होंने बताया कि पहले धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं हो पाया था जिले के कारण खुले मार्केट में धान बेचना पड़ता था। अब जिला प्रशासन ने उनका प्राथमिकता से पंजीयन किया है जिसके बाद नजदीक के आरा धान खरीदी केन्द्र में धान बेच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उनका धान बेचने के लिए 5.479 हेक्टेयर का पंजीयन किया गया है। किसान इलियस केरकेट्टा ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन किसानों को उनकी उपज का सही दाम दे रही है। उल्लेखनीय है सभी उपार्जन केंद्रों में सुव्यवस्थित और निरंतर धान खरीदी की जा रही है।

**एप से आसान हुआ रजिस्ट्रेशन** - किसानों को अब धान बेचने घर बैठे ऑनलाइन टोकन प्राप्त करने की सुविधा दी गई है। पंजीकृत किसान को धान बेचने टोकन जारी करने की प्रक्रिया के सरलीकरण और सुव्यवस्थित प्रबंधन के उद्देश्य से एनआईसी द्वारा एन्ड्रॉयड एप ''किसान टोकन तुंहर हाथ'' विकसित किया गया है। इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा इस बार ऑनलाइन टोकन की सुविधा प्रदान की गई है, इस ऐप से किसानों को घर बैठे आसानी से टोकन मिल जा रहा है इससे किसानों का समय भी बच रहा है और टोकन के लिए चक्कर लगाना नहीं पड़ा।

### 38201 किसानों का पंजीयन

जशपुर जिले में धान खरीदी करने के लिए 38201 किसानों का पंजीयन किया गया है रकबा हेक्टेयर में 72537.11 है नया 6729 किसानों का पंजीयन किया गया। जिले के सभी 41 धान उपार्जन केन्द्रों में शासन के निर्देशानुसार समिति स्तर पर धान की सुरक्षा एवं रख रखाव हेतु तैयारी पूर्ण करायी जा चुकी है। बरसात से धान को बचाने के लिए कैपकवर की भी व्यवस्था की गई है गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य में धान खरीदी का महाभियान एक नवम्बर से प्रारंभ हुआ है। धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2023 तक चलेगा।

# जेल की दीवार फांदकर भागने वाले विचाराधीन बंदी ललित राम को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



5 दिसम्बर के प्रातः लगभग 05:24 बजे जिला जेल जशपुर से 02 विचाराधीन बंदी कपिल भगत एवं ललित राम जेल की वालगार्ड नंबर 1 की दीवार फांदकर फरार हो गये थे। विचाराधीन बंदी-कपिल भगत निवासी सोगड़ा के विरूद्ध धारा 363, 366(क), 366, 376(3) एन 506, 34, 4,6 पो.एक्ट एवं विचाराधीन बंदी- ललित राम निवासी सरकरा थाना तुमला के विरूद्ध धारा 302 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध होने पर जेल में निरूद्ध थे। प्रार्थी जेल प्रहरी की रिपोर्ट पर उक्त दोनों फरार विचाराधीन बंदियों के विरूद्ध धारा 224 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर लगातार पता-तलाश की जा रही थी। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी. रविशंकर (भा.पु.से.) द्वारा उक्त दोनों विचाराधीन बंदियों की पतासाजी एवं धरपकड़ हेतु विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्र के बीट प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये उनके द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। बीट प्रभारी एवं पुलिस टीम द्वारा फरार बंदी के परिजनों, पड़ोसियों एवं निवास क्षेत्र के पुलिस मित्रों से संपर्क कर लगातार पतासाजी की जा रही थी जो आज ललित राम के तुमला क्षेत्र में मौजूद होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर दिनांक 07.12.2022 को गिरफ्तार कर जिला जेल जशपुर को सुपुर्द किया गया। प्रकरण का एक अन्य विचाराधीन बंदी कपिल भगत फरार है, जिसकी लगातार पता-तलाश की जा रही है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक रविशंकर तिवारी, उ.नि. के.पी. सिंह, उ.नि. चंद्र कुमार सिंगार, प्र.आर. धर्मेन्द्र राजपूत, आर. शोभनाथ सिंह एवं थाना तुमला स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

# शासन की सरस्वती निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्राओं को किया गया साइकिल वितरण

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय नया बाजार दल्ली राजहरा में 8 दिसंबर को शासन की साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शीबू नायर अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, विशेष अतिथि अजय छाजेड़ अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति, टी. ज्योति पार्षद वार्ड 26, विजय लक्ष्मी, स्वप्निल तिवारी पार्षद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शीबू नायर ने अपने उद्बोधन मे कहा कि यह योजना समाज और बेटियों की शिक्षा में एक महत्वपूर्ण योगदान देने वाली योजना है। विद्यालय के प्राचार्य आर. रानाडे ने भी इस अवसर पर उद्बोधन में कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ उन्हें उच्चशिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की वर्षों की मांग पूरी



**गरियाबंद।** वर्षों की मांग पंटोरा-कोदोबत्तर 33/11 केव्ही उपकेंद्र विद्युत सबस्टेशन की मांग को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में आकर घोषणा किया इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग संगठन व कांग्रेस नेता जनपद सदस्य मोहम्मद सफीक ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के पास जाकर ज्ञापन दिया था। मोहम्मद अकबर कैबिनेट मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अवगत कराया गया था जिसे भूपेश बघेल गरियाबंद जिला के परियाबाहरा के भेंट मुलाकात कार्यक्रम मे आकर घोषणा किया । इस पंटोरा- कोदोबत्तर 33/11 केव्ही उपकेंद्र विद्युत सबस्टेशन से घुटकुनवापारा , बहेड़ाबुडा़ , मालगांव , कोदोबत्तर , पंटोरा , बास्का , टोईयामुड़ा, गेंहदर , विजयनगर, राचरडेरा , भेजराडिही सहित इस क्षेत्र के अनेक ग्रामो मे हो रहे लो वोल्टेज की समस्या अब दूर होगा।

# सोलर पंपों की स्थापना से पहुंच विहीन दुर्गम क्षेत्रों मिल रही सिंचाई सुविधा

### 14 आदिवासी परिवारों के यहां लगा सोलर पंप

पायनियर संवाददाता < गौरेला पेंड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com



नवगठित गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के ऐसे पहुंच विहीन दुर्गम क्षेत्रों में जहां बिजली कनेक्शन नहीं पहुंच पा रहा है, वहां सोलर पावर पंपों की स्थापना से सिंचाई सुविधा मिल रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा सौर सुजला योजना के तहत सोलर पंपो की स्थापना की जा रही है। अब तक जिले में 800 से ज्यादा सोलर पंपों की स्थापना की जा चुकी है। इनमें सुराजी गांव योजना के तहत गौठानों, चारागाहों में स्थापित सोलर पंप भी शामिल है। इसके अलावा एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना द्वारा सोलर पंप के लिए जारी किये गये हितग्राही अंशदान राशि से क्रेडा द्वारा सौर सुजला योजना के तहत 14 आदिवासी परिवारों के यहां भी सोलर पंपों की स्थापना की जा चुकी है। जिले के किसान कृषि कार्यो के लिए विद्युत की कमी होने के कारण कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद भी अपने पूर्ण दक्षता से कृषि करने में असमर्थ थे, अब सौर सुजला योजना से सोलर पंप लगने से उन्हे सिंचाई सुविधा मिल रही है। इससे उनकी आमदनी एवं आजीविका में भी सुधार हुआ है। सिंचाई के लिए वर्षा जल पर निर्भरता के कारण वे सिर्फ धान की ही खेती कर पाते थे लेकिन खेतों में सोलर पंप लग जाने से अब वे धान के साथ-साथ सब्जी, भाजी, सरसों, गेहूँ आदि रबी फसलों की भी खेती कर रहे है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है।

# कलेक्टर मित्तल ने बगीचा के विकास खंड स्रोत समन्वयक कृष्ण कुमार राठौर को किया बर्खास्त

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर विकास खंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक कृष्ण कुमार राठौर को बर्खास्त कर दिया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बगीचा के 21 नये संकुलों में आये कार्यालयीन व्यय की राशि का अनियमितता गबन एवं भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा सरगुजा संभाग अंबिकापुर छ0ग0 के 03 सदस्यीय जांच दल द्वारा जांच प्रतिवेदन 13 सितम्बर 2022 में अभिमत दिया गया है कि श्री कृष्ण कुमार राठौर, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक (संविदा), विकासखंड स्त्रोत केंद्र कार्यालय बगीचा द्वारा अनुदान राशि प्रति संकुल रु. 40,000 के मान से 21 संकुलों द्वारा कुल आहरित राशि 8,40,000 ( आठ लाख चालीस हजार रूपये मात्र) का बिना सामग्री क्रय एवं बिना फर्म को भुगतान किये फर्म के 02 बिल अनुसार राशि भुगतान की पावती लेकर शासकीय राशि का बंदरबाट करते हुए गबन किया जाना पाया गया साथ ही शासकीय राशि का आहरण कर गबन करने में आंशिक सहयोगी पाया गया। कृष्ण कुमार राठौर, विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक (संविदा), विकासखंड स्त्रोत केन्द्र कार्यालय बगीचा का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत है। जिला मिशन संचालक, राजीव गांधी प्राथमिक शिक्षा मिशन, जिला रायगढ़ (म.प्र.) के आदेश दिनांक 24 सितम्बर 1996 के तहत आपकी नियुक्ति विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक (संविदा) पद पर की गई है।

# अनुसूचित जनजाति के लिए ऋण आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जशपुर अंतर्गत वर्ष 2022-23 में अनुसूचित जनजाति वर्ग को विभिन्न योजनाओं में प्रोत्साहन लाभ दिया जाना है। जिससे इनके सामाजिक, आर्थिक स्तर को सुदृढ़ किया जा सके। इस हेतु इच्छुक हितग्राही 23 दिसम्बर 2022 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 अनुसूचित जनजाति वर्ग में स्व सहायता समूह माइक्रो क्रेडिट कृषि क्षेत्र में, डेयरी योजना, स्व सहायता समूह माइक्रो क्रेडिट सेवा क्षेत्र में प्रति इकाई के लिए 5-5 लाख का लोन देने का प्रावधान है। इसी प्रकार विभिन्न व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण का प्रावधान है। जिसमें कृषि सेक्टर के तहत डेयरी योजना (टर्म लोन योजना), स्व सहायता समूह (माइक्रो क्रेडिट योजना मछली पालन, पोल्ट्री, मसाला राइस मिल, दाल मिल आदि एवं सेवा सेक्टर में स्व सहायता समूह माइक्रो क्रेडिट योजना कैटरिंग, दोना पत्तल, मसाला, बेकरी आदि इकाई के लिए 5-5 लाख का प्रावधान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए विभिन्न मापदंड निर्धारित किए गए है। जिसके अंतर्गत आवेदक को अनुसूचित जनजाति वर्ग एवं जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु सीमा 18 से 50 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदक की वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 3 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदक को पूर्व में किसी भी शासकीय, अशासकीय संस्था एवं बैंक से ऋण नहीं लेने का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

# ग्रामीणों ने मतांतरित व्यक्ति के शव को दफनाने की जगह देने से किया इनकार




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में मतांतरण को लेकर कई बार आक्रोश की स्थिति निर्मित हो चुकी है। खासकर तब जब कोई मतांतरित व्यक्ति की मौत हो जाती है, तब शव दफनाने को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होती आ रही है। ग्राम मारंगपुरी में एक युवक की मौत के बाद शव को दफनाने को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। किंतु प्रशासन की सूझबूझ से मामला शांतिपूर्ण तरीके से निपट गया और शव को गांव में दफनाने के बजाय केशकाल ले जाया गया। विश्रामपुरी थाना अंतर्गत ग्राम मारंगपुरी के युवक रोहित नेताम पिता मंगतू राम नेताम उम्र 26 वर्ष की बीमारी से 7 दिसंबर की सुबह 5 बजे मौत हो गई। युवक काफी समय से बीमार था। जिसे प्रार्थना के द्वारा चमत्कारिक ढंग से ठीक करने की बात ईसाई मिशनरी के लोग कहते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि, जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती गई ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों प्रार्थना का दौर भी बढ़ाते रहे। अंधविश्वास में डूबे युवक और उनके परिवार को इलाज का अवसर ही नहीं दिया गया। जिससे प्रार्थना के चलते युवक की मौत हो गई। युवक की दोनों आंखों की रोशनी चली गई थी। वह मिर्गी की बीमारी से भी पीड़ित था। युवक की मौत के पश्चात उसे गांव में ही दफनाने के लिए बैठक हुई तो, ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि, यहां हिंदू अथवा आदिवासियों की रीति रिवाज से ही शव को दफनाया जाता है। यहां ईसाई मिशनरी के रिवाज से शव दफनाने नहीं दिया जाएगा। इस स्थिति को भांपते हुए तहसीलदार एस के भोई और बांसकोट के चौकी प्रभारी विवेक सेंगर ने ग्रामीणों व ईसाई मिशनरियों के बीच बैठकर मामले को सुलझाया। तत्पश्चात 7 दिसंबर को ही मृत व्यक्ति के शव को केशकाल ले जाया गयाद्य और शांतिपूर्ण तरीके से शव दफनाया गया। जानकारी के लिए आपको बता दें कि, इसके पूर्व जिले के धनोरा, तितरवंड और राहटीपारा बालेंगा में भी मतांतरित व्यक्तियों की मौत को लेकर काफी आक्रोश देखा गया था।

## लेम्पस संचालक के समर्थन में उतरे बालसिंह बघेल



**कोण्डागांव।** जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल द्वारा 6 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना में लेम्पस संचालक के धरना स्थल अपना समर्थन में पहुंचे और अपने सरल व्यक्तित्व का परिचय देते हुए, धरना स्थल को संबोधन किया और उनके जीवन की शुरूआत संचालक घोड़ागांव रूप में वर्ष 2003 में हुई जनता के होने वाले कष्टों देखकर ही राजनीति में आया। राजनीति की शुरूआत सरपंच पद से प्रारंभ की और आम जनता के आर्शीवाद आर्शीवाद से इस समय आप लोगों के बीच उपस्थिति आज लोगों जो 6 सूत्रीय जायज मांगों को धरना दे रहे है, जिसका मैं समर्थन करता हूं। सरकार अपनी गलती को सजा लेम्पस संचालक को क्यों, नेट की ठीक नहीं है। जिससे समय पर का वितरण नहीं हो रहा ग्रामीणों का गुस्सा संचालक झेल रहे और ग्रामीण को राशन के लिए चक्कर लगाना पढ़ रहा रहा है। सरकार ने आज मनमानी तरीके से राशन पूर्ति का कम दिखाया है, जिसकी भरपाई संचालक से करवा रहे हैं उससे बंद करे। बालसिंह बघेल ने आगे कहा कि, लेम्पस के हड़ताल का समर्थन करता हूं जहां मेरी जरूरत होगी मैं सरकार के इस गंदी नीति विरोध मे आवाज उठाता रहूंगा।

# कलेक्टर ने लंजोड़ा, भंडारशिवनी, बोरगांव धान उपार्जन केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा फरसगांव विकासखंड स्थित लंजोड़ा, भंडारशिवनी और बोरगांव धान उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम लंजोड़ा स्थित धान उपार्जन केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने स्वयं हाइड्रोमीटर द्वारा धान की जांच की और आए किसानों से केंद्र की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए उपार्जन केंद्र के प्रभारी अधिकारी से धान के उठाव के साथ हमालों की व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की। धान के धीमे उठाव पर उन्होंने अब तक जारी डीओ के अनुसार शीघ्र से शीघ्र 10 गाड़ियों को लगाकर धान का उठाव करने के निर्देश ट्रांसपोर्टरों को दिए। इसके साथ उन्होंने बारदानों की भी जांच की।

**भंडारशिवनी, लंजोड़ा केन्द्रों में व्यवस्थाओं की सराहना की-** भंडारशिवनी स्थित धान उपार्जन केंद्र पहुंचे कलेक्टर ने किसानों और ग्राम पंचायत सरपंच से चर्चा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया साथ ही अपने सामने धान की तौल करा कर कार्यरत हमालों से भी चर्चा की। जिसमें उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना भी की। किसानों से चर्चा में किसानों द्वारा इस वर्ष नए बारदानों के समय से मिल जाने पर हर्ष जताते हुए शासन व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

**बोरगांव में नवीन धान पंजीयन कर विक्रय करने वाले किसानों को कलेक्टर ने किया प्रोत्साहित-** कलेक्टर ने बोरगांव पहुंच यहां धान विक्रय करने आए मांझी आठगांव के किसानों से चर्चा की जिसमें किसानों ने व्यवस्थाओं के प्रति अपनी संतुष्टि जाहिर की। कलेक्टर से चर्चा में किसानों द्वारा बताया गया कि, इस वर्ष विक्रय की राशि तुरंत खातों में अंतरण से वे ग्रीष्मकालीन फसलों की तैयारी समय पर कर सकेंगे। जिसमें कलेक्टर ने उन्हें मक्के द्वारा इथेनॉल तैयार करने के प्लांट के तैयार हो जाने की जानकारी देते हुए उन्हें आगामी फसल के रूप में मक्का लगाने की सलाह दी। उन्होंने बारदानों की जांच करते हुए किसानों से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत केंद्र प्रभारी को सूचित कर बारदाने को बदलवाने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर ने धान विक्रय करने आये नवीन पंजीयन वाले किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, शासन एवं प्रशासन सदैव आपकी सहायता को तत्पर है, किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत केंद्र प्रभारी, समिति प्रबंधक अथवा तहसीलदार या एसडीएम को सूचित करें ताकि तुरंत समस्याओं का निदान किया जा सके।

# किरन्दुल पुलिस ने ग्राम कड़मपाल में जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अपराधों की रोकथाम एवं आसामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही पुलिस एवं आम जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्ग दर्शन एवं पर्यवेक्षण में थाना किरन्दुल पुलिस गांव-गांव में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रही है। जन संवाद कार्यक्रम के तहत दिनांक 07 दिसम्बर को थाना किरन्दुल से थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार ताम्रकार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रेवाराम साहू, हेमन्त साहू पुलिस की टीम संवेदनशील ग्राम कड़मपाल पहुंचकर ग्राम दुगेली के ग्रामीणों से मिलकर सर्वप्रथम गांव की वर्तमान परिस्थितियों, नक्सली समस्याओं व धान खरीदी आदि की जानकारी ली गई।उपस्थित ग्रामीणों का वर्तमान में घटित हो रहे सायबर अपराधों, ऑन लाईन ठगी,बैंकिंग फ्राड सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित यातायात के नियम,नशे की दुष्परिणाम, बालक/बालिकाओं से संबंधित अपराध, जंगली जानवरों को मारने के लिए जंगलों में अवैध रूप से बिजली तार बिछाकर रखने आदि की जानकारी देकर इन अपराधों से बचाव के तरीके बताये गये। इसी प्रकार अपराधों से दूर रहने कानून का पालन करने तथा बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दिये जाने हेतु जागरूक की गई। ज्ञात हो कि किरन्दुल पुलिस बाहर से विभिन्न समानों के विक्रय हेतु आने वाले बाहरी व्यक्तियों / फेरी वालो की मुसाफिरी दर्ज उपरांत ही थाना क्षेत्र में सामानों की विक्रय हेतु अनुमति दी जा रही है। बिना मुसाफिरी दर्ज कराये थाना क्षेत्र में घुमने वालों की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने आम नागरिकों को जन चौपाल के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। थाना प्रभारी किरन्दुल द्वारा पुलिस विभाग से संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने ग्रामीणों को समझाईश दी गई। ज्ञातव्य हो कि पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच की दूरी कम करने तथा पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के निर्देशन में जन संवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने जा रहे है आम नागरिकों द्वारा क्षेत्र में हो रहे विभिन्न असामाजिक गतिविधियों / अपराधों की जानकारी पुलिस को समय पर दी जा रही है जो कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सकारात्मक दूरगामी परिणाम साबित होंगे।

## नक्सलियों के स्मॉल एक्शन टीम ने लूटे गए राइफल बरामद करने में पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले की पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के नेतृत्व में नारायणपुर पुलिस के द्वारा नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है इसी तारतम्य में नक्सलियों के स्माल एक्शन टीम के द्वारा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान से लूटे हुए राइफल को 5 घंटे के भीतर बरामद करने में सफलता मिली है। बता दें कि दिनांक 7 दिसंबर 2022 को डीआरजी, जिला बल एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान हेतु ग्राम गुदरी की ओर रवाना हुई थी , वापसी के दौरान ओरछा साप्ताहिक बाजार के पास ग्रामीण वेशभूषा में नक्सलियों की स्माल एक्शन टीम के दो से तीन नक्सलियों के द्वारा छसबल के आरक्षक प्रेमपाल यादव के पास आकर उन्हे बातचीत में उलझकर एसएलआर राइफल छीन कर भाग गए। चूंकि बाजार स्थल में भीड़ भाड़ थी, आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जवानों द्वारा फायरिंग नहीं किया गया बल्कि जवानों ने लगभग 1 किलोमीटर तक नक्सलियों का पीछा किया। उक्त तीनों नक्सलियों ने घने जंगल का फायदा उठाकर अलग अलग दिशा में भागने में सफल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल अभियान) पुष्कर शर्मा के मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिस पर एसडीओपी छोटेडोंगर अभिषेक पैंकरा एवं निरीक्षक- उत्तम गावड़े थाना प्रभारी, ओरछा के नेतृत्व में डीआरजी, छसबल. और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम सर्चिंग एवं लूटे गए रायफल की बरामदगी के लिए रवाना किया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुए नारायणपुर पुलिस ने नदीपारा जंगल झाड़ी के पास से छीने गए 7.62 एमएम. एसएलआर रायफल को बरामद किया गया। 05 घंटे की अल्प अवधि में नक्सलियों के स्मॉल टीम द्वारा लूटे गए रायफल की बरामदगी करने पर एसपी सदानंद कुमार ने जवानों को बधाई देते हुए नगद इनाम देने की घोषणा की गई है।

## फिजियोथेरेपिस्ट के रिक्त 2 पदों पर भर्ती हेतु वॉक इन इंटरव्यू 21 दिसम्बर को

**जगदलपुर (पायनियर संवाददाता)।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बस्तर द्वारा दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के कल्याण हेतु जाकर फिजियोथेरेपी ऑन व्हील सेवा के माध्यम से बस्तर जिला के गांव-गांव पहुंचकर सेवा प्रदान करने हेतु फिजियोथेरेपिस्ट के रिक्त 2 पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन 21 दिसंबर प्रातः 11 बजे से अपर कलेक्टर कक्ष कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर, जगदलपुर में किया जाएगा। इसके माध्यम से एक पुरुष व एक महिला फिजियोथेरेपिस्ट का चयन किया जाएगा। रिक्त पदों की जानकारी, दिशा-निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बस्तर पता-कक्ष क्रमांक एस-33, द्वितीय तल, कम्पोजिट बिल्डिंग, जिला कलेक्टर कार्यालय जगदलपुर के सूचना पटल में देखा जा सकता है।

## ''गुरू घासीदास जयंती'' के अवसर पर 'शुष्क दिवस' घोषित

**जगदलपुर (पायनियर संवाददाता)।** बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार ने 18 दिसम्बर को ''गुरू घासीदास जयंती'' के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया है। उन्होंने जिले के क्षेत्रांतर्गत 18 दिसम्बर को ''गुरू घासीदास जयंती'' के अवसर पर देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, एफ.एल.3 होटल बार, एफ.एल.7, एवं मद्य भण्डारण भाण्डागार को 17 दिसंबर को रात्रि 10 बजे से पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध शराब के विक्रय पर समुचित नियंत्रण रखने के निर्देश जारी किए हैं।

## बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



भारतीय बौद्ध महासभा जिला कांकेर एवं डॉ. अम्बेडकर स्मारक समिति कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में बाबासाहेब अंबेडकर के 67 वे महापरिनिर्वाण दिवस पर जिला स्तरीय श्रद्धांजली सभा का आयोजन बाबा साहब की आदम कद प्रतिमा कलेक्ट्रेट के सामने त्रिशरण पंचशील ग्रहण कर तथा माल्यार्पण पश्चात मोमबत्ती जलाकर किया गया इस अवसर पर बीरबल गढ़पाले अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा कांकेर के द्वारा बाबा साहब के संघर्ष मय जीवन से अवगत कराते हुए उनके समाज के प्रति संघर्ष एवं समाज मे उनके योगदान को याद किया गया ।अन्य वक्ता के रूप में एन.एल.पचबीए उपाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा जिला कांकेर ने भारतीय संविधान के प्रति उनके योगदान से परिचय कराया । तत्पश्चात सभी ने दो मिनट का मौन रखकर महामना को श्रद्धांजली अर्पित की ।आदमकद प्रतिमा स्थल से सभी लोग एक साथ मेन रोड स्टेट बैंक के पास वाली प्रतिमा में एकत्रित होकर फिर एक बार बाबा साहेब के कृतित्व को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के लोग एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे विशेष रुप से कांकेर टीआई श्री शरद दुबे,डॉ. आम्बेडकर स्मारक समिति के पूर्व अध्यक्ष विशेश्वर मेश्राम, कौशल उके, भारतीय बौद्ध महासभा के सचिव मिथिलेश मेश्राम, पवन गढ़पाले, उपाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा महेश गडकरी, एस.पी.रामटेके, राजेंद्र शेडे, भारतीय बौद्ध महासभा उपाध्यक्ष अशोक उके,नितिश तुरकर, कल्याण सिंह मेश्राम, अरुण रामटेके,प्रशांत मेश्राम, सुशीला गढ़पाले, मधुरा मेश्राम, एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कहा कि, प्रदेश पर घटते अपने जनाधार को देखते हुए प्रदेश सरकार के मुखिया ने भानुप्रतापपुर के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के खिलाफ सड़यंत्र रच कर उन्हें फसाया जा रहा था। परिणाम स्वरूप झारखंड के न्यायालय के आदेश पर भी जबरन गिरफ्तार किया जा रहा था यह अमानवीय है। वही संजीव पोयाम ने कहा, झारखंड सरकार और छत्तीशगढ़ की सरकार के साथ की रिश्ता कोई पुराना नही उनके विधायको को पूरी वीआईपी ट्रीटमेंट शराब पोसने तक की खबर किसी से नहीं छुपी। झुटी आरोप और कांग्रेस सरकार द्वारा भानूप्रतापपुर के भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के विरुद्ध हुए अमानवीय रूप के विरुद्ध भाजपा युवा मोर्चा और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में जिला के माकड़ी मंडल में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में माकड़ी भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिपेन्द्र नाग, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू पोयाम, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रशांत पात्र, महेश नेताम, भारत नेताम, रोशन सेन, विष्णु पांडे, तेज प्रकाश पोयाम, दानवीर पोयाम, रोहित पोयाम, रमेश यादव, पवन नेताम, देवकरण नेताम, सोनू पोयाम, मौलिन्दर नाग, गिरेंद पोयाम, दुगेश मंडावी, राजू मंडावी उपस्थित रहे।

## टिकनपाल में 336 लोगों का किया गया मलेरिया जांच 4 पाए गए पॉजिटिव



**किरन्दुल।** मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को टिकनपाल में 96 घरों से 336 लोगों की मलेरिया जांच की गई।जिसमें 04 लोग मलेरिया पॉजीटिव पाएं गए। चारों मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाई वितरण किया गया।मौके पर आरएचओ मोहनी ठाकुर सविता नायक उपस्थित थे। वीबीडी सुपरवाइजर पारसमणि मौर्या द्वारा उक्त जानकारी दी गई।

## काटागांव में कोण्डागांव पुलिस विभाग ने किया चलित थाना का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी निमितेश सिंह के निर्देशानुसार ग्राम कांटागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चलित थाना का योजन कर उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षक गण और ग्रामीणों को साइबर क्राइम ,सोशल मीडिया, बाल मजदूर, शिक्षा के अधिकार, अभिव्यक्ति एए, महिला व बच्चों से संबंधित अपराध के बारे में जागरूक कर व विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। और छात्र छात्राओं को मेहनत, लगन, रुचि लेकर पढ़ाई करने और फिजिकल फिट रहने के लिए प्रेरित किया।

# सूदूरवर्ती ग्राम बड़ेओड़ागांव में विधायक संतराम के हाथों हुआ धान उपार्जन केंद्र का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ केशकाल
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से धान खरीदी चालू है। प्रदेश के किसानों को धान बेचने मैं कोई परेशानी ना हो इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा के अनुरूप नए-नए धान उपार्जन केंद्रों को भी मंजूरी दी जा रही है। इसी तारम्मय में नवीन धान खरीदी केंद्र बड़ेओड़ागांव का शुभारंभ केशकाल विधायक संतराम नेताम के द्वारा किया गया। धान खरीदी के इस सत्र के लिए केशकाल विधानसभा क्षेत्र के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बड़ेओड़ागांव में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोलने की अनुमति मिल गयी है जिसका शुभारंभ किया गया। इन नवीन धान खरीदी केंद्रों के खुलने से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ उठी है। वहीं क्षेत्र के किसानों ने भी इस सौगात के लिए विधायक संतराम नेताम को धन्यवाद दिया है। इस सम्बंध में विधायक संतराम नेताम ने कहा कि धान उपार्जन केंद्र दूर होने के कारण क्षेत्र के कई अन्नदाता किसान भाइयों को धान बिक्री हेतु आर्थिक व मानसिक बोझ उठाना पड़ता था। और उन किसानों को धान बेचने के लिए 10-15 किलोमीटर की दूरी तय कर के जाना पड़ता था, जिसके चलते किसान काफी परेशान थे। किसानों की समस्याओं को देखते हुए विधायक संतराम नेताम के अथक प्रयास से नवीन धान खरीदी केन्द्र सौगात मिली है। विधायक नेताम ने आगे कहा कि मैं क्षेत्र के किसान भाइयों को यह बताना चाहता हूं कि आप लोग किसी भी असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आएं, हमारी सरकार किसानों की हितैषी सरकार है। 1 नवंबर से शुरू चुके धान खरीदी में प्रत्येक किसान का एक एक दाना धान खरीदा जाएगा।

## बीआईओपी स्कूल में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

दन्तेवाड़ा जिले के समस्त नगरीय निकाय एवं पंचायत क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का आज गुरुवार को समापन हो गया।बता दें एएलओ द्वारा बीआईओपी स्कूल किरन्दुल में विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 88 के भाग संख्या - 230,233, 234, 235, 336, 237 और 250 की निर्वाचक नामावली वर्ष 2023 की पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा था। जिसमें परिवर्धन हेतु 55,संशोधन हेतु 12, विलोपन 02,स्थानांतरण हेतु 18 लोगों ने फार्म भरा।मौके पर एएलओ पुष्पा सिंह, सविता पोटाई, प्रतिज्ञा सिंह, दशमती कश्यप, बीएलओ राजकुमार माड़िया, थलेश कुमार ठाकुर, बलराम ठाकुर, नरेश साहू, शंकर चौधरी, कोनेश्वर ठाकुर एवं सुमन पटेल उपस्थित थे।

# थाईलैंड ओपन इंटरनेशनल अर्बन गेम्स 2022 मे दंतेवाड़ा के चार खिलाड़ियो ने 3 स्वर्ण 1 रजत के साथ फिर एक बार रचा इतिहास

पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com




इंटरनेशनल रेफरी कोच और छत्तीसगढ़ अर्बन गेम के अध्यक्ष दीपक प्रसाद और निकहत अली ने बताया की थाईलैंड पटाया में आयोजित थाईलैंड ओपन इंटरनेशनल अर्बन गेम्स 2022 जो की 2 दिसम्बर से 5 दिसंबर तक आयोजित था।जिसमें छत्तीसगढ़ से 9 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमे देश से विभिन्न खेलो में लगभग 200 खिलाडी शामिल हुए थे। भारत ,थाईलैंड, सिंगापुर, वियतनाम,नेपाल ,बंगलादेश ,भूटन, और श्रीलंका उपस्थित थे।दंतेवाड़ा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 किकबॉक्सिंग में 1 बॉक्सिंग में और 1वुशु में मैडल प्राप्त हुआ।इस उपलब्धि पर शहर और राज्य में खुशी की लहर है दंतेवाड़ा जिले से बॉक्सिंग में संदीप साह - 71 कि. ग्रा,किकबॉक्सिंग में यशिन एक्का - 42 कि. ग्रा,दुर्गा चंद्राकर - 48 कि. ग्रा,राजेश कुमार - 65 कि. ग्राम में सफलता हासिल की।प्रतियोगिता में बस्तर सांसद दीपक बैज एवम एनएमडीसी किरन्दुल का विशेष योगदान रहा है।

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के नियम 3(1) के अधीन। आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल)/(पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों), मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि तथा ऋण की वापसी के लिए अर्पित प्रतिभूति का विवरण निम्नानुसार है :-

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री गुरशिन्दर सिंह भामरा, श्रीमती इंदु भामरा (प्रॉस्पेक्ट नंबर 864265) | 26-11-2022 रू. 3,10,564.00/- (रूपए तीन लाख दस हजार पांच सौ चौंसठ मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 811, आठवां तल, कार्पेट एरिया परिमाप 304 वर्ग फीट तथा सुपर बिल्ट अप एरिया परिमाप 433 वर्ग फीट, ब्लॉक नंबर जी, रायपुर विकास प्राधिकरण योजना-04, इंद्रप्रस्थ, रायपुरा फेज-2, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़, 491001, भारत, |

यदि उक्त कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, आईआईएफएल एचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : आईआईएफएल एचएफएल प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम, हरियाणा।
स्थान : रायपुर तिथि : 09-12-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

# शिशुपाल बुढ़ाडोगर को मुख्यमंत्री ने मंच से पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा

## शहर में अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड बनाने की भी घोषणा की, बड़े चाव से सीएम सुनसुनिया, तिवरा, मुनगा भाजी का लिया स्वाद






पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात के लिए महासमुंद जिले के सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बलौदा पहुंचे। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा यहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। स्थानीय जनों ने सूत की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। हेलीपैड पर स्कूली बच्चों को देखकर मुख्यमंत्री उनके पास गए और बच्चों से बात कर उनके स्कूल और वहां की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवनिर्मित बलौदा थाना के लोकार्पण के लिए पहुंचे। थाना बलौदा में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर उन्होंने रोजनामचा भी दर्ज किया। मुख्यमंत्री ने 1.97 करोड़ की लागत से बने सर्वसुविधायुक्त नवनिर्मित थाने के लोकार्पण के पश्चात थाना परिसर में कदम्ब का पौधा भी लगाया। इस दौरान गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, बसना विधायक देवेन्द्र बहादुर सिंह, सरायपाली विधायक किस्मतलाल नंद, महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर भी उपस्थित हैं।

ग्राम भंवरपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम भंवरपुर निवासी आदिवासी किसान उद्‌ल सिंह पोर्ते के घर फुलकांस की थाली में बड़ी ही सादगी के साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक भोजन का स्वाद लिया ।

मुख्यमंत्री ने किसान पोर्ते के घर के बाड़ी से निकले सुनसुनिया, करेला,तिवरा और मुनगा भाजी का बड़े चाव से आनंद लिया ।

मुख्यमंत्री बघेल ने जिमीकांदा, गारे वाला कड़ही, तिवरा दाल, राहर दाल, बिजौरी, सील बट्टे से पीसी टमाटर चटनी का भी स्वाद लिया ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम भंवरपुर निवासी आदिवासी किसान उद्‌ल सिंह पोर्ते के घर फुलकांस की थाली में बड़ी ही सादगी के साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक भोजन का लिया स्वाद। सरायपाली के शिशुपाल पहाड़ को मिलेगी नई पहचान~ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

मुख्यमंत्री बघेल की एक मंजूरी से जल्द ही सरायपाली को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलने वाली है। आज सरायपाली वासियों से भेंट मुलाक़ात करने पहुँचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिशुपाल पर्वत को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की घोषणा की। उनके घोषणा करते ही उपस्थित स्थानीय ज़नो ने ज़ोरदार तालियाँ बजाकर मुख्यमंत्री का आभार जताया। अब इस पहाड़ पर ट्रैकिंग, पर्यटकों के लिए कई मूल भूत सुविधाओं को स्थापित करने का रास्ता खुल गया है। अंग्रेजों के जमाने से इलाक़े की पहचान रहे इस पहाड़ को पर्यटन के लिए विकसित करने से सरायपाली को नई पहचान मिलेगी। छतीसगढ़ में पर्यटन से स्थानीय स्तर पर रोज़गार को बढ़ावा देने की नीति से यहाँ के युवाओं के लिए आमदनी के नए अवसर बनेंगे। राज्य ही नहीं दूसरे प्रदेशों से भी पर्यटकों के आने से स्थानीय लोगों को भी अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों से लोगों को अवगत कराने का मौक़ा मिलेगा।

अभी भी सरायपाली का शिशुपाल पर्वत ट्रैकिंग का नया प्वाइंट बना हुआ है। शनिवार और रविवार को यहां पर्यटकों की सबसे ज्यादा भीड़ होती है। बताया जाता है कि इसी पहाड़ के ऊपर किसी समय राजा शिशुपाल का महल हुआ करता था। जब राजा को अंग्रेजो ने घेर लिया तब राजा ने अपने घोड़े की आंख पर पट्टी बांधकर पहाड़ से छलांग लगा दी थी। इसी कारण इस पहाड़ को शिशुपाल पर्वत और यहां के झरने को घोड़ाधार जलप्रपात कहा जाता है। ये राजधानी रायपुर से करीब 157 किमी की दूरी पर और सरायपाली से 30 किमी की दूरी पर स्थित पर्यटन स्थल शिशुपाल पर्वत स्थित है। समुद्र तल से शिशुपाल पर्वत की ऊंचाई करीब 900 फीट है। शिशुपाल पर्वत के ऊपर पहुंचने पर बड़ा सा मैदान है, जहां से बारिश के दिनों में पानी घोड़ाधार जलप्रपात के रूप में करीब 1100 फीट नीचे गिरता है।

### बड़ी घोषणाएँ

- ग्राम पंचायत भंवरपुर को नगर पंचायत बनाया जायेगा।
- भंवरपुर को उप तहसील बनाया जायेगा।
- मंदरपुर में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने की प्रक्रिया चलव
- पुलिस चौकी भंवरपुर का थाने में उन्नयन किया जायेगा।
- भंवरपुर में कॉलेज की स्थापना की जायेगी। 6. भंवरपुर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम विद्यालय खोला जायेगा।
- भंवरपुर में ओपन जिम खोला जायेगा। 8. भंवरपुर से सरायपाली तक सड़क निर्माण को तेज गति से पूरा किया।

# फैक्ट्री खोलो रोजगार दो बोलने वाली महिलाओं के आगे विरोध करने वालों लोगों के स्वर दब गए

पायनियर संवाददाता ✓ सिमगा
www.dailypioneer.com

ग्राम नेवधा में पर्यावरण विभाग के द्वारा जनसुनवाई का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें स्काई आयरन ओर बेनिफियेशन प्लांट की स्थापना के लिए शासन-प्रशासन संयंत्र ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई की व्यवस्था की गई थी जिसमें केसदा नेवधा सहित आसपास के ग्रामीण जन उपस्थित थे । केसदा में स्थापित होने वाले फैक्ट्री के लिए पर्यावरण से संबंधित जन सुनवाई कार्यक्रम में केसदा की उपस्थित सैकड़ों महिलाओं ने कहा कि फैक्ट्री खोलो रोजगार दो बोलने वाली महिलाओं की संख्या इतनी अधिक थी कि विरोध में बोलने वाले जागरूक चंद लोगों के स्वर दब गए इतना ही नहीं संयंत्र का विरोध करने वाले लोगों की बोलने के समय में महिलाएं उनके विरोध में मुर्दाबाद के नारे लगाती रही और कहते रही कि हमर गांव में फैक्ट्री लगना चाही तथा योग्यता अनुसार रोजगार मिलना चाहिए। मेरा संयंत्र की ओर से कहा गया कि 60 एकड़ में संयंत्र की स्थापना होगी तथा उसी में से 20 एकड़ जमीन पर वृक्षारोपण किया जाएगा तथा बोरवेल के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की जाएगी संयंत्र के लिए शिवनाथ नदी के जल लिए शासन से अनुबंध किया जायेगा तथा ग्रामीण जनों को योग्यता के अनुसार एक सौ स्थानीय एवं क्षेत्रीय लोगों को रोजगार दिया जायेगा तथा संयंत्र के स्थापना के पश्चात उत्पादन के साथ ही 500 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा।

**कोई भी बड़ा नेता उपलब्ध नहीं :** ग्राम नेवधा केसदा दो विधानसभा में विभाजित है केसदा में संयंत्र खुलना है जो विधानसभा भाटापारा में आता है जनसुनवाई जहां हुई वह ग्राम नेवधा में हुई जो बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में आता है । उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में दोनों ही विधायक कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुये सत्ता पक्ष से जुड़े कोई भी निर्वाचित नेता जनसुनवाई में नहीं आया यहां हथबंद में जिला कांग्रेस कमेटी के पाँच पदाधिकारी ही तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष भी हथबंद निवासी है वह भी जनसुनवाई में उपस्थित नहीं हुई जो उपस्थित जनसमुदाय में ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय रहा । प्रतिनिधि जनप्रतिनिधियों में सांसद प्रतिनिधि पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष आनंद यादव रमेश सोनी मुरारी मिश्रा पूर्व जिला पंचायत सभापति रायपुर शैली भाटिया चंद्रकांत यदु छत्तीसगढ़ क्रांति सेना प्रदेश सचिव चंदु साहू हिरेंद्र कोसले जितेन्द्र बंजारे जोगी कांग्रेस के संयोजक ने संयंत्र का विरोध करते हुए शिवनाथ नदी का पानी क्षेत्र का पर्यावरण प्रदूषण मुद्दा उठाया आदि सभी ने शिवनाथ नदी व भाटापारा शाखा नहर का पानी जो कृषि कार्य के लिए तथा भूजल श्रौत को लेकर चिंता जताते हुये संयंत्र का विरोध किया ।

# फ्लैगशिप योजनाओं का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे जिले के अंतिम छोर स्थित बल्दाकछार

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल जिलें के अंतिम छोर स्थित कसडोल विकासखंड के अंर्तगत ग्राम बल्दाकछार पहुँचकर फ्लैगशिप योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम सुराजी के तहत गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोबर खरीदी,वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, टाका निर्माण एवं उपलब्धता,बाड़ी एवं चारागाह के कार्य सहित आजीविका के गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने मुख्य मार्ग से गौठान तक डब्लूबीएम पहुंच मार्ग का निर्माण, गौठान में उद्यान बन रहा है उसे जल्द ही पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। गौठान में बहुत कम गोबर खरीदी होने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए है। गांव में पानी की समस्या को देखते हुए ग्रामीण जन ने बोर की मांग पर बोर खनन हेतु भी निर्देश दिए है। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत् गांव में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, जल जीवन मिशन से नये पानी टंकी निर्माण सहित आंगनबाड़ी में भी बोरवेल कराने एवं सामुदायिक वन अधिकार पट्टा प्रदाय के लिए परीक्षण करने के विस्तृत निर्देश एसडीएम,ऐसी ट्राइबल एवं वन विभाग के अधिकारियों को दिए है। स्कूल पहुंच कर शिक्षको की कमी पूर्ण करने के दिए निर्देश* लंबे समय से बल्दाकछार स्कूल में शिक्षकों की कमी को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल पूर्ति करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। कलेक्टर से मिलकर महिलाओं ने दिखाया रोजगार के लिए उत्सुकता बल्दाकछार में मूलतः आदिवासी विशेष पिछड़ी जनजाति कमारो का बहुल क्षेत्र है। जहां पर कमार महिलाएं कलेक्टर श्री बंसल से मिलकर रोजगार की मांग की। जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए गांव की महिलाओं को स्वरोजगार के तहत प्रशिक्षण मुहैया कराने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए है। उनके लिए बेहतर कार्ययोजना क्या हो सकता है उसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर आने वाले समय सीमा बैठक में रखने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान डीएफओ मयंक अग्रवाल, कसडोल एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल, सीईओ हिमांशु वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### संत बाबा गुरु घासीदास की जयंती का न्योता दिया गौरीशंकर अग्रवाल को

**लवन।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल पलारी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल से निवास रायपुर में सौजन्य मुलाकात कर संत बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आने हेतु आमंत्रित किए जिस पर अग्रवाल ने उनका आमंत्रण सहर्ष स्वीकार कर, आने हेतु अपनी सहमति दी। आज के इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल पलारी के अध्यक्ष खोजराम कोसले ग्राम जंगलोर, रमाशंकर बंजारे मीडिया प्रभारी ग्राम घिरघोल, प्रदीप बघेल अनुसूचित जाति मोर्चा उपाध्यक्ष ग्राम बलौदी, अश्वनी बंजारे कोसमन्दा, जितेन बंजारे चंद्रप्रकाश बंजारे कोसमन्दा, महेंद्र ग्राम कोसमन्दा उपस्थित थे।

# कॉलेज छात्रों से चाकूबाजी करने वाले दोनों आरोपी भेजे गए जेल

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



शहर अपराध कम करने गुंड़े बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाया गया। कॉलेज छात्रों से चाकूबाजी करने वाले दोनों आरोपी भेजे गए जेल मामले के विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी जीवन कुमार वर्मा पिता ढालूराम वर्मा साकिन मुंडा 3दिसं को अपने साइकिल से अपने दोस्त के साथ कॉलेज की पढ़ाई कर वापस घर जा रहा था कॉलेज रास्ते में दो लोग एक स्कूटी में खड़े थे जो इनसे किसी लड़के के बारे में पूछने पर नहीं जानना बोलने पर कॉलेज में घूमने आते हो कहते हुए गाली गलौज करने लगे एवं अपनी स्थिति को उनके साइकिल के सामने खड़े कर आरोपी शेखर साहू जिसे इसका दोस्त पहचानता था गाली गलौज करते हुए हाथ थप्पड़ से मारने लगा तभी उसका साथी पीछे से आया और अपने पास रखें चाकू से इसके बाया जंघा में मारकर चोट पहुंचाया फिर वाह कॉलेज में अपने अध्यापकों को बताया और सीएचसी लवन से प्राथमिक उपचार कर रिपोर्ट लिखाने आया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा आरोपियों को पकड़ने हेतु प्राप्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुभाष दास के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर उप निरीक्षक उमेश वर्मा के नेतृत्व में चौकी लवन से रिपोर्ट के बाद दोनों आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी जो पुलिस के डर से लुक छिप रहे थे।

# बीएमओ डॉ. राकेश प्रेमी कार्यमुक्त डॉ. अभिजीत बनर्जी को दिया प्रभार

- खबर का हुआ असर, कर्मचारियों ने मीडिया का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के नगर पंचायत लवन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन में पदस्थ तत्कालीन बी एमओ डॉ राकेश प्रेमी की लम्बे समय से स्थानांतरण कबीरधाम जिला हो चुका था जिसको कार्यमुक्त कई महीनों के बाद भी नहीं करने से जंहा कर्मचारियों में दिनों दिन आक्रोश पनप रहा था साथ ही बी एम ओ की अनगिनत शिकायत आर एच ओ संघ ने स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़, जिला कलेक्टर, जिला सी एच एम ओ सहित मीडिया कर्मियों से किये थे जिसको मीडिया के अलावा किसी ने गंभीरता से नहीं लिया था,आरएचओ संघ की शिकायत के आधार पर मीडिया ने डॉ राकेश प्रेमी को लवन से कार्यमुक्त करने सम्बंधित खबर प्रकाशन कर जिला कलेक्टर, जिला सी एच एम ओ सहित स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में लाया था जिसके बाद जिला कलेक्टर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला सी एच एम ओ को निर्देश देकर कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया और विभाग ने अंततः 6.दिस. को ब्लॉक बलौदा बाजार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन में पदस्थ डॉ. राकेश कुमार प्रेमी का प्रशासनिक स्तर पर स्थानांतरण जिला चिकित्सालय कबीरधाम छ. ग. में हुआ था जिन्हें ब्लॉक बलौदाबाजार से 5.दिस. को कार्यमुक्त किया गया और उनके स्थान पर नवीन खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिजीत बनर्जी को पदभार सौंपा गया है ।वहीं नवीन बीएमओ का स्वागत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संघ बलौदाबाजार के द्वारा किया गया एवम कर्मचारियों ने अपने कार्यो में निर्धारित लक्ष्यों को यथासंभव शतप्रतिशत पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया।आर एच ओ संघ बलौदाबाजार ने सार्थक पहल के लिए मीडिया का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किये हैं और कहा कि यदि मीडिया नहीं होता तो बहुत सारे मामले में न्याय नहीं मिल पाता ,मीडिया के वजह से ही शासन प्रशासन हरकत में आता है।वहीं नवनियुक्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।स्वागत के दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार साहू, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार जयसवाल, सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार साहू ,बलौदाबाजार ब्लॉक अध्यक्ष हितेंद्र कुमार वर्मा, महिला ब्लॉक अध्यक्ष कु. संगीता साहू, सक्रिय सदस्य गीता राम साहू, हरदयाल पैकरा, संतोष कुमार साहू, हरिश्चंद्र वर्मा, प्रेमनारायण वर्मा, मुकुंद बेरवंशी, राममोहन साहू, गोपालश्याम साहू, अनिल कुमार वर्मा, कु. विमल टण्डन, गिरजा जांगड़े, रितु डॉन, बसन्ती साहू विशेष सलाहकार मनीराम शांडिल्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पर्यटकों को मिलेगी शहीद वीर नारायण के योगदान की जानकारी

# शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस समारोह की तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे सोनाखान

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com




शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत मे आयोजित होने वाली कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर रजत बंसल कसडोल विकासखंड के ग्राम सोनाखान पहुँचे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के गौरव के रूप में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह केजीवन से संबंधित सभी कड़ियों की प्रदर्शनी के साथ सोनाखान में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करैंगे। इस कार्यमक्रम को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी जोरों से चल रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा अनुरूप कलेक्टर रजत बंसल ने सोनाखान के युवाओं तथा महिलाओं को गाइड के रूप में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिनके मदद से सोनाखान आने वाले पर्यटकों को शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन परिचय और उनके योगदानों के बारे में जानकारी उपलब्ध होगी।

**पर्यटकों को मिलेगी पारंपरिक भोजन :** सोनाखान में आने वाले पर्यटकों के लिए होम स्टे का शुभारम्भ किया जायेगा। देसी पारंपरिक साजो सज्जा के साथ होम स्टे की सुविधा उपलब्ध होगी। जिसमें पर्यटक राज्य से जुड़ी कल्चर और पारंपरिक परिवेश में मिट्टी के बने घर में ठहरने का आनंद ले सकते हैं साथ ही पारंपरिक भोजन ग्रहण करने का आनंद मिलेगा जिसमें भोजन सामग्री सोनाखान के जमीन से उगे धान की चावल और बाड़ी में लगे साग सब्जियों से बने भोजन से अगुंतको को परोसा जाएगा।

**संग्रहालय का होगा लोकार्पण :** हमारे राज्य के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के जीवनी से जुड़ी विशाल संग्रहालय का लोकार्पण होगा। सोनाखान आने वाले पर्यटक शहीद वीर नारायण सिंह के जीवनी से जुड़ी विभिन्न घटनाक्रमों के साथ उनके योगदान को जानने का अवसर प्राप्त होगा।

# दिव्यांगजनों का यूनिक आईडी कार्ड पंजीयन शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत पंचायत भवन लटुवा में मोहतरा, ढाबाडीह, झोंका, शुक्लाभाठा के दिव्यांगजनों का यूनिक आई डी कार्ड यूनिक डी आई डी कार्ड एवं भारत माता वाहिनी समूह का पंजीयन करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 85 हितग्राही उपस्थित हुए थे।य जिनमें 5 दिव्यांगजनों छडी, 02 दिव्यांग को ट्रायसायकल, 01 दिव्यांग को स्मार्टकेन छडी का वितरण किया गया एवं 25 दिव्यांगजनों का यूनिक आई डी कार्ड हेतु पंजीयन कर फार्म भरा गया। ग्राम शुक्लाभाठा और झोंका के भारत माता वाहिनी समूह का पंजीयन किया गया। शिविर में भारत माता वाहिनी समूह को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी।

उक्त शिविर में उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम सहित सभी पंचायत सचिव एवं दिव्यांगजन उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जाने वाली पोषण आहार की नियमित रूप से हो मॉनिटरिंग: मीणा

## कलेक्टर मीणा ने जिला कलेक्टोरेट के सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने जिला कलेक्टोरेट के सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आगानबाड़ी केंद्र के हितग्राहियों की संख्या, बच्चों और गर्भवती माताओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दी जाने वाली पोषण आहार का वितरण, सेक्टरवार गंभीर एवं कुपोषित बच्चों की संख्या, जर्जर एवं निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, मिनी आंगनबाड़ी केंद्र, वजन त्यौहार आदि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दी जाने वाली पोषण आहार का सभी सेक्टर सुपरवाईजर नियमित रूप से निरीक्षण व मॉनिटरिंग करें। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने अपने क्षेत्र के मध्यम एवं कुपोषित बच्चों के घर जाकर अभिभावकों से भेंट-मुलाकात करने और उन्हें बच्चों के पोषण आहार के लिए जागरूक करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों को जिले में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में भेजने लिए भी प्रेरित करने की बात कही। कलेक्टर ने सभी सीडीपीओ और सेक्टर सुपरवाईजर को बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा उनके संवैधानिक हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। जिसमें समेकित बाल विकास सेवा पर विशेष जोर देने की बात कही। इसके साथ साथ कलेक्टर ने जर्जर, निर्माणाधीन और किराए से संचालित आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की जानकारी ली। उन्होंने जर्जर भवनों की सूची शीघ्र भेजने, निर्माणाधीन भवन को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने और निर्माण हो चुके भवनों की हस्तांतरण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती माताओं और बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दी जाने वाली गरम भोजन की समीक्षा भी की और आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड आदि के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली और शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे घुमंतू बच्चों जिनके माता पिता या अभिभावक नहीं है, जो नशे के में लिप्त हैं आदि, इन बच्चों को भी चिन्हांकित किया जाए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन व अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

## निगम आयुक्त रोहित व्यास ने किया कृष्णा नगर वार्ड क्षेत्र का औचक निरीक्षण

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने अल सुबह नेहरू नगर जोन क्षेत्र के कृष्णा नगर मोहल्ले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई स्थानों पर नालियों में अतिक्रमण की स्थिति देखने को मिली। बलराम चौक के पास, मिलन चौक के पास, ईश्वर चौक के पास नालियों में अतिक्रमण पाया गया, जिसके कारण नालियों की सफाई में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। इन अतिक्रमण को हटाकर नालियों की वृहद सफाई कराने के निर्देश आयुक्त ने अधिकारियों को दिए। कुछ लोगों ने तो नाली के ऊपर कबाड़ तथा अपनी घरेलू सामग्री भी रखी थी, इसे भी हटाने के निर्देश निरीक्षण के दौरान दिए गए। इधर मलबा बिखेरकर सड़क बाधा करने वालों को, सड़क किनारे से मलबा हटाने की हिदायत दी गई, नहीं हटाने वालों पर मलबा



जब्ती के साथ ही जुर्माना की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कृष्णा नगर के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाइपलाइन की स्थिति देखी, उन्होंने कहा कि पाइपलाइन लीकेज की समस्या कहीं भी उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखें, जहां भी पाइप लाइन के लीकेज का मामला संज्ञान में आए इसका तत्काल संधारण कराने उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

# रोजगार दिवस का हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में कार्यरत जिसमें अभी इस वित्तीय वर्ष आज सभी पंचायत ग्राम सभा के माध्यम से रोजगार दिवस आयोजित किया गया। मनरेगा में 13480 मजदूर कार्यरत है कुल निर्माण 661 कार्य में 266 ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्य चल किया जा रहा है। मनरेगा से रोजगार के अधिकार व शिकायत निवारण संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही वर्ष के दौरान निर्माण कार्यो की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिक से अधिक श्रमिकों को मनरेगा अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने पर भी जानकारी दी गई। ज्ञातव्य है, कि विकासखण्ड पंचायतों में श्रममूलक पर्याप्त कार्य स्वीकृत है, जिसके तहत मांग अनुसार निरंतर श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मजदूरो का 15 दिवस बैक खाते के माध्यम से भुगतान की रोजगार दिवस में विस्तार से जानकारी दी गई। गौरतलब है कि योजना के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 पंजीकृत परिवार 1,19,198 कुल परिवार है। जिसमें से 1,79,780 परिवारों को रोजगार दिया जा चुका है। 20 लाख 55 हजार मानव दिवस सृजित किया गया है। वर्तमान में वृक्षरोपण कार्य, पशु शेड, नवीन पंचायत भवन, आंगनबाडी, उचित मूल्य की दुकान, गौठान में शेड नरवा कार्य, निर्माण इत्यादि कार्य निरंतर चल रहे । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्विनी देवांगन ने बताया गया रोजगार दिवस के अवसर पर मनरेगा के माध्यम से अधिक संख्या में ग्रमीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने के उदेश्य से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य में इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला दुर्ग में जिला दुर्ग में 4910.17 लाख मजदूरी पर व्यय किया गया जो कि व्यय का 75.51 प्रतिशत प्राप्त किया गया है। 302 परिवार को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध किया गया है।

# आयुक्त के निर्देश पर खड़े वाहनों को हटाने निगम ने चलाया अभियान

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों के किनारे से आज कंडम, कबाड़ तथा बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाने का निगम ने अभियान चलाया। इसकी शुरुआत राजेन्द्र पार्क चौक से सड़क किनारे से की गई तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज के समाने से वाहनों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ हुई। इस दौरान बेतरतीब खड़े वाहनों तथा काफी लंबे समय से खड़े करने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई भी की गई।कार्रवाही जुर्माना विभिन्न वाहन मालिकों पर लगाया गया। उल्लेखनीय है कि निगम प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने सड़को के किनारे से ऐसे वाहनों को हटाने के लिए सहायक अभियंता आरके पलिया, अतिक्रमण प्रभारी शिव शर्मा व सहायक राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को अभियान चलाने के निर्देश दिए।

इसी तारतम्य में आज वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान दुपहिया वाहनों को भी हटाने का काम किया गया। शिवनाथ नदी रोड से पॉलिटेक्निक कॉलेज तक के दोनों किनारे से वाहनों को हटाने का अभियान आज चलाया गया। अभियान में नगर निगम टीम ने मौके पर मौजूद रहकर कार्रवाई की। वाहनों को नहीं हटाने वालों पर कार्रवाई हुई है। कंडम एवं बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण यातायात प्रभावित होता है, कई दफा ऐसे वाहन दुर्घटना के कारण भी बनते हैं।साथ ही आवाजाही करने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन सभी कारणों से ऐसे वाहनों को हटाने का अभियान चलाना आवश्यक हो गया था।

छोटे-बड़े लगभग 29 वाहनों को सड़क किनारे से खाली कराया गया। आगे भी यह सड़क किनारे से कबाड़ गाड़ियों को हटाने का अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई के मौके पर अतिक्रमण प्रभारी शिव शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, मनोहर गोस्वामी, चतुर, बदरू सहित टीम मौजूद रहे।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवसः सर्वाधिक राशि योगदान के लिए दुर्ग जिला पुरस्कृत

## कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने राज्यपाल अनुसुईया उइके के हाथों ग्रहण किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com



सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सर्वाधिक राशि योगदान के लिए दुर्ग जिला पुरस्कृत किया गया है। पूरे प्रदेश में इस विशेष दिन के लिए राशि एकत्रित करने में दुर्ग जिले का दूसरा स्थान रहा है।

राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल अनुसुईया उइके के हाथों कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने सम्मान ग्रहण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सैन्य कल्याण के लिए और सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए राज्य भर के नागरिकों ने अपना जज्बा दिखाया है। दुर्ग जिले के नागरिकों ने भी इसमें अपना बड़ा योगदान दिया है। देश को मजबूत करने में सेना की अहम भूमिका है।

झंडा दिवस के अवसर पर नागरिकों ने जो राशि एकत्रित की है उससे पता चलता है कि अपनी देश के सरोकारों से नागरिक कितनी गहराई से जुड़े हैं। उन्होंने दुर्ग सहित इस कोष में योगदान करने वाले अन्य जिलों और यहां के रहवासी नागरिकों की प्रशंसा की।

# 3800 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल



पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com

सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। सेना भर्ती में यह दिन सिर्फट्रेडसमेन के लिए रखा गया था। आज 6604 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 3800 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। इसके अलावा नर्सिंग अटेंडेंट की भर्ती प्रक्रिया 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं।

# नलघर शॉपिंग काम्प्लेक्स की दुकानें होंगी आवंटित, 9 अंतिम तिथि

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नल घर काम्प्लेक्स की दुकानें निविदाकारों को आवंटित की जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने निविदा जारी की है। काम्प्लेक्स के भूतल में 22 दुकानें तथा प्रथम तल में 22 दुकानें निर्मित है। जीई रोड किनारे तथा बस स्टैंड के सामने स्थिति यह काम्प्लेक्स पूर्ण साज-सज्जा व आकर्षक बनावट से परिपूर्ण है। जिसमें पार्किंग व उपर जाने के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है। बस स्टैंड के सामने व जीई रोड से लगे होने के कारण व्यवसाय के लिए उपयुक्त है। पूर्व में जारी निविदा के आधार पर अधिकतम ऑफर दर वाले छः लोगों की दुकान आवंटित कर दिया गया है। जिससे नगर निगम को दो करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्त हुई है।नलघर काम्प्लेक्स की दुकानें होंगी आवंटित, नगर पालिक निगम द्वारा 09 दिसम्बर अंतिम तिथि की गई है।

## जीपीएफके लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर

**दुर्ग।** संचालक, कोष-लेखा एवं पेंशन के विशेष पहल से कार्यालय महालेखाकार छत्तीसगढ़ रायपुर एवं जिला कोषालय दुर्ग द्वारा सामान्य भविष्य निधि खातों के लंबित प्रकरणों का निराकरण शिविर का आयोजन 9 दिसंबर तक जिला कोषालय दुर्ग में किया जा रहा है। कार्यालय महालेखाकार से प्राप्त लंबित प्रकरणों की जानकारी जिले के सभी आरहण एवं संवितरण अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही शिविर में प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा -निर्देश भी जारी किया गया है।

# आयुक्त ने किया एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कचरों के निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। बुधवार सुबह आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने बटालियन के करीब के जीरो वेस्ट सेंटर में साफ सफाई एवं डोर टू डोर कलेक्शन की जानकारी लिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, पीआईयू शेखर वर्मा मौजूद थे।एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कर कचरों का पृथकीकरण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पॉलीथीन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाकर निष्पादन हेतु भेजा जा रहा है।इसी तरह गीले कचरो का पृथकीकरण के बाद एसएलआरएम सेंटर मे इसे खाद के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इस कार्य में तेजी आने के बाद अब निगम क्षेत्र में पॉलीथीन के कचरों का ढेर भी अब नजर नहीं आता।गौरतलब है कि निगम प्रशासन द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर में संपूर्ण निगम क्षेत्र से भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को वहां एकत्रित करने के बाद सभी तरह के गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग पृथक किया जाता है। गीले कचरों को पृथक करने के बाद जैविक खाद बनाया जाता है, इसी प्रकार लोहा, टीना, प्लास्टिक, कांच, लकड़ी, व कपड़े के सूखे कचरे का पृथक किए जाने के बाद रिसायकल की प्रक्रिया के लिए भेजा जा रहा है।प्रशिक्षु आयुक्त ने भ्रमण के दौरान धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने एसएलआरएम सेंटर में महिलाए कचरा छांटने का कार्य कर रही थी। प्रशिक्षु आयुक्त ने कचरा सेग्रीकेशन कार्य की पूरी जानकारी । कर्मचारियों की संख्या और उनकी उपस्थिति तथा कार्य का निरीक्षण किया।

# भिलाई के लिए सुखद खबर, उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवा की राह अब और आसान

- धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना अंतर्गत शहर को मिला छठवां जेनेरिक मेडिकल स्टोर, सेक्टर क्षेत्र में होगा पहला, महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त रोहित व्यास एवं बीएसपी के ईडी मिलिंद गदरे ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ᐸ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com





भिलाई शहर के लिए एक सुखद खबर है, सेक्टर 9 अस्पताल परिसर में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर का शुभारंभ महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त रोहित व्यास एवं बीएसपी के अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन मिलिंद गदरे ने किया। इसी के साथ ही भिलाई शहर में अब छः जेनेरिक मेडिकल स्टोर हो गये है। बीएसपी सेक्टर क्षेत्र में यह पहला धन्वंतरी मेडिकल स्टोर होगा। शुभारंभ के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। मेडिकल स्टोर्स का फीता काटकर शुभारंभ करने के पश्चात मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने किया और स्टोर्स के संचालको से दवाईयों के स्टॉक के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयासों से सेक्टर एरिया में भी धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवाइयों का लाभ लोगों को मिल पाएगा। सेक्टर 9 अस्पताल में बड़ी संख्या में नागरिक इलाज के लिए यहां आते है, सभी लोगों को इस मेडिकल से सस्ती दवा का लाभ मिलेगा। सेक्टर 9 अस्पताल परिसर में जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ होने के बाद अब भिलाई निगम क्षेत्र में धनवंतरी योजना के तहत कुल छः मेडिकल स्टोर हो गये है। अस्पताल में जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स खुलने से अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीज एवं परिजनों को दवाइयों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा तथा 66 प्रतिशत छुट के साथ दवाईयां उपलब्ध हो पाएगी।

## कलेक्टर ने कहा ज्यादा से ज्यादा लोगों से आवेदन लें

# मेगा रोजगार फेयर के लिए अब तक जिले से 5000 आवेदन सबमिट

- 9 विभिन्न सेक्टरों में 46 हजार रिक्तियों के लिए राजधानी रायपुर में हो रहा मेगा फेयर
- समीक्षा बैठक में विभागवार योजनाओं की ली समीक्षा

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में विभिन्न सेक्टरों में 46 हजार नियुक्तियों के लिए आयोजित होने वाले मेगा एंप्लायमेंट फेयर में अब तक 5 हजार से अधिक आवेदन दुर्ग जिले से आ चुके हैं। यह दुर्ग जिले के युवाओं के लिए भी बेहतर रोजगार अवसरों को प्राप्त करने का सुनहरा मौका है। युवाओं को इस संबंध में अधिक से अधिक जागरूक कराएं। अधिकारियों को यह निर्देश कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दिये। उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से और प्रशासनिक अमले के माध्यम से अधिकाधिक लोगों तक मेगा एंप्लायमेंट फेयर की जानकारी दी जा रही है। तेजी से लोग इसमें फार्म भर रहे हैं। समीक्षा बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई, अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, दुर्ग निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। 10 दिसंबर तक आवेदन भरने की अंतिम तिथि, लिंक पर क्लिक कर करें आवेदन- इस मेगा फेयर के लिए आवेदन करने लिंक पर क्लिक कर सकते हैं। आवेदन 10 दिसंबर तक किया जा सकता है। जो 9 सेक्टर चिन्हांकित किये गये हैं उनमें एपारेल, बैंकिंग एंड फाइनेंशियल, आईटी-आईटीईएस, हेल्थकेयर, टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी, लाजिस्टिक, मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल, सिक्युरिटी आदि शामिल है। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ और इसके बाहर भी नियुक्तियां मिल सकेंगी। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी रोजगार कार्यालय के राहुल ध्रुव के मोबाइल नंबर 83499-34093 तथा हरदेव खरे के मोबाइल नंबर 97136-50249 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन तुंहर द्वार के जिला स्तरीय शिविर हिर्री और औंधी में- कलेक्टर ने प्रशासन तुंहर द्वार अभियान के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले शिविरों में आ रहे आवेदनों के बारे में भी पूछा। धमधा ब्लाक के हिर्री में शिविर का आयोजन 8 दिसंबर तथा पाटन ब्लाक के औंधी में शिविर का आयोजन 9 दिसंबर को होना है। कलेक्टर ने कहा कि जो आवेदन अब तक इन शिविरों के लिए आये हैं उनका विधिवत निराकरण कर लें ताकि निराकरण के संबंध में मौके पर ही ग्रामीणों को जानकारी दी जा सके। 26 दिसंबर से ग्राम पंचायतों में लगाये जाएंगे हेल्थ कैंप, हेल्थ चेकअप भी होगा- कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भी विस्तार से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत भेजे जा रहे मोबाइल मेडिकल वैन से लाभ लेने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रति कैंप 81 लोग आ रहे हैं। उसी तरह हाट बाजार में 111 का औसत दर्ज किया जा रहा है। 26 दिसंबर से निकुम के सभी ग्राम पंचायतों में हेल्थ कैंप लगाये जा रहे हैं। इनमें हेल्थ चेकअप भी होगा और ग्रामीणों का हेल्थ कार्ड भी बनेगा।

# 15 जनवरी को राजेन्द्र पार्क में भव्य चौथा फ्लॉवर शो का होगा शानदार आयोजन

- राजेन्द्र पार्क में 15 जनवरी को होगा भव्य चौथा फ्लॉवर शो,बैठक में हुआ निर्णय

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शहर विधायक अरुण वोरा के मंशा के अनुरूप और महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देश पर पर्यावरण व उद्यानिकि विभाग प्रभारी सत्यवती वर्मा के अध्यक्षता में पर्यावरण समिति के सदस्यों के साथ बैठक ले कर राजेन्द्र पार्क में होने वाले प्रति वर्ष होने वाले भव्य आयोजन कार्यक्रम फ्लावर पर चर्चा की गई।इस विषय पर समितियों के सदस्यों ने निगम के राजेन्द्र पार्क में भव्य चौथा फ्लावर शो कार्यक्रम 15 जनवरी 2023 दिन के लिए अपनी सहमति दी गई। भव्य फ्लावर शो कार्यक्रम के लिए जल्द से जल्द निगम द्वारा चौथा भव्य फ्लावर शो कार्यक्रम आयोजन की तैयारीयों को लेकर महापौर धीरज बाकलीवाल के द्वारा निर्देश पर अधिकारियों के साथ योजना बनाई जाएगी। पर्यावरण समिति के बैठक में मौजूद। कविता तांडी, प्रेमलता साहू, हेमा शर्मा, निर्मला साहू, मीना सिंह पुष्पा गुलाब वर्मा, श्रद्धा वर्मा, उषा ठाकुर,सहायक अभियंता वीपी मिश्रा और पुषोतम साहू मौजूद रहे।

## क्रेडा जोनल एवं जिला कार्यालय भवन का स्थानांतरण एवं शुभारंभ

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण ऊर्जा विभाग का संभागीय एवं जिला कार्यालय दुर्ग जो कि पूर्व में पंडित मदन मोहन मालवीय स्कूल परिसर दीपक नगर दुर्ग में संचालित हो रहा था। उक्त परिसर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल संचालित होने के कारण क्रेडा के संभागीय एवं जिला कार्यालय को सिविल लाईन में मत्स्य विभाग द्वारा आबंटित भवन में संचालन हेतु जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर आवश्यकता मरम्मत एवं सुधार उपरांत स्थानांतरण हो गया है। क्रेडा के संभागीय एवं जिला कार्यालय दुर्ग का विजय साहू, सदस्य क्रेडा रायपुर द्वारा किया गया। आयुक्त महोदय द्वारा कार्यालय का अवलोकन एवं परिसर का भ्रमण किया गया ।

## संपादकीय

# इक्ज़िट पोल उम्मीद के अनुसार

**इक्ज़िट पोल** के नतीजों ने कोई आश्चर्यजनक अनुमान नहीं लगाया है और इनके अनुसार भाजपा व 'आप' विजेता होंगे, जबकि कांग्रेस की करारी हार होगी। गुजरात व हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों तथा दिल्ली में नगर निगम चुनाव के एक्जिट पोल उम्मीद के अनुसार हैं। अधिकांश रिपोर्टों तथा विशेषज्ञों की राय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में भाजपा अपनी संख्या बढ़ा कर 182 सीटों में 99 से अधिक पर विजय प्राप्त कर सकती है। यह उपलब्धि 27 साल के शासन के बाद सत्ता-विरोधी रुझान व मोरबी दुर्घटना में मीडिया द्वारा भाजपा की खिंचाई के बावजूद मिलेगी। गुजरात चुनाव के 9 एक्ज़िट पोल ने भाजपा को औसतन 132 सीट का अनुमान लगाया, जबकि कांग्रेस को 38 व आम आदमी पार्टी को आठ सीटें मिल सकती हैं। हिमाचल प्रदेश में भी जहां मतदाता हर पांच साल पर राज्य सरकार बदल देते हैं, भाजपा ने अपनी विजय के लिए कठोर परिश्रम किया है। एक वीडियो वाइरल हुआ जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री अपने एक विद्रोही उम्मीदवार को नाम वापस लेने के लिए समझाते दिख रहे हैं। हालांकि, एक्ज़िट पोल ने हिमाचल प्रदेश में 'कांटे की टक्कर' का अनुमान लगाया है, लेकिन 68 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में उन्होंने भाजपा को औसतन 35 तथा कांग्रेस को 30 सीटें दी हैं, जबकि उनके अनुमान से 'आप' का खाता भी नहीं खुलेगा। केवल आजतक-एक्सिस माई इंडिया ने कांग्रेस को 30-40 सीटों और भाजपा को 24-34 सीटों का अनुमान लगाया है। इस पोल से लगता है कि हिमालयी राज्य में देश की सबसे पुरानी पार्टी की सत्ता में वापसी हो सकती है। लेकिन जहां तक एमसीडी चुनाव का सवाल है, सभी चार एक्ज़िट पोल ने 'आप' को अच्छे बहुमत तथा औसतन 154 सीटों का अनुमान लगाया है, जबकि उन्होंने भाजपा को 84 तथा कांग्रेस को 6 सीटें दी हैं।

यदि एक्ज़िट पोल मोटेतौर से सही सिद्ध होते हैं तो वे कुछ तथ्य उजागर करते हैं। पहला, भाजपा की चुनाव मशीनरी का कोई मुकाबला नहीं है। भाजपा-विरोधी भले ही आरोप लगाएं कि उसने भारी मात्रा में पैसा एकत्र किया है तथा वह अपने चुनावी उद्देश्य पूरा करने के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो व प्रवर्तन निदेशालय जैसी कानून-व्यवस्था एजेंसियों का दुरुपयोग करती है, लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उसके तथा आरएसएस के कार्यकर्ता किसी भी चुनाव में घोर परिश्रम करते हैं। वे कोई भी चीज संयोग पर नहीं छोड़ते हैं, मोरबी दुर्घटना या कहीं भी विद्रोही उम्मीदवार मैदान में उतरने से निराश नहीं होते हैं और अपने प्रयास पूरी ताकत से जारी रखते हैं। दूसरी ओर कांग्रेस में जैसे इच्छाशक्ति और क्षमता या दोनों चीजें मर गई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के मुकाबले आज कांग्रेस के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। राहुल गांधी देश जोड़ने में व्यस्त हैं, जबकि उनकी अपनी पार्टी बिखर रही है। हालांकि, उनकी बहन प्रियंका गांधी ने हिमाचल में काम किया, लेकिन यह पार्टी नेताओं की इच्छाओं के अनुरूप नहीं था। एक समय कांग्रेस हिमाचल में विजय आसान मानती थी, पर बाद में वह विवादों में घिर गई। इन परिस्थितियों में 'आप' एमसीडी चुनावों में विजेता दिख रही है। पिछले 15 साल से भाजपा का इस पर शासन रहा है, कुछ समय पहले तक दिल्ली में तीन नगर निगम थे जिनको मिला कर एक कर दिया गया है। हालांकि, भाजपा ने एमसीडी चुनाव जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी, चुनाव प्रचार अभियान हाई-प्रोफाइल था और आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता सत्येन्द्र जैन के कई विवादास्पद टेप भी सामने आए थे, लेकिन शायद उसे इसका लाभ नहीं मिला। वैसे भी दो राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी का शानदार प्रदर्शन इस नुकसान की भरपाई कर देता है, लेकिन कांग्रेस को सांत्वना देने के लिए कुछ नहीं है।

# भारत के अनाम नायकों की स्मृति

## 6 दिसंबर को देश ने बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्य तिथि पर उनको याद किया। यह अवसर भारत के अनाम नायकों की स्मृति का भी है।



**अरुण राम मेघवाल**
(लेखक, संस्कृति व संसदीय मामलों के राज्य मंत्री हैं।)



**छियत्तरवें** स्वतंत्रता दिवस के सवेरे ने जिस युग का प्रारम्भ किया है उसे 'अमृत काल' कहा जाता है। ब्रिटिश राज के खिलाफ अनेकानेक संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता मिली जो असंख्य अनाम नायकों के बलिदानों का भी परिणाम थी। इस महान गाथा में 75वीं वर्षगांठ मनाने का नाम अमृत महोत्सव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' की कल्पना स्वतंत्र भारत की 75 साल की यात्रा को ध्यान में रख कर की है। आजादी के अमृत महोत्सव में जनता की लगातार बढ़ती सहभागिता से इस आयोजन में अनेक चीजें जोड़ी हैं जिससे मूल्य-संचालित भारत की राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक प्रगति और तेज होगी।

स्वतंत्र भारत के जन्म के बाद इतिहास के पन्नों में जाने अनजाने कुछ विशेष विचारों व आदर्शों को अनदेखा किया गया, जबकि उन्होंने ऐसे भारत की नीव डाली जिसमें हम आज सांस ले रहे हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं व पक्षपात के कारण अनेक राष्ट्रनिर्माताओं का योगदान अस्वीकार कर दिया गया। इस प्रकार का अपारदर्शी आदर्शवाद भले ही तत्कालीन निर्णय लेने वालों के अल्पकालीन एजेंडे की पूर्ति करता रहा हो, पर इसने दीर्घकालीन रूप से अनेक लोगों को भावनात्मक चोट पहुंचाने का काम किया।

ऐसे ही एक सबसे कद्दावर राष्ट्रनिर्माता डा. भीमराव अंबेडकर थे जिनको बाद की सरकारों ने समग्र रूप से स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अंबेडकर के योगदान तथा उनके शुभचिन्तकों व अनुयाइयों में उनके प्रति व्याप्त भावनाओं की अनदेखी की। यह स्पष्ट तथ्य है कि उनके निधन के 34 साल बाद बाबा साहेब को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया और यही स्थिति केन्द्रीय हाल में उनका चित्र लगने को लेकर थी, जबकि उन्होंने भारत का संविधान तैयार किया था। केन्द्रीय हाल में अंबेडकर का चित्र नए उभरते स्वतंत्र भारत में सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक न्याय का प्रतीक है।


प्रत्येक अंबेडकरवादी के लिए संसद के केन्द्रीय हाल में उनका आदमकद चित्र एक हार्दिक भावना का प्रतिनिधित्व करता है। सरसरी तौर से रिकार्ड देखने पर पता चलता है कि उस समय क्या दुःखद घटनायें घट रही थीं। डा. अंबेडकर ने 6 दिसंबर, 1956 को अंतिम सांस ली और उसके बाद से ही सेंट्रल हाल में उनका चित्र लगाने की मांग उनके अनुयायी करते रहे। लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने डा. अंबेडकर का चित्र लगवाने से इनकार किया और उनके बजाय मोतीलाल नेहरू का चित्र 30 मार्च, 1957 को लगाया गया। जवाहरलाल नेहरू के इरादे और उनमें गहराई तक बैठा श्रेष्ठता का भाव 23 जुलाई, 1957 को प्रांतीय जाटव सभा, ग्वालियर द्वारा अंबेडकर का चित्र लगाने की मांग पर उनके बयान से स्पष्ट होता है।

नेहरू ने कहा था, 'जहां तक अंबेडकर के चित्र का सवाल है, मुझे उसे पुस्तकालय या किसी अन्य स्थान पर लगाने में कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते की वह तुलनात्मक रूप से छोटा और अच्छा हो।' बाद में यही मांग 26 अगस्त, 1965 को तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू पोट्रेट पार्लियामेंटरी कमेटी ने खारिज कर दी थी और इसके लिए सेंट्रल हाल में जगह की कमी को बहाना बनाया गया था। विडंबना है कि जगह की कमी की यही बात 5 मई, 1966 को उस समय भी आई जब केन्द्रीय हाल में पंडित जवाहरलाल नेहरू का पोट्रेट लगाया गया। उस समय देश डा. अंबेडकर की 75वीं जन्म जयंती मना रहा था। केन्द्रीय हाल में चित्र लगाने की इस मांग के बदले 15 पैसे का स्मारक सिक्का जारी किया गया। डा. अंबेडकर के अनुयाइयों की इस मांग के प्रति कांग्रेस सरकार की संवेदनहीनता के नतीजे में मांग और तेज हो गई। इस प्रमुख विचार से अलग हटते हुए डा. बाबा साहेब मेमोरियल कमेटी से प्राप्त अंबेडकर की कांसे की मूर्ति 2 अप्रैल, 1967 को आयरन गेट नं. 3 पर लगाई गई। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मूर्ति अनावरण समारोह में भाग नहीं लिया था। 19 नवंबर, 1987 को इंदिरा गांधी का चित्र सेंट्रल हाल में लगाया गया। इस चरण पर फिर बाबा साहेब का चित्र लगाने की मांग ने जोर पकड़ लिया। बड़ी संख्या में दलित सांसदों ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी का ध्यान बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित करने और उनका चित्र केन्द्रीय हाल में लगाने की ओर आकर्षित किया। इस दबाव में राजीव गांधी सरकार ने पोट्रेट लगाने की अनुमति दी और तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने केन्द्रीय हाल में 9 अगस्त, 1989 को बाबा साहेब का चित्र लगवाय जो अंबेडकर विचार मंच से दान में प्राप्त हुआ था। इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया कि यह कदम पसंद के बजाय दबाव के कारण था। यह जान कर और दुःख होता है कि कांग्रेस नेताओं के दबाव में डा. अंबेडकर का चित्र वहां से हटा लिया गया। इस चित्र को केन्द्रीय हाल से हटा कर संसद के संग्रहालय में अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ लगाया गया। इस पूरे प्रकरण से बाबा साहेब के अनुयाइयों व प्रशंसकों को गहरा धक्का लगा। अनेक अंबेडकरवादी संगठनों व दलित सांसदों ने कांग्रेस सरकार के इस अशोभनीय कृत्य का विरोध किया। विपक्ष के मुखर स्वर के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने बाबा साहेब के चित्र के बारे में हो रही यह सारी राजनीति देखी।

व्यापक रूप से माना जाता था कि केन्द्रीय हाल में केवल उसी व्यक्ति का चित्र लग सकता है जिसका चित्र या मूर्ति पहले से पार्लियामेंट इस्टेट में न लगा हो, लेकिन नेहरू परिवार तथा बाद की कांग्रेस सरकारों ने इसका घोर उल्लंघन किया। विडंबना है कि अपवादों के बावजूद केन्द्रीय हाल में बाबा साहेब का चित्र लगाने के मामले में यही तर्क दिए गए। आश्चर्यजनक रूप से डा. अंबेडकर के अनेक समर्थक कांग्रेस-नीत व्यवस्था की इस लंबे समय से चल रही संवेदनहीनता पर खामोश रहे। 1989 में जब बाहर से भाजपा द्वारा समर्थित वीपी सिंह सरकार सत्ता में आई तब अटल बिहारी वाजपेयी ने लंबे समय से व्याप्त यह समस्या हल करने की ओर कदम बढ़ाए। उस समय लिए निर्णय से अंबेडकरवादियों की आकांक्षाओं के अंधेरे जीवन में उजाले की किरण आई और डा. अंबेडकर का चित्र केन्द्रीय हाल में फिर लगाया गया। प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने 12 अप्रैल, 1990 को बाबा साहेब के आदमकद चित्र का अनावरण किया जिसे कलाकार जेबा अमरोहवी ने बनाया था तथा उसे 'डा. बीआर अंबेडकर विचार मंच' ने दान दिया था। यह कार्यक्रम अंबेडकर की जन्म जयंती के शताब्दी समारोह के अंतर्गत हुआ था। पुरानी सरकारों द्वारा राष्ट्रनायक अंबेडकर व उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति व्यक्त पूर्वाग्रह व संवेदनहीनता से हमें उस समय के इतिहास को बहु-प्रतीक्षित रूप से सही करने की आवश्यकता उजागर होती है। समाज के दलित-वंचित तबकों की आकांक्षाओं के प्रति की गई अनदेखी और संवेदनहीनता के कटु यथार्थ को सामने लाना बहुत बड़ा काम है। प्रतीक के रूप में अज्ञात लोगों के प्रयासों व बलिदानों को समुचित रूप से प्रस्तुत करने पर अतीत की बेहतर समझ विकसित होगी तथा भावी पीढ़ियों के समक्ष तार्किक चिंतन के नए आयाम खुलेंगे।

वर्तमान समय में जारी 'आजादी का अमृत महोत्सव' मोदी सरकार की एक उचित पहल है। इससे हमें उन महान आत्माओं व सभी पक्षों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर मिलता है जिनके असाधारण प्रयासों को दर्ज नहीं किया गया। इससे हम जनता की महत्वाकांक्षायें पूरी करने के मामले में अटूट व अडिग रूप से आगे बढ़ सकेंगे तथा उनकी पूरी क्षमता विकसित कर सकेंगे। यह भावी पीढ़ियों को मूल्य-संचालित भारत बनाने की यात्रा है। इस समारोही आयोजन ने हमें एक बार फिर व्यापक पैमाने पर स्वतंत्रता की भावना जीने का अवसर दिया है। बाबा साहेब की पुण्य तिथि के अवसर पर हमें इस आयोजन का लाभ उठाते हुए भारत के अनाम नायकों को पहचान देने तथा उनके अनाम योगदान को सामने लाने के प्रयास करने चाहिए। हमें उनके बारे में वे जानकारियां सामने लानी चाहिए जिनका अब तक किसी को पता नहीं है। 'अमृत महोत्सव' की भावना को पूरे देश में हर व्यक्ति तक पहुंचाना और उसे नई ऊंचाइयों तक ले जाना होगा।

# डिजिटल इंडिया के लिए डिजिटल शिक्षा



**साक्षी सेठी**
(लेखिका शिक्षक हैं)



**प्रौद्योगिकी** हमारी दुनिया के प्रमुख शब्दों में से एक है, फिर भी यह कुलीन और व्यवस्थित ज्ञान के सबसे भ्रमित रूपों में से एक है। 20वीं शताब्दी के बाद से इस शब्द का प्रयोग बहुत बदल गया है, और समय के साथ इसका विकास जारी है, जिससे न केवल व्यावसायिक उद्यमों और व्यक्तियों की उत्पादकता में सुधार करने में मदद मिली है बल्कि इसने मानव सभ्यता के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि प्रौद्योगिकी ने कई परिचालन क्षेत्रों में क्रांति लाई है - चाहे वह गैजेट्स हों या संचार के तेज साधन या यहां तक कि शिक्षा क्षेत्र भी। कोविड-19 महामारी के प्रकोप के परिणामस्वरूप पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में जबरदस्त बदलाव आया है, जिसमें ऑनलाइन कक्षाओं की अवधारणा और लैपटॉप के उपयोग ने कक्षाओं में और किताबों के माध्यम से पढ़ाने के पारंपरिक तरीके को बदल दिया है। भारत में डिजिटल शिक्षा जो महामारी के दौरान देश में छात्रों के लिए सीखने का एकमात्र स्रोत था। आज, एक बटन के क्लिक के साथ, छात्रों के पास दुनिया भर में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण जानकारी तक तत्काल पहुंच और विशेषाधिकार है। वे व्यावहारिक और तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। अभिनव ऑडियो-वीडियो सुविधाएं उनके संज्ञानात्मक स्तर को बढ़ा सकती हैं, अध्ययन सामग्री को भविष्य के संदर्भ के लिए डाउनलोड और सहेजा जा सकता है। शिक्षक भी इलेक्ट्रॉनिक (ई) कक्षाओं के माध्यम से छात्रों के साथ तालमेल कर सकते हैं और ज्ञान प्रदान कर सकते हैं और अपने विचारों और संसाधनों को साझा कर सकते हैं और अपने विभिन्न परियोजना कार्य, अनुसंधान आदि के लिए इंटरनेट पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। यह अक्सर कहा जाता है, कि प्रौद्योगिकी पंख बन जाएगी जो शैक्षिक दुनिया को पहले से कहीं अधिक तेजी से उड़ान भरने का अवसर देगी। ऑनलाइन शिक्षा ने शिक्षा संबंधी हमारी धारणा को बदल दिया है, समय के साथ शिक्षा क्षेत्र में सुधार हुआ है और हमारे जीवन में आराम का कारक जुड़ गया है। भारत सरकार ने समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित छात्रों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से अपने शिक्षा अभियान के हिस्से के रूप में कई पहलकदमियों की घोषणा की है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) ने आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम के तहत पीएम ई-विद्या के हिस्से के रूप में ज्ञान साझा करने के लिए एसएचए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की शुरुआत की, जो 'वन नेशन, वन डिजिटल प्लेटफॉर्म' है जिसका उद्देश्य शिक्षा के प्रति ऑनलाइन, डिजिटल और ऑन-एयर शैक्षिक माध्यम जैसे प्रयासों को एक साथ लाना है। यह भारत भर के स्कूलों के लिए एक राष्ट्रीय मंच है, जिसमें शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी और पाठ्यक्रम शामिल हैं। इसी तरह, इस मंच के तहत विद्यादान, स्वयं, ई-पाठशाला, शिक्षा वाणी और कई अन्य प्रौद्योगिकी आधारित पहलों ने देश के लोगों के जीवन में एक बड़ा बदलाव लाया है। सरकार की ये पहलकदमियां शैक्षिक संसाधनों का शक्तिशाली भंडार हैं जिन्हें छात्रों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और अभिभावकों द्वारा अपनी सुविधा अनुसार कभी भी एक्सेस किया जा सकता है। इन पोर्टल्स के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि ये उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं और विभिन्न भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू और संस्कृत में उपलब्ध हैं, जो उन्हें ज्ञान का पावरहाउस बनाते हैं जो अखिल भारतीय आधार पर उपयोगी है क्योंकि विभिन्न भाषाओं को बोलने वाले लोग उनका उपयोग कर सकते हैं और सुधार कर सकते हैं। सूचित और बेहतर इंसान बनने के लिए उनकी सीख और क्षमताएं। उपयोगकर्ता इन पोर्टलों/प्लेटफार्मों से प्रासंगिक शैक्षिक सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं और बाद में अपनी सुविधा के अनुसार उनका उपयोग कर सकते हैं। रेडियो के माध्यम से प्रसारण दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने में भी मदद करता है। सांकेतिक भाषा के साथ डीटीएच चैनल - डेजी बधिर छात्रों के लिए भी उपलब्ध है। शिक्षा के क्षेत्र में इन नवीनतम तकनीकी बदलावों ने भारत को एक उच्च पायदान पर खड़ा कर दिया है। भारत वैश्विक शिक्षा उद्योग मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आने वाले वर्षों में इसके सबसे बड़े वैश्विक प्रतिभा प्रदाताओं में से एक बनने की उम्मीद है। हालांकि, यह सुनिश्चित करना समय की मांग है कि हमारे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। हमारे पाठ्यक्रम को कौशल-केंद्रित, अधिक वैयक्तिकृत और अद्यतित होने की आवश्यकता है। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से डिजिटल चपलता समय की मांग है। डिजिटल शिक्षा को सफल बनाने के लिए शिक्षकों को पर्याप्त और कुशल प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे शिक्षा के इन नए युग के तरीकों में सहज हो सकें। यह, अच्छी तरह से सुसज्जित बुनियादी ढांचे और इंटरनेट कनेक्शन के साथ देश के दूरस्थ क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि शिक्षा के इस तरीके का सही लाभ प्राप्त किया जा सके। समाज के कमजोर वर्गों के लिए सस्ती कीमत पर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और तकनीक उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिससे डिजिटल लर्निंग लागत प्रभावी हो और सभी को समान अवसर मिले। इस विधा के माध्यम से, शिक्षार्थी और शिक्षक के बीच शिक्षण को अधिक संवादात्मक और आकर्षक बनाया जा सकता है। डिजिटल शिक्षा भारत की विशाल सांस्कृतिक और भाषा विविधता को संबोधित करने में अत्यधिक मदद करेगी। भारत शिक्षा के डिजिटलीकरण के लाभों को प्राप्त करने के लिए अनुकूल स्थिति में है जो हम 'कैसे और क्या' सीखते हैं, उसे बदल सकता है और निश्चित रूप से निकट भविष्य में शिक्षक और छात्र के बीच के संवादात्मक अंतर को पाटने में मदद करेगा। हालांकि, उपयोगी होने के लिए, डिजिटल शिक्षा को शारीरिक शिक्षा के पारंपरिक तरीके का पूरक होना चाहिए और इसकी कीमत पर नहीं होना चाहिए। शारीरिक शिक्षा के लाभों को कम नहीं आंका जा सकता क्योंकि व्यक्तिगत स्पर्श और बातचीत भी बच्चों के विकास में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इन दोनों विधाओं को एक दूसरे का पूरक होना चाहिए। तभी देश छात्रों की शिक्षण क्षमता में नाटकीय रूप से सुधार करके और भारत को गौरव के पथ पर ले जाकर डिजिटल शिक्षा का सही लाभ उठा पाएगा।

## फरमाया



जी20 की अध्यक्षता पूरे देश की है। इससे हमें अपनी संस्कृति प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।
**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



मैंने संविधान नहीं पढ़ा है, लेकिन मुझे बताया गया है कि यह कागज की बरबादी है।
**- डोनाल्ड ट्रंप**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



संविधान किसी भी राष्ट्रपति से बड़ा है।
**- इलोन मस्क**
ट्विटर प्रमुख

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## बाबरी पर विलाप

**कुछ** लोग सोशल मीडिया में 6 दिसम्बर को काला दिवस कह रहे हैं। यह वही तारीख है जब राम मंदिर आंदोलन के चलते कारसेवकों ने बाबरी मस्जिद को जमींदोज कर दिया था। इस मस्जिद को मुग़ल आक्रांता एवं लुटेरे बाबर ने मंदिर को तोड़कर बनवाया था, और भारतीय समाज के मनोबल को तोड़ने के लिए देश के आराध्य की जन्मभूमि पर अतिक्रमण कर मस्जिद निर्माण किया था। हालांकि लगभग तीस वर्ष तक पक्ष, विपक्ष अपने दावे और प्रमाण पेश करते रहे और वैज्ञानिक परिक्षण में मस्जिद के नीचे की भूमि में मंदिर के प्रमाण मिले, न्यायालय ने लम्बी सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर फैंसला किया जो कि सर्वमान्य होना चाहिए। न्यायालय के आदेश पर संदेह और विदेशी आक्रमणकारी बाबर का समर्थन करते लोगों को शर्म आनी चाहिए और तथ्यों का ध्यान रखते हुए हिन्दू पक्ष की भावनाओं की कद्र करनी चाहिएए क्योंकि मुग़लकाल में मंदिर तोड़कर जब मस्जिद निर्माण हो रहा होगा तो अपने आराध्य का अपमान देखकर कितना दुखी हुआ होगा समाज। इस पर भी ध्यान देना चाहिए और बाबरी एक़ अतिक्रमण सिद्ध हो चुका है अतः तर्क-वितर्क का कोई औचित्य नहीं है।

**-मनोज**, मेरठ

## फिल्मों की जरूरत

**ब्लैक एंड वाइट** की फिल्में बिना इफेक्ट की होती थी। जिनमें अभिनय करने वाले अभिनय में जान डाल देते थे। मधुर संगीत, शूटिंग स्थल, पारंपरिक नृत्य, गीत के बोल जो आज भी पसंद किए जाते है। इसी को मद्देनजर पुरानी हिट फिल्मों को कलर में भी किया गया। निर्देशन बहुत ही शानदार रहता था। धीरे धीरे विदेशों से स्पेशल इफेक्ट, थ्रीडी, आदि का प्रयोग कर दर्शकों को बांधने की कोशिश की गयी। इन प्रयोगों से कुछ ही फिल्में जिनकी लागत करोड़ो में थी ही हिट हो पाई। महज गानों, फिल्मांकन से सफलता की अपेक्षा की जाती।पुराने जमाने मे फ़िल्म की कहानी ही फ़िल्म का मुख्य आधार रहती थी। दर्शक मंत्र मुग्ध होकर फिल्म की कहानी का आनन्द लेते थे। उस समय चलचित्र एक मात्र मनोरंजन का साधन था। अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में चयनित हुई फिल्मों का दूरदर्शन पर प्रसारण किया जाना चाहिए, ताकि दर्शक राष्ट्र की संस्कृति एवं ज्ञानार्जन में उपयोगी पटकथाओं, फिल्मांकन एवं अभिनय की नवीन विचारधाराओं से परिचित हो सकें। ये फ़िल्में मन को प्रभावित करने वाली होती हैं।

**-संजय वर्मा**, मनावर

## संसद से उम्मीद

**संसद** का महत्वपूर्ण सत्र शुरू हो रहा है और निसंदेह विपक्ष को सत्ता पक्ष को घेरना चाहिए और गंभीर मुद्दों पर चर्चा करके उनका समाधान ढूंढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। लेकिन ऐसा न हो कि इस प्रक्रिया में वाक आउट होते रहें और सत्र में जरूरी विषय और बिल पर चर्चा ही न हो पाए जैसा कि हमने पिछले कुछ सत्रों में देखा है। ऐसे में सरकार का भी कर्त्तव्य बनता है की वह न केवल जरूरी बिल प्रस्तुत करके उनपर खुले दिल से विपक्ष के साथ चर्चा करे बल्कि विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देकर उनको संतुष्ट करने की पूरी-पूरी कोशिश करे और सही माहौल में शीतकालीन सत्र चले। हंगामे और शोरशराबे की भेंट एक और सत्र न चढ़ जाए उसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को साथ मिलकर कार्य करना होगा। जनता को संसद और अपने सांसदों से बहुत उम्मीद होती है। यह उम्मीद पूरी न होने पर मतदान में उनकी दिलचस्पी समाप्त होने लगती है। हालिया चुनावों में गिरते मतदान से सभी पार्टियों के राजनेताओं को सतर्क होकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करने पर ध्यान देना चाहिए।

**-बाल गोविंद**, नोएडा

# छत्तीसगढ़ में चल रहा भूपेश का जादू 21 हजार से अधिक मतों की अंतर से जीती सावित्री : कोसमा

## उपचुनाव के परिणाम ने दिया संकेत : बस्तर कांग्रेस के साथ

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




भानुप्रतापपुर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की भारी मतों से जीत ने यह संकेत दे दिए हैं कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल का जादू चल रहा है और राज्य की जनता मुख्यमंत्री की नीतियों पर कायल है। भानुप्रतापपुर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी की प्रचंड मतों से जीत को ऐतिहासिक बताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के महामंत्री रतीराम कोसमा ने कहा कि पूरे चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेता नकारात्मक लाइन पर प्रचार करते रहे।

विकास और जनता के हित में चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा से बचते और मुंह छिपाते रहे। प्रदेश सरकार के मंत्री तथा बस्तर के जन प्रिय नेता कवासी लखमा के खिलाफ कतिपय भाजपा नेताओं की टिप्पणी को जनता ने पसंद नहीं किया।

स्थानीय जनता ने भाजपा को फिर एक बार खारिज कर दिया है जिसके लिए वह बधाई की पात्र है। प्रदेश में 15 साल तक शासन करने वाली भाजपा की किसान विरोधी, कर्मचारी विरोधी, महिला विरोधी और जन विरोधी नीतियों का परिणाम उपचुनाव में देखने को मिला है। जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सर्व समाजों व वर्गों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं की सराहना करने के साथ उन पर अपने भरोसे की मुहर भी लगा रही है। भाजपा के शासनकाल में किसान ठगे गए जबकि अब उन्हें धान का समर्थन मूल्य 2600 रुपए मिल रहा है। बेरोजगार युवकों से जहां परीक्षा फीस के नाम पर मनमानी रकम वसूली जाती थी, वहीं कांग्रेस सरकार ने पूरी तरह से छूट दी है। कोरोना काल में जब भाजपा के नेता अपने घरों में दुबके हुए थे तब मुख्यमंत्री कांग्रेस जनों के साथ पीड़ित जनता की मदद के लिए मैदान में थे। ऐसे सैकड़ों कामों ने जनता में कांग्रेस व मुख्यमंत्री का भरोसा बढ़ाया है जो आगामी विधानसभा चुनाव में भी नजर आएंगे।

कांग्रेस नेता कोसमा ने कहा है कि विधानसभा के अगले चुनाव में भी कांग्रेस प्रदेश की सभी सीटों को जीतने के साथ प्रदेश में फिर एक बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बड़ी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इस चुनाव में कांकेर जिला के प्रभारी मंत्री अनिला भेड़िया की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही भेड़िया के नेतृत्व में डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ बालोद जिला के भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूरे तन मन धन के साथ भानुप्रतापपुर के विभिन्न क्षेत्रों में डटकर प्रचार प्रसार का जिम्मा लेकर जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

## खेलों से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है: चोवा साहू

**कवर्धा।** बोड़ला विकासखण्ड स्थित ग्राम पंचायत सरेखा के आश्रित ग्राम मन्नाबेदी में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी एवं कृषि उपज मंडी कवर्धा के उपाध्यक्ष चोवा साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की एवं उपथित लोगों को संबोधित किया। साहू ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, संवेगात्मक विकास, सामाजिक विकास एवम् नैतिक विकास को बढ़ावा मिलता है किन्तु अभिभावकों की खेल के प्रति नकारात्मक अभिवृत्ति एवम् क्रियाकलाप ने बुरी तरह प्रभावित किया हैं। अतः यह अनिवार्य है कि शिक्षक और माता-पिता खेल के महत्व को समझें। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में अनेक योजनाओं के माध्यम से खेल के प्रति आकर्षण कर बच्चों के शरीरिक एवं मानसिक विकास में सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में हमें भी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए एवं कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

# जिले में धान उपार्जन कार्य निर्बाध रूप से जारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में खरीफ वर्ष 2022 में धान का उपार्जन तीव्र गति से की जा रही है। अभी तक 126 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 75621 कृषकों से समर्थन मूल्य पर 306823 मि. टन धान, राशि 626.29 करोड़ रूपये की खरीदी की गई है। जो कि कुल लक्ष्य 67 लाख मि.टन का 46 प्रतिशत है। सर्वाधिक खरीदी धान उपार्जन केन्द्र कंतेली में 41324 क्विं, पेण्ड्रीतराई में 38073 क्विं, बिटकुली में 37918 क्विं, झाल में 37706 क्विं, नवागढ़ में 37524 क्विं, पुटपुरा में 36930 क्विं, नांदघाट में 36320 क्विं, चंदनू में 35454 क्विं, मऊ में 35252 क्विं, देवरबीजा में 34719 क्विं, सल्धा 34576 क्विं, सम्बलपुर में 34492 क्विं, डंगनिया 34340 क्विं की खरीदी की गई है। समितियों के द्वारा धान की सुरक्षा हेतु पर्याप्त मात्रा में ड्रेनेज एवं तालपतरी की व्यवस्था की गई है। मौसम को देखते हुए धान को ढंककर रखा गया है।

**धान का उठावः-** समितियों में धान का उठाव बेमेतरा जिले के मिलरों के अतिरिक्त दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर के मिलरों से कराया जा रहा है। अभी तक मिलरों को 234680 मिं टन के उठाव हेतु डी.ओ. जारी किया गया है, जिसमें से उनके द्वारा 164324 मि. टन का उठाव किया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 142498 क्वि ं धान का उठाव करना शेष है। समितियों में धान जाम की स्थिति ना रहे इसके लिए कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला के द्वारा लगातार निगरानी किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को धान के उठाव पर विशेष प्रयास करने निर्देश दिए है। मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होनें समिति प्रबंधकों को धान को तालपतरी से ढंककर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए है। वे स्वयं उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर धान उपार्जन का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित कर रहें है, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या ना होने पाये।

### कृषकों में धान खरीदी की व्यवस्था से हर्ष का माहौल

अभी तक 64320 कृषकों को 536.37 करोड़ रूपये आनलाईन भुगतान की पुष्टि हो गयी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 19 शाखाओं में किसानों को भुगतान हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है। किसी भी शाखा में भुगतान के लिए भीड़ की स्थिति निर्मित नही हुई है। कृषकों से 204.42 करोड़ की लिंकिंग वसूली की गई है। कुल पंजीकृत 155517 कृषकों में सें 50 प्रतिशत किसानों ने अपने धान का विक्रय कर लिया है। मोबाइल एप 'टोकन तुहंर हाथ' के माध्यम से प्रतिदिन 2000 से अधिक किसान टोकन प्राप्त कर रहें है। इससे उनमें हर्ष व्याप्त है। ग्राम बैजी के कृषक एवं समिति के प्राधिकृत बहल राम वर्मा ने बताया कि मोबाइल से घर बैठे टोकन प्राप्त करने की सुविधा किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है, वे बिना किसी मशक्कत के टोकन प्राप्त कर रहें है। उन्होंने बताया कि टोकन के लिए पूर्व वर्षों की भांति समितियों के चक्क र नही लगाने पड़ रहें है। समितियों में भी टोकन के लिए भीड़ नही है इससे कर्मचारी भी खुश है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में बारदाना प्रदाय किया जा रहा है। किसी भी केन्द्र में बारदाने की समस्या नही है।

## बंजारा समाज को भवन के लिए 15 लाख की घोषणा

**भंवरपुर।** भेंट मुलाकात कार्यक्रम में भंवरपुर पंहुचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बंजारा समाज फुलझर परिक्षेत्र को 15 लाख रूपये सामुदायिक भवन हेतु घोषणा की जिससे बंजारा समाज में खुशी का लहर है। बंजारा समाज के पदाधिकारीयों ने कहा कि फुलझर क्षेत्र के संचालक एवं पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के सदस्य मोहन बंजारा तथा फुलझर क्षेत्र के सचिव गौतम बंजारा, सक्रिय समाज सेवक दिनेश बंजारा, भागीरथी नायक अध्यक्ष फुलझर सहित फुलझर क्षेत्र के समाज सेवकों के अथक प्रयास से समाज को 15 लाख का सौगात मिलना बड़ी खुशी की बात है। इसके लिए समाज द्वारा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। और कहा कि समाज के पदाधिकारियों की अथक प्रयास आज रंग लाया जो कार्य आज समाज के विकास हेतु किया जा रहा है आगे सभी के लिए सुविधा के लिए होगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर प्राथमिक स्कूल में आयोजित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नवागढ़ स्थित शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ मे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विशेष शिविर लगाकर स्वच्छता कार्य किया जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला तिलका पारा नवागढ़ में शिविर आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना करने के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने विद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर भीतर के मैदानों में स्वच्छता कार्य किया एवं नन्हे-मुन्ने बालकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की भी सलाह दिए व अपने आसपास को भी स्वच्छता बनाए रखने की अपील की मौके पर उपस्थित स्थानीय विद्यालय के प्रधान पाठक हितेंद्र बंजारे, इंद्राणी हिरवानी, मंजू भारद्वाज, किशन कुमार, होली राम ध्रुव,मेघराज विश्वकर्मा, रुकमणी आदि स्टाफ के लोग मौजूद रहे सभी ने सराहनीय कार्य की प्रशंसा की जिसमें स्वयंसेवकों भी बड़ी संख्या में शामिल रहे जिसमें मुख्य रुप से राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी निर्मल कुमार राष्ट्रीय सेवा योजना के महाविद्यालय अध्यक्ष परमेश्वर पात्रे, शिखा गेडाम, नरेंद्र राजपूत, गजेंद्र राजपूत, आशीष राजपूत, प्रिया कोसले, साक्षी, भानुप्रिया, मानसी शर्मा, नैना, लीना चेलक, विश्वराज बघेल, मनोज साहू, साहिल कुर्रे जनविजय, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे अंत में परमेश्वर पात्रे ने बताया आगे पुनः इसी प्रकार सरकारी संस्थाओं में शिविर लगाकर स्वच्छता कार्य करते रहेंगे।

# गुजरात चुनाव में भाजपा की जीत पर आतिशबाजी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



गुजरात विधानसभा चुनाव के परिणाम आये जिसमें भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत 150 से भी अधिक सीटों पर बम्भर बहुमत के साथ जीत कर सरकार बना रही है लगातार 27 सालों से भाजपा का कमल गुजरात में खिलता आ रहा है।

फिर एक बार भाजपा ने 54% वोट प्रतिशत से भारी बढ़त के साथ पुनः सरकार बना रही है इससे ये साबित होता है कि पहले भी गुजरात मोदी जी का था आज भी गुजरात मोदी का है पूरे देश मे गुजरात की जीत का जश्न भाजपा के नेता कार्यकर्ता मना रहे उसी कड़ी में बेमेतरा पुराना बस स्टैंड घड़ी चौक में भाजपा कार्यकताओं ने गुजरात के ऐतिहासिक जीत पर फटाका फोड़ कर मुहँ मीठा कर जश्न मनाये जिसमे विशेष रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, राजा पांडेय, मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, विकास तम्बोली जिला संयोजक एनजीओ प्रकोष्ट, देवादस चतुवेदी जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, दीपेश साहू जिलाध्यक्ष पिछड़ावर्ग मोर्चा, होरीलाल सिन्हा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, रोहित साहू जिलामहामंत्री किसान मोर्चा, राजेश दीवान जिला संयोजक व्यवसायी प्रकोष्ठ, रामानंद त्रिपाठी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, मण्डल महामंत्री संतोष वर्मा युगल देवांगन, धर्मेंद्र साहू अध्यक्ष युवा मोर्चा, तुषार साहू महामंत्री युवा मोर्चा शहर मण्डल, अमरीका निर्मलकर, शत्रुहन निषाद पार्षद, गोपी देवांगन ओम सलूजा जगदीश संजय निषाद सहिंत अन्य कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई प्रारंभ हुआ



**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में आज जिले के ग्राम करकाभाट में स्थित मां दंतेश्वरी मैय्या सहकारी शक्कर कारखाना में दोपहर 2.30 बजे से गन्ना पेराई कर 14वां पेराई सीजन प्रारंभ किया गया। दंतेश्वरी मैय्या सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक राठिया ने बताया कि इस सीजन में कारखाने के कार्यक्षेत्र में 1148 कृषकों का 1170 हेक्टेयर गन्ना रकबा आरक्षित है। 7 दिसंबर तक 53 कृषकों से 4333 क्विंटल गन्ना खरीदी की जा चुकी है। इस सत्र पेराई हेतु लगभग 65000 मीट्रिक टन गन्ना आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कारखाना आने वाले कृषकों के लिये कृषक भवन एवं अन्य आवश्यक सभी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

# एनएसएस ने किया खिलोरा में महिला जागरुकता शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




सखी वन स्टॉप सेंटर बेमेतरा द्वारा महिला हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से कल राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय शिविर का आयोजन खिलोरा में किया गया। जिसमें पी.जी कॉलेज बेमेतरा एवं कन्या महाविद्यालय बेमेतरा के छात्राएं शामिल हुए। जिसमें बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के सहायक प्राध्यापक गण सरस्वती चौहान, जितेन्द्र बारले एवं पुन्नी केवटिया उपस्थित थे। सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक राखी यादव ने बालक-बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर योजना को भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2015 को लागू की थी। सखी वन स्टॉप सेंटर का अर्थ है एक ही छत के नीचे पुलिस, चिकित्सा, विधिक, आश्रय, परामर्श की सहायता निःशुल्क महिलाओं को उपलब्ध कराना है। सखी तक पहुंचने के लिए महिला हेल्पलाइन टोल फ्री 181 नम्बर उपलब्ध है एवं स्वयं सखी वन स्टाप में पहुंच सकते है। सखी वन स्टॉप सेंटर 24 घंटे चलने वाली संस्था है। परामर्शदाता लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार के सदस्यों द्वारा होने वाले हिंसा से बचने एवं न्याय के लिए केस दर्ज करा के परामर्श करा सकते है जिसे गोपनीय रखा जाता है। साथ ही साथ घरेलू हिंसा दहेज प्रताड़ना, बलात्कार, छेड़-छाड़, बाल विवाह, साइबर क्राइम, संपत्ति विवाद, टोनही प्रताड़ना एवं विधिक सहायता की जानकारी दी। सखी वन स्टॉप सेंटर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक 27 जिले में संचालित है। बाल संरक्षण इकाई की परामर्शदाता शाईस्ता परवीन ने कहा कि बाल संरक्षण योजना अनाथ एवं बेसहारा घुमंतु बच्चों के देखरेख शिक्षा और संरक्षण के लिए है। किशोरो द्वारा होने वाले अपराध-बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दिया। साथ ही यह योजना अन्य असुरक्षित बच्चों की देखरेख एवं पुनर्वास सेवाएं प्रदान करती है। चाइल्ड लाइन के केन्द्र समन्वयक राजेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि 0 से 18 वर्ष से नीचे नाबालिक बच्चों के लिए चाइल्ड लाइन 24 घंटे चलने वाली मुफ्त, आपातकालीन राष्ट्रीय फोन सेवा है।

चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1098 है। यह उन बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल और सुरक्षा की जरूरत है। कार्यक्रम में एन.एस.एस. कैम्प के बालक-बालिकाएं और गांव के बच्चे उपस्थित थे।

## ज्योति को मिली साइकिल



**बेमेतरा।** शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय की छात्रा को वत्सला से साइकिल मिलने पर दिक्कतों से राहत मिलेगी जानकारी मिली है कि 08/12/22 शासकीय कन्या विद्यालय की कक्षा 12वी में अध्ययनरत छात्रा ज्योति शर्मा के पास साइकिल न होने के कारण कोचिंग और स्कूल आने जाने, में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, साथ ही बारहवीं प्री बोर्ड एग्जामकी तैयारी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, अन्य कोई विकल्प न पाकर, छात्रा ने वत्सला संस्था से मदद की अपेक्षा की। संस्था सदस्यों ने त्वरित छात्रा की शिक्षा और समय की संवेदन शीलता को देखते हुए नई साइकिल मुहैया कराया। जिससे वह अत्यधिक खुश एवं उत्साहित नजर आई। जिसके लिए ज्योति शर्मा के अभिभावकों ने भी संस्था का आभार प्रदर्शन किया। वत्सला कार्यकारिणी सद्स्यों ने सभी छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बड़ेसाजापाली मार्ग निर्माण की शिकायत पर सुधार कार्य जारी

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com



भँवरपुर से बडेसाजापाली मार्ग निर्माण में शिकायत के बाद जांच में जो अनिमियताए पाए गए थे उन जगहों में ठेकेदार द्वारा सुधार करवा दिया गया है। दरसल मार्ग के जांच के दौरान भँवरपुर से बडेसाजापाली मार्ग निर्माण में एक जगह लगभग 2 किलोमीटर जीएसबी को हटाने का आदेश जारी हुवा था साथ ही पुलिया के वाल को सुधार करने प्रस्ताव लोकनिर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा द्वारा दिया था जिसके बाद उक्त वाल को सुधार करवा दिया गया है एवं सब ग्रेट जीएसबी को लगभग 2 किलोमीटर हटवाने का आदेश जारी हुवा था जिसके बाद 1 किलोमीटर सब ग्रेट जीएसबी को हटवाया गया ठेकेदार ने बताया कि धान परिवहन का कार्य सुचारु रूप से चलता रहे इसलिए इसलिए अभी 1 किलोमीटर को नहीं हटाया जा रहा है चुकी मार्ग में व्यवधान उतपन्न होगा ठेकेदार ने कहा कि नई जीएसबी बिछाने के पूर्व हटवा दिया जाएगा। बता दें कि मार्ग निर्माण में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रकार के आरोपों के बाद भी मार्ग निर्माण कार्य प्रगति पर है ग्रामीणों का शिकायत है कि मार्ग में पानी नही डाला जा रहा है धूल से राहगीर परेशान है लेकिन मामले में सरायपाली बसना मार्ग निर्माण के ठेकेदारो ने कहा कि नियमानुसार जिन जगहों में मिट्टी का कार्य चल रहा है उन्ही जगहों में पानी डाला जाता है फिर भी हमारे द्वारा गांव के परेशानियों को देखते हुए रिहायसी इलाको में पानी डाला जा रहे है।

### बेमेतरा ब्राह्मण पारा में जारी श्रीमद् भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हो रहे शामिल श्री कृष्ण भक्ति में नगरवासी

# श्रीमद् भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान, श्रवण मात्र से इच्छाए होती है पूरी: अमरकृष्ण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा ब्राह्मण पारा में जारी भागवत कथा पांचवें दिवस आचार्य अमर कृष्ण शास्त्री ने कहाँ श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दशार्ते हुए कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है।

श्रीमद्भागवत में श्री कृष्ण के विभिन्न लीलाओं का किया वर्णन का वर्णन करते हुए कहा कि गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का प्रसंग सुनाया। इस दौरान भगवान के जन्मोत्सव, उनके नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। आचार्य ने कहां की इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान कृष्ण ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा कर ब्रजवसियो की रक्षा की वही सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। संगीतमय वातावरण के दौरान भजनों पर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर नाचते रहे।

**( रुकमणि विवाह में भक्तों ने बरसाए फूल)**

छठवें दिवस कथा प्रसंग में आचार्य अमर कृष्ण शास्त्री ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राहमण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी को उनकी इच्छा से उन्हें लेकर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया कथा में रुक्मणी विवाह के दौरान भक्त ों ने पुष्प वर्षा की। सिद्धांत तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा में तुलसी वर्षा गीता एवम हवन पूजन का कार्य संपन्न होगा

# महापरिनिर्वाण दिवस अंबेडकर मेमोरियल भवन में मनाया गया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



सम्यक बौद्ध महासभा के तत्वाधान में शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा देने वाले भारत रत्न बोधिसत्व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 66 वां महापरिनिर्वाण दिवस डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मेमोरियल भवन में मनाया गया। प्रथम चरण में प्रातः 10.00 पंचशील झंडा व नीले झंडे को श्रद्धा पूर्वक झुकाया गया एवं बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें बौद्ध उपासक उपासिकाओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। द्वितीय चरण में संध्या 6.00 बजे अंबेडकर भवन में परित्राण पाठ, त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया एवं 2 मिनट का मौन धारण कर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात समाज के वरिष्ठ जन गोवर्धन रंगारी, अजय रामटेके, कृष्णमूर्ति रामटेके ,सुरेंद्र मेश्राम ,बी आर भोसले ,प्रहलाद मेश्राम,हेमंत कांडे,अशोक बाम्बेश्वर एवं चंद्र रेखा नंदेश्वर ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर अपने विचार रखे। अंबेडकर मेमोरियल हाल से बौद्ध उपासक एवं उपासिकायें रैली के रुप मे मोमबत्ती जलाकर जैन भवन चौक में जाकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर ओमप्रकाश रामटेके ,रोशन पाटिल ,देवानंद दहिविले,संतोष मेश्राम, रमेश भगत,संतोष सहारे ,योगराज बोरकर, अनिल मेंदे,राधेलाल मेश्राम ,सिद्धार्थ मानवकर, देवेश मेश्राम,जीतेंद्र मेश्राम, सतीश हुमने, विशाल दासोडे, अभिजीत भगत, तुकाराम रंगारी,सूरज कुमार मेश्राम, भावना दासोडे, निर्मला भगत, अनीता उके,कौशल्या बन्सोडे, अमृता डोंगरे,मंगला सहारे, सुकरतीन, शारदा बाम्बेश्वर, लता बोरकर, सावित्री रामटेके, संध्या रामटेके, सीमा रामटेके, लता बनसोडे,यशोदा रामटेके, सीमा मेश्राम, रंजना रामटेके, निशा खापर्डे,ममता वहाने ,सुशीला रामटेके ,माला भगत, किरण पचभिये, निशा ठाकरे, शीला दासोडे, एम एम सोमकुंवर, प्रियंका बन्सोड़, सुमन रामटेके, सपना मानवकर,प्रियन्का बन्सोडे, अनिला मेश्राम एवं सैंकड़ों की संख्या में बौद्ध उपासक एवं उपासिकाये उपस्थिति थी।

# कलेक्टर ने चिरायु टीम व बच्चों को दी बधाई, उपहार भेंटकर किया सम्मानित

■ चिरायु योजना गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों के लिए बना वरदान, सफल उपचार के बाद 26 बच्चों को मिला नया जीवन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



चिरायु योजना जिले के गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों के लिए वरदान बन गया है। इस वर्ष जिले के गंभीर बीमारी से ग्रसित 26 बच्चों को चिरायु टीम की मदद से सफल उपचार उपरांत नया जीवन मिला है। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले में कार्यरत चिरायु टीम के चिकित्सकों और योजना के तहत उपचारित बच्चों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिरायु टीम द्वारा जिले में बढ़िया कार्य किया जा रहा है, लेकिन और आगे भी गंभीर बीमारी से ग्रसित अधिक से अधिक बच्चों को चिन्हांकित कर चिरायु योजना के तहत लाभांवित करने की जरूरत है। कलेक्टर ने बच्चों के अभिभावकों से भी बातचीत की तथा बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जो बच्चे गंभीर बीमारी से ठीक हुए हैं, उससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि जीवन में नई ऊंचाईयां हासिल करेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि जिले में चिरायु योजनांतर्गत 07 टीमें कार्यरत है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 26 गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का सफल उपचार किया गया, जिनमें जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित 16 बच्चे, कटे-फटे ओंठ-तालू के 03 बच्चे, पैरों की विकृति वाले 06 बच्चे और अन्य सर्जिकल के 01 बच्चे का उपचार शामिल है। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम आकांक्षा शिक्षा खलखो, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, जिला टीकाकरण अधिकारी कमलेश खैरवार, जिला सलाहकार डॉ. सुरभि केशरवानी सहित चिकित्सकगण उपस्थित थे।

गौरतलब है कि चिरायु योजना के तहत आंगनबाड़ी व स्कूलों में चिरायु टीम के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है। चिरायु योजना के अंतर्गत 44 तरह की बीमारियों को ठीक किया जाता है, जिसमें कम दिखाई देना, कम सुनाई देना, विटामिन की कमी, एनीमिया, हृदय रोग, जैसी बीमारियों की पहचान कर उनका ईलाज किया जाता है। यदि कोई बच्चा गंभीर स्थिति में है, तो उसे टीम द्वारा तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल भेजा जाता है।

# जिले के शतप्रतिशत हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत शतप्रतिशत हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। शासन द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत 05 लाख रुपए तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसका लाभ जिले के अधिक से अधिक हितग्राहियों को मिले। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन करने, घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने की धान खरीदी कार्यों की समीक्षा- कलेक्टर ने धान खरीदी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी नोडल अधिकारी संबंधित धान उपार्जन केंद्र में जाकर धान की मात्रा, मिलर द्वारा धान का परिवहन, बारदाना की उपलब्धता आदि का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है। धान खरीदी केन्द्रों में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों का नियमित मॉनिटरिंग करने और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला सहकारी बैंक के शतप्रतिशत खाताधारकों को एटीएम कार्ड जारी करने के भी निर्देश दिए, जिससे किसानों को बैंक का बार-बार चक्कर लगाना न पड़े। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने नवीन मतदाताओं को जागरूक करने के दिए निर्देश- कलेक्टर ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए स्कूल, महाविद्यालय सहित विभिन्न स्थानों में शिविर आयोजित कर नवीन मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने की कार्यवाही करें।

## कलेक्टर से पूर्व सैनिकों ने की मुलाकात, लगाया प्रतीक झंडा

**मुंगेली।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टोरेट में जिले के पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकात की और प्रतीक ध्वज लगाया। कलेक्टर ने पूर्व सैनिकों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल पूर्व सैनिक संगठन मुंगेली के अध्यक्ष संदीप



साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष साहू, पूर्व सैनिक कमलेश साहू, कमलनारायण साहू एवं बद्री पांडेय उपस्थित थे। गौरतलब है कि सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## जिला चिकित्सालय में नि :शुल्क सर्वाइकल कैंसर जांच की सुविधा शुरू


**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय में निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर जांच की सुविधा शुरू हो गई है। इस सुविधा के उपलब्ध होने से सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित महिलाओं को जिला से बाहर अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में जाना नहीं पड़ेगा। जिला चिकित्सालय में ही उन्हें निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा



उपलब्ध है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. राय ने बताया कि जिला चिकित्सालय में इस सुविधा के शुरू होने से अब तक 05 मरीजों का सर्वाइकल कैंसर संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है।

# कैरियर गाइडेंस शिविर: कैरियर मार्ग दर्शन' पर हुआ'ऑनलाइन वेबिनार

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति मे एरेना एनिमेशन एकेडमी बिलासपुर की ओर से सभी छात्र छात्राओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन हेतु ऑनलाइन वेबीनार कार्यक्रम आयोजित किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के चतुर्वेदी ने सबसे पहले सम्बोधित करते हुए कहा कि यह वेबिनार छात्र छात्राओं को एनिमेशन क्षेत्र में रोजगार की संभावना के बारे में जानकारी देने के लिए था। उन्होंने एरेना एनिमेशन एकेडमी बिलासपुर को कार्यक्रम देने के लिए धन्यवाद देते हुए महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय दिया,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संदीप गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर एरेना एनिमेशन एकेडमी बिलासपुर शामिल हुए थे। अन्य वक्ता में अखिलेश्वर शर्मा मार्केटिंग हेड एरेना एनिमेशन एकेडमी बिलासपुर, सीनियर कैरियर एडवाइजर वाई. श्रावांति एवं कैरियर एडवाइजर शिल्पा सिंह ने अपना व्याख्यान दिया। संदीप गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर ने एनिमेशन एकेडमी बिलासपुर के बारे में जानकारी दी फिर इस क्षेत्र में रोजगार की संभावना के बारे में बताया। एनिमेशन संबंधी कोर्स की जानकारी दी और पी पी टी के माध्यम से विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान किए,उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से रोचक जानकारियां दी और सभी को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किए। उन्होंने 12 दिसंबर 2022 को भी ऐसा ही एक ऑनलाइन वेबीनार में सभी को शामिल होने को कहा।

# जिला पंचायत मुंगेली को नियमितीकरण का ज्ञापन सौंप कर आगामी बजट में शामिल किए जाने निवेदन किया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ जिला इकाई मुंगेली द्वारा लेखनी सोनू चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत एवं संजीत बनर्जी उपाध्यक्ष जिला पंचायत मुंगेली को नियमितीकरण का ज्ञापन सौंपकर आगामी बजट में शामिल किए जाने हेतु आवश्यक पहल करने के लिए निवेदन किया गया अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से 18दिसंबर को मुलाकात करवाने हेतु आश्वस्त किया गया, जिला संयोजक ताकेश्वर साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसद आदि चुनावी जनघोषणा पत्र में किए गए नियमितिकरण के वादे की गंभीरता और अपरिहार्यता को जानते हैं और इस पर उनका रुख सकारात्मक है लेकिन प्रदेश के नौकरशाह लगातार राजनैतिक नेतृत्व को गुमराह करने में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा सरकार गठन के तत्काल बाद नियमितीकरण के लिए नीति तैयार करने हेतु उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया लेकिन खेद का विषय है कि ना तो आज तक उक्त समिति ने कोई रिपोर्ट दी है और ना ही कोई कार्यवाही की है।

## ग्राम चमारी व ढकेलकापा में मनाया गया विश्व मृदा दिवस



**मुंगेली।** विश्व मृदा दिवस 05 दिसम्बर को कृषि विज्ञान केन्द्र मुंगेली द्वारा ग्राम चमारी और ढकेलकापा स्थित प्रक्षेत्र में मृदा दिवस मनाया गया। जहॉं मृदा वैज्ञानिक सत्येन्द्र पाटले द्वारा मृदा परीक्षण हेतु नमुना एकत्रीकरण, प्राकृतिक खेती और मृदा के स्वास्थ्य के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई तथा मिट्टी जांच के महत्व को भी बताया गया।

# चेंबर के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश बंसल की माताजी इंद्रा देवी का निधन

■ शहर सहित प्रदेश की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक,व्यापारिक संस्थाओं ने किया इंद्रा देवी के निधन पर दुख व्यक्त

**सक्ति।**राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति शक्ति के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद शक्ति शाखा के उपाध्यक्ष, संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के शक्ति जिलाध्यक्ष,ओम सिटी एंड डेवलपर चांपा के डायरेक्टर जगदीश बंसल जी की पूज्य माताजी इंद्रा देवी बंसल धर्मपत्नी स्वर्गीय रामफल बंसल का 8 दिसंबर 2022 दिन- गुरुवार को सुबह 6:00 88 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया है,जिनका अंतिम संस्कार 08 दिसंबर को स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में हुआ, अंतिम संस्कार यात्रा निवास- बंसल



अपार्टमेंट झूलकदम रोड शक्ति से निकली, इंद्रा देवी बंसल नारायणी सेवा समिति शक्ति की संस्थापक सदस्य एवं मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा सक्ती की प्रथम संस्थापक अध्यक्ष हेमलता बंसल की पूज्य सासू मां एवं कैलाश चंद बंसल दिल्ली की पूज्य माताजी थी, इंद्रा देवी बंसल के निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, बंसल विगत कुछ वर्षों से अस्वस्थ चल रही थी तथा वे धर्म परायण, धार्मिक विचारों वाली महिला थी, उनके निधन पर अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर ने भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा मैच

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ को पहली बार अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की मेजबानी मिली है, भारत और न्यूजीलैंड के बीच राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 21 जनवरी को मैच खेला जाएगा। तीन दिवसीय वन-डे सीरीज का दूसरा मैच रायपुर में खेला जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के पदाधिकारियों के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) से इस संबंध में सहमति मिल चुकी है, रायपुर में होने वाले क्रिकेट के आयोजन हेतु टिकटों की बिक्री के संबंध में आने वाले दिनों में जानकारी दी जाएगी, अभी टिकटों की बिक्री शुरू नहीं हुई है,सीएससीएस के मुताबिक इससे पहले रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में वर्ष-2013 में आइपीएल के दो मैच, 2014 में टी-20 चैलेंजर ट्राफी के मैच, 2015 में दूसरी बार आइपीएल, वर्ष 2016 से लगातार रणजी ट्राफी के मैच, सैय्यद मुश्ताक अली टी-20 ट्राफी के मैच व बीसीसीआइ के घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों के मैचों का आयोजन किया जा चुका है। स्टेडियम में अंतराष्ट्रीय स्तर के वन-डे मैचों के आयोजन के लिए इससे पहले लगातार प्रयास किया जा रो थे। पिछले पांच वर्षों से यह कवायद जारी थी,इस मेजबानी को लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जुबीन शाह, सचिव मुकुल तिवारी सहित पदाधिकारियों ने बीसीसीआइ सचिव जय शाह का आभार व्यक्त किया है, उल्लेखनीय है कि राजधानी के क्रिकेट स्टेडियम में कुल 65,000 लोगों के बैठने की जगह है।

# स्टार्स आफटुमारो वेलफेयर सोसायटी मुंगेली ने किया व्यापार मेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



स्टार्स आफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी मुंगेली द्वारा मुंगेली व्यापार मेला का आयोजन किया जाता है । 7 वें वर्ष का आयोजन 8 दिसंबर से वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में सायं 7: 00 बजे भव्य व रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुभारंभ होगा। 6 दिवसीय मुंगेली व्यापार मेला 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित है । विगत 2 वर्ष कोरोना काल में यह आयोजन नहीं होने के कारण नगर व आसपास के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं । मुंगेली व्यापार मेला लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। लोग इसे मुंगेली का त्यौहार जैसे नाम से जानने लगे हैं । स्टार्स आफ टूमारो टीम के संयोजक रामपाल सिंह ने बताया कि-श्मेले की पूरी तैयारी हो चुकी है। हमारी टीम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर करने की कोशिश करती है। कोरोना काल के पश्चात इस आयोजन में लोगों को बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचेगी। व्यापार मेला मुख्यतः लघु कुटीर मध्यम दर्जे के उद्योग धंधों का विकास, उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को आम जनता तक पहुंचाने तथा व्यवसायिक गतिविधियों के विस्तार हेतु वातावरण तैयार करना है। स्टार्स ऑफटुमारो के सचिव विनोद यादव ने बताया कि-इस वर्ष मेले में 200 से अधिक स्टॉल लगने हैं।

## रूपा मेडिकल सरगांव का लाइसेंस 7 दिवस व हरीश मेडिकोज बरेला का लाइसेंस 5 दिवस के लिए निलंबित



**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस, खाद्य और औषधि विभाग के संयुक्त टीम द्वारा जिले में नशीली दवाओं के दुरूपयोग राकने हेतु विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की जॉच की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिनों रूपा मेडिकल सरगांव एवं हरीश मेडिकोज बरेला की जांच की गई थी एवं अनियमितता पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। खाद्य एवं औषधि निरीक्षक रत्नेश कुमार बरगाह ने बताया कि दोनों फर्म के द्वारा प्रस्तुत नोटिस का जवाब संतोषप्रद नही पाये जाने के कारण खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा उक्त मेडिकल स्टोर्स के लाईसेंस को क्रमशः सात 07 दिवस एवं 05 दिवस के लिए निलंबित कर दिया गया है।

# किशोरावस्था के बच्चों को एच आई वी के बारे में जागरूक होना अत्यंत आवश्यक :शुक्ला



पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह में बच्चों को एचआईवी और एड्स के बारे में जानकारी दिया गया। जिसके लिए संस्था के प्राचार्य श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में चांपा से संचालित एन. जी. ओ. ग्राम मित्र समाज सेवी संस्था से आए हुए संतोष देवांगन, सदस्य बाल कल्याण समिति जांजगीर चांपा, डोल नारायण पटेल (प्रोजेक्ट मैनेजर) ग्राम मित्र समाज सेवी संस्था ने बच्चों को एचआईवी एवं एड्स के बारे में बहुत ही रोचक जानकारी दी गई। एचआईवी कैसे फैलता है किन किन कारणों से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को संक्रमण होता है। मूलतः चार कारण है जिनके द्वारा एचआईवी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। पहला एच आई वी संक्रमित सुई सिरिंज का साझा प्रयोग। दूसरा एच आई वी संक्रमत ब्लड से, तीसरा एच आई वी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध से चौथा एच आई वी संक्रमित माँ से होने वाले बच्चे को इसी कड़ी में संतोष देवांगन ने बताया कि एच आई वी हवा में नही फैलता बल्कि यह केवल ब्लड के माध्यम से फैलता है। बताया गया कि हमें संकोच किए बिना एचआईवी और एड्स का चेकअप कराना चाहिए और अधिक जानकारी के लिए उन्होंने टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में जानकारी दिया जिसमें व्यक्ति एचआई वी और एड्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। एचआईवी और एड्स संक्रमित व्यक्ति की जानकारी को गोपनीय रखा जाता है।

## मतदाता जागरूकता के संबंध में कार्यक्रम आयोजन किया गया

**मुंगेली।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मुंगेली में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के संबंध में कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें स्वीप के जिला नोडल डॉक्टर आई पी यादव के द्वारा मतदाता जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया साथ ही स्त्रोत पुरुष के रूप में मोहन उपाध्याय के द्वारा ऑनलाइन व ऑफलाइन फार्म भरने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन शाखा से जेरोम बड़ा एवं




संतोष यादव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. जितेंद्र शर्मा के द्वारा किया गया तथा महाविद्यालय के लगभग 150 छात्राएं उपस्थित थी कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रो. मदन कश्यप, राजेश भोसले, प्रेमा कुजूर मनोरमा भास्कर ,डॉ. आकांक्षा केशरवानी एवं कार्यालय स्टाफ जगन्नाथ जगन्नाथ जांगड़े का महत्वपूर्ण योगदान रहा अंत में नोडल अधिकारी एस के तिग्गा के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति शक्ति ने किया साध्वी ऋतंभरा दीदी का सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर में 01 दिसंबर से चल रही साध्वी ऋतंभरा दीदी की भागवत कथा में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति शक्ति शाखा की अध्यक्ष अरुणा अग्रवाल के नेतृत्व में रिंकू अग्रवाल, कविता मनीष गोयल, रश्मि दिलीप सराफ मीना राजकुमार अग्रवाल, सोनू शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने हरेली स्थित श्याम वाटिका में पहुंचकर दीदी मां का स्वागत- अभिनंदन किया,इस दौरान साध्वी ऋतंभरा दीदी ने भी अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति शक्ति के सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त कर उनके द्वारा बताए गए कार्यों की प्रशंसा की, साथ ही सभी महिला सदस्यों को धर्म के काम में भी सदैव आगे रहने की बात कही, साथ ही इस दौरान शाखा की ओर से ऋतंभरा दीदी को तुलसी का गमला, दुपट्टा एवं फूलों के द्वारा सम्मान किया गया।

शक्ति शाखा की अध्यक्ष अरुणा अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आपके द्वारा वृंदावन में वात्सल्य संस्था के माध्यम से जो सेवा के काम एवं रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं, वह पूरी दुनिया में एक अनुकरणीय प्रयास है, तथा आपके मुखारविंद से हम सभी को श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का लाभ प्राप्त हुआ, इस दौरान साध्वी ऋतंभरा दीदी ने भी कहा कि आज नारी शक्ति का लोहा पूरी दुनिया मानती है, तथा हम सभी धर्म के क्षेत्र में सेवा के क्षेत्र में कार्य करते हुए इस राष्ट्र का नाम रोशन करें,तथा साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि शक्ति क्षेत्र की जनता धर्म प्रेमी है,एवं पूरे प्रदेश में शक्ति ऐसा शहर है जहां निरंतर धार्मिक अनुष्ठान एवं विभिन्न आयोजन वर्ष भर होते रहते हैं

## साध्वी ऋतंभरा ने कहा- माता-पिता का महत्व समझे, चारों धाम आपके घर में ही है

# अंतिम दिवस विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने भी किया कथा श्रवण

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





शक्ति शहर के प्रतिष्ठित माछरौलिया गोयल परिवार बनवारीलाल प्रेमचंद द्वारा सक्ति के कॉलेज ग्राउंड में प्रारंभ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन 7 दिसंबर की देर शाम हुआ, इस दौरान कथावाचक वृंदावन निवासी साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि इस 1 सप्ताह तक आप सभी शक्ति क्षेत्रवासियों ने जिस तन्मयता के साथ इस श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया यह आप सभी के लिए मंगलकारी है, तथा ईश्वर से मैं कामना करती हूं कि आप सभी को कथा श्रवण का पूण्य मिले,एवं साध्वी ऋतंभरा ने आयोजक परिवार के प्रेमचंद सराफ सुमित सराफ अमित सराफ सहित परिवारजनों को भी इस श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के लिए बहुत-बहुत आशीर्वाद प्रदान किया, साथ ही उन्होंने समस्त श्रोताओं को भी कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण हम सभी के लिए मंगलकारी होता है, तथा इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों को भी मंच के माध्यम से साध्वी ऋतंभरा ने आभार व्यक्त किया, तथा कथा के अंतिम दिवस 7 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, अविभाजित मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर गुप्ता तथा भाजपा शक्ति जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने भी कथा का श्रवण किया तथा अंतिम दिवस करीब 20 हजार की संख्या में कथा स्थल पर श्रोताओ कथा श्रवण करने पहुंचे हुए थे तथा आयोजक परिवार की ओर से भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रसाद वितरण किया गया,कथा वाचक दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा ने भागवत प्रसंग की विविध लीलाओं को भावपूर्ण रूप में प्रस्तुत किया, कान्हा के सुदामा चरित्र, गोकुल गमन, कंस वध, गोपी उद्धव संवाद के भावपूर्ण वर्णन के साथ ही रुक्मणि विवाह प्रसंग की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे ठाकुर जब मात्र ग्यारह वर्ष के थे तब उन्होंने कंस का वध किया था। सत्रह बार उन्होंने जरासंध से लोहा लिया। तो ऐसे मेरे ठाकुर जी का अब ब्याह भी होना चाहिए ना भीष्मक जी के पुत्री थीं रुक्मणि, जिन्होंने भगवान् को अपना हृदय दे दिया था, उनके भाई चाहते थे कि बहन रुक्मणि का विवाह शिशुपाल से हो जाए।

अब आप देखो कि कर्ण कटु और कर्कश वाणी बोलने वाला शिशुपाल उसके बगल में बैठी सर्वांग सुंदरी और सर्वगुण सम्पन्न रुक्मणि भला कैसी दिखेगी,उस नगरी के सारे लोग हाय हाय कर रहे थे कि ये क्या अनर्थ होने वाला है,अपने भाई के इस निर्णय के विरुद्ध रुक्मणि ने अनशन कर दिया और भगवान को प्रेमपत्र भेजा, जब कान्हा का रथ तैयार हुआ तो दाऊ ने पूछा कि क्यों कान्हा ! कहाँ जा रहे हो कान्हा मुस्कुराकर बोले दाऊ! कुंदनपुर से निमंत्रण आया है। दाऊ ने हँसकर कहा अच्छा तो अब हमारे कान्हा का विवाह तो होना ही है,आप चलिए, हम भी पीछे-पीछे अपनी चतुरंगिणी सेना लेकर आते हैं। इधर जब ब्राम्हण ने जाकर कहा कि रुक्मिणी , अब तो आप साक्षात् लक्ष्मी हैं क्योंकि द्वारकाधीश स्वयं आ गए हैं। तब सैट सहस्त्र दीप जलाकर रुक्मिणी भवानी माता के मंदिर गईं थीं. जैसे ही उन्होंने माँ के चरणों में आराधना की, तैसे ही माँ के गले में पड़ी वो पुष्पमाला उतरकर रुक्मिणी जी के गले में आ गई। मानों उन्हें मनवांछित वर का आशीर्वाद मिल गया हो।

# आरटीओ विभाग में लाइसेंस से लेकर वाहन ट्रायल तक चलता है खेल, की जाती है जमकर वसूली

## 1410 रुपए लगते हैं, लेकिन दलाल बिना टेस्ट परीक्षण के ही 35 से 38 सौ में बनवा देते हैं ड्राइविंग लाइसेंस

### पायनियर की खबर पर सोशल मीडिया पर लोग दे रहें हैं प्रतिक्रिया

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार



आरटीओ विभाग के संरक्षण में सड़कों पर बेधड़क दौड़ रही बिना परमिट और अनफिट बस, ट्रक और स्कूल वाहनें, कंडम वाहनों पर भी कार्यवाही नहीं


बालोद जिले में 8 परिवहन सुविधा केंद्र, बावजूद आरटीओ एजेंटों की विभाग में है धमक, हर काम पर होता है कमीशन का खेल
शासन की मंशा पर पानी फेर रहा जिले के आरटीओ विभाग

ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर वसूली का खेल चल रहा है। हम बात कर रहे हैं बालोद आरटीओ कार्यालय की। आरटीओ ऑफिस के बाहर बैठे दलालों के बगैर आम आदमी का लाइसेंस बन ही नहीं सकता है। सारा गोरखधंधा आरटीओ ऑफिस के अफसरान के नाक के नीचे चल रहा है। यहां बगैर ड्राइविंग टेस्ट दिए ही टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर तक के लाइसेंस बनाए जाते हैं। आप 35-38 सौ रुपए के साथ आधार कार्ड की फोटो कॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, प्रमाण पत्र और एड्रेस प्रूफदेकर निश्चिंत होकर घर जाइए। बस दो बार आपको आरटीओ ऑफिस के गेट पर साइन करने आना होगा और फिर घर बैठे आपको लर्निंग से लेकर परमानेंट तक का लाइसेंस मिल जाएगा। दलाली में ईमानदारी इतनी है कि यहां के हर दलाल का दर बिल्कुल फिक्स है। न एक रुपया अधिक न एक रुपया कम। एक दर 35-38 सौ रुपया फिक्स। यदि आपको वाहन भी चलानी नहीं आती तो कोई बात नहीं। मोटी रकम दीजिए और ड्राइवर होने का सर्टिफिकेट भी लीजिए। एजेंटों ने बाकायदा इसके लिए दोगुना फीस भी तय कर रखा है, टू प्लस व फोर व्हीलर के लिए 35-38 सौ रुपए और टू व्हीलर लाइसेंस के लिए 25 सौ रुपए, जो कि राज्य परिवहन विभाग के तय शुल्क से दो हजार रुपए ज्यादा है। यह पूरा खेल परिवहन विभाग के संरक्षण में चल रहा हैं, यही वजह है कि एजेंट को किसी तरह की कार्रवाई का कोई खौफनहीं है। लाइसेंस बनाने वाले एजेंट का तो यह भी दावा है कि इस काम के लिए वे क्लर्क से लेकर अफसर तक मोटी रकम पहुंचाते हैं।

### आप ऐसे कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

लाइसेंस के लिए आपको एजेंट के पास जाने की जरूरत नहीं है, आप घर बैठे या फिर सुविधा केंद्र से परिवहन डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन कर लर्निंग एग्जाम की डेट ले सकते हैं। यह परीक्षा पास करने के बाद आप चालान जमा कर लर्निंग और उसके छह माह के भीतर स्थाई लाइसेंस ट्रायल देकर पा सकते हैं।




### नियम से ट्रायल देने वाले लगा रहे चक्कर

जिला मुख्यालय निवासी संजय साहू ने बताया कि नियम से लाइसेंस बनवाने में कम खर्च है। इसलिए उन्होंने अपने छोटे भाई का लर्निंग से परमानेंट कार्ड के लिए दो बार ट्रायल दे चुका है, लेकिन सख्त नियम होने की वजह से दोनों बार वह फेल हो गया, अब यह काम एजेंट से कराने की बात कह रहे है। इसी तरह नियम से आने अन्य अधिकांश चक्कर लगा रहे हैं।

### आरटीओ दफ्तर के बाहर एजेंटों की भीड़

दफ्तर के बाहर अधिकांश एजेंट गुमटी से लेकर मकानों में फोटो कॉपी और ऑनलाइन पंजीयन के नाम से दुकान खोल रखी है। इनकी संख्या संख्या आरटीओ दफ्तर के सामने से लेकर जिला मुख्यालय में दर्जन भर से अधिक है। प्रत्येक दुकानों में दो से तीन व्यक्ति पूरे दिन इन्हीं कामों में व्यस्त रहता है।

### सरकार सिर्फ1410 रुपए ही लेती है

जानकारी के अनुसार टू प्लस फोर के ड्राइविंग लाइसेंस के लिए सरकार सिर्फ1 हजार 410 रुपए ही लेती है। लर्निंग के दौरान 355 रुपए का चालान और एक माह के बाद परमानेंट के लिए 1 हजार 55 रुपए देना होता है। इसी तरह सिर्फ टू व्हिलर लाइसेंस के लिए 255 रुपए लर्निंग के दौरान और एक माह बाद स्थाई लाइसेंस के लिए 755 रुपए देना होता है।

# स्टील एंड पावर का नेशनल एक्सपो का 12वां वर्ष, 3 दिवसीय आयोजन 9 से 11 तक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




इन्फोलाइन प्रा लिमिटेड 9 से 11 दिसंबर तक साइंस कॉलेज में ग्राउंड एक्सपो स्टील एंड पावर आयोजन करने जा रहा है। यह एक्सपो का 12वां वर्ष है, उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, रायपुर का समर्थन प्राप्त है। नेशनल एक्सपो को एमएसएमई, भारत सरकार मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया है और दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रतिभागियों को 100: तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस साल फोकस हरित ऊर्जा और सौर ऊर्जा ऊर्जा पर है। आगंतुकों को इस एक्सपो में सौर ऊर्जा संयंत्रों की नवीनतम जानकारी मिलेगी। देश भर से आने वाले लगभग 10,000 विजिटर के आने की उम्मीद है। इस शो से रायपुर और छत्तीसगढ़ के उद्योगों को स्थानीय उद्योगों के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी एक्सपोजर के साथ लाभ होगा। यह एक्सपो एमएसएमई क्षेत्र की नेटवर्किंग के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा। एक्सपो में विभिन्न औद्योगिक 15000 उत्पादों की प्रदर्शित की जाएंगी, जो शहर और छत्तीसगढ़ में अब तक की सबसे बड़ी डिस्प्ले हैं। इन उत्पादों का सकल मूल्य 40 करोड़ रुपये को पार कर सकता है। इस एक्सपो के माध्यम से हमें अगले एक वर्ष की अवधि में 100 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज करने का विश्वास है। रायपुर, भिलाई, मुंबई, बैंगलोर, चेन्नई, नई दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद जैसे शहरों से देश भर के 100 से अधिक एक्सहिबीटर्स औद्योगिक स्वचालन, कूलिंग टॉवर, मशीन टूल्स, बियरिंग्स, स्विचगियर, टायरए वेल्डिंग उपकरण जैसे अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। बिजली उपकरण, हाथ उपकरण, काटने के उपकरण, वैज्ञानिक उपकरण, प्रयोगशाला उपकरण, पूर्व इंजीनियरिंग सामग्री, सामग्री हैंडलिंग उत्पाद, सुरक्षा उत्पाद, रखरखाव उत्पाद और कई अन्य उत्पाद। 100 से भी अधिक प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी इस शो में भाग ले रहे हैं और अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस साल हम आपूर्तिकर्ताओं, निर्माताओं और डीलरों, वितरकों, स्टॉकिस्टों, इंटीग्रेटर्स के बीच कार्यक्रम स्थल पर बी2बी बैठक आयोजित कर रहे हैं। इससे शहर में कारोबार के नए अवसर खुलेंगे। यह एक्सपो मल्टी सिटी प्रदर्शनी का हिस्सा है जो हैदराबाद, कोलकाता, जयपुर, जमशेदपुर, इंदौर, रायपुर, नागपुर, नासिक, औरंगाबाद और अब मुंबई में भी आयोजित किया जाता है। इसका आयोजन इंदौर इंफोलाइन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है। मेटल पावरए चीमा बॉयलर्स, डीप न्यूमेटिक्स, वेंड्ट इंडिया, इंगरसोल रैंड, आरके इंजीनियरिंग, हिंदुस्तान पाइप्स, कंट्रोल टेक्निक्स, जेआर सीमलेस, वेसमैन, ग्रीनवर्ल्ड, इलेक्ट्रोमेक, ट्रांसरेक्ट, जैन बियरिंग्स, वरलका, इन्फोरोब, सत्यम, एमआर ऑर्गनाइजेशन जैसी कई प्रमुख कंपनियां और कई बड़े नाम इस एक्सपो में भाग ले रहे हैं।

आयोजक इंदौर इंफोलाइन ने रायपुर और छत्तीसगढ़ के उद्योगों से एक्सपो में आने और रायपुर, नागपुर, हैदराबाद और विशाखापत्तनम, मुंबई में आगामी औद्योगिक शो में भाग लेने की अपील की है ताकि उनके उत्पादों और ब्रांड छवि को बढ़ावा दिया जा सके। इंदौर इंफोलाइन शो इन शहरों में नेटवर्किंग और ब्रांड निर्माण के लिए एक शानदार अवसर प्रदान करते हैं। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सदस्यों को इन शहरों में भाग लेने के लिए इंदौर इंफोलाइन के साथ विशेष सुविधा उपलब्ध है। इंदौर इंफोलाइन 2009 से देश में अग्रणी औद्योगिक शो आयोजक है।

# सरायपाली जिला के लिए आशा के विपरीत मिला जवाब

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली को नया जिला बनाने के मांग को लेकर पहुंची जिला निर्माण संघर्ष समिति को आशा के विपरीत जवाब मिला। समिति द्वारा जिले की दूरी बहुत दूर होने से आने वाली और असुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया जिस पर कोई सकारात्मक जवाब नही मिल पाया। बहुत आशा थी कि बलौदा और भवरपुर को तहसील तथा सरायपाली को जिला घोषित किया जायेगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मुलाकात कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ में चल रहा है इसी कार्यक्रम के तहत 7 दिसंबर 2022 को सरायपाली विधानसभा में भेंट मुलाकात का कार्यक्रम रखा गया जिसके अंतर्गत भूपेश बघेल जीने बलौदा भंवरपुर तथा सरायपाली में यहां के जन नागरिकों से भेंट मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं और आवेदनों का निराकरण किया सरायपाली की जनता पिछले कई वर्षों से जिले की मांग को करते आ रहा है। इसी कड़ी में जिला निर्माण संघर्ष समिति के प्रतिनिधि दल के द्वारा मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जिले की मांग को रखा गया जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी जिला बन पाना संभव नहीं है। जिला निर्माण संघर्ष समिति के प्रतिनिधि दल जिन्होने मुख्यमंत्री से भेट किया जिसमें अनिता चौधरी, तिलक साहू ,सुंदरलाल डडसेना, टिकेश्वर मिश्रा, रेखा पुरोहित, राजाराम पटेल ,वेदवंत साहू, दिलीप गुप्ता एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। जिले की मांग के के लिए आवेदन के साथ विभिन्न समाज एवं संगठनों के समर्थन पत्र भी संलग्न किए गए थे सरायपाली में सभी समाज, वर्ग एवं संगठन नया जिला चाहते हैं। और इन्तजार मे हैं कि जिले की मांग को ध्यान मे रखते हुये सरकार क्षेत्र की जनता को अनुग्रहित करें।

# अंचलवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मां महालक्ष्मी पूजन एवं कलश स्थापना





**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम अन्तरला के ग्रामीणों की सुख समृध्दि और कल्याण के लिए माँ महालक्ष्मी स्थापना किया गया। ग्राम अन्तरला में प्रति वर्ष की भांति चतुर्थ वर्ष माँ महालक्ष्मी पूजन में स्थापना कलश यात्रा के साथ किया गया। जिसमें गांव की महिलाओ के द्वारा बढ़ चढ़ कर कलश स्थापना एवं नगर भ्रमण कीर्तन एवं बजे गाजे के साथ ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। जिसमें गांव के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम आगामी 9 दिसम्बर 2022 तक चलेगा। ग्रामीणो की मनोरंजन के लिए रात्रि प्रोग्राम पाला,उडिसा का आपेरा नाटक, संचार बाहाक का आयोजन किया गया है। जिससे समस्त ग्रामीण जनों में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है।

# वंदेभारत ट्रेन के लिए कुलबीर ने लिखा राज्यसभा सदस्यों को पत्र



**राजनांदगांव।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ राज्यसभा सांसदों को पत्र लिखकर स्टापेज दिलवाने की मांग की है। छाबड़ा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव को संस्कारधानी नगरीय कहा जाता है। राजनांदगांव बैरागी राजाओं की रियासत है और यहां के राजा बलराम दास, सर्वेश्वरदास ने जनता को रेल की सुविधा के लिए रेल मार्ग जाने के लिए सशर्त जमीन दान में दी थी, जो कि 11 दिसंबर से चलने वाली वंदे भारत ट्रेन जो कि बिलासपुर से नागपुर तक का संचालन किया जाना है। जिसमें दुर्ग के बाद गोदिया को स्टापेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह हावड़ा-मुंबई का मुख्य रेल मार्ग है और राजनांदगांव जिले के लाखों नागरिक इस ट्रेन के लाभ से वंचित हो रहे है। राजनांदगांव का स्टेशन सभी सुविधाओं से युक्त हैं और प्रथम पंक्ति के स्टेशन में आता है। पूरे राज्य में पहले रेल लाइन बिछाने वाले राजनांदगांव शहर स्टेशन को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज को वंचित किया जाना राजनांदगांव जिले के लिए अन्याय है। राज्यसभा सांसद रंजीत रजन, राजीव शुक्ला, केटीएस तुलसी, फुलोदेवी नेताम के माध्यम से केन्द्रीय रेल मंत्री भारत सरकार से इस विषय पर राजनांदगांव जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज को करने के लिए ठोस पहल करते हुए राजनांदगांव जिले के नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए स्टापेज की मांग की है। राजनांदगांव जिले के साथ भी केन्द्र की मोदी सरकार सदा अन्याय कर रही है।

# अमेजन फैशन पर वार्डरॉब रिफ्रेश सेल का 11वां संस्करण शुरू हो रहा है

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन फैशन ने अपने सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट वार्डरॉब रिफ्रेश सेल के 11वें संस्करण को सबसे पसंदीदा फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तृत चयन पर विशेष डील्स के साथ शुरू करने की घोषणा की है। अब जैसे कि वर्ष 2022 समाप्त होने वाला है, तो ये समय है पुरानी यादों को ताजा करने और संडे ब्रंच, वेडिंग सीजन, हाउस पार्टी या न्यू ईयर ईव को अपने प्रियजन के साथ अपने सबसे फैशनेबल परिधान के साथ जश्न मनाने का। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी क्या योजना है, हम आपको अपैरल, शूज, हैंडबैग, वॉचेज, ज्वेलरी, किड्स वियर, ब्यूटी उत्पादों, लग्जरी ब्यूटी आदि सहित फैशन और ब्यूटी कैटेगरी के विस्तृत चयन उपलब्ध कराएंगे। ग्राहक शुक्रवार, 9 दिसंबर से शुरू होने वाले और 14 दिसंबर 2022 तक चलने वाले पांच दिवसीय शॉपिंग इवेंट के दौरान 50 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक की छूट हासिल कर सकते हैं। यहां आपके पास अपने वार्डरॉब को पूरी तरह से बदलने और लेटेस्ट ट्रेंड्स और डिजाइन के साथ एक नया रूप प्रदान करने का अवसर है। उपभोक्ता वैन हुसैन, बीबा, लविाइस, वेरोमोडा, ओनली, एलेन सॉली, पूमा, एडिडास, ऑले, बेला वीटा, मेबलीन, झावेरी पर्ल्स, जीवा, टाइमेक्स, फास्ट्रैक, अमेरिकन टूरिस्टर, लैवी आदि सहित 1000 से अधिक टॉप ब्रांड्स के 9 लाख से ज्यादा स्टाइल में से चुनकर खरीदारी कर सकते हैं।

ग्राहक अपने पसंदीदा ब्रांड्स जैसे टॉमी हिलफिगर, कोलम्बिया, माइकल कोर्स, एम्पोरियो अरमानी, मोकोबारा, डीकेएनवाई, हाईडिजाइन, एल्डो आदि के प्रीमियम कलेक्शन की खरीदारी 50-80 प्रतिशत डिस्काउंट पर कर सकते हैं।

# सस्ती लोकप्रियता के लिए,जनता के जीवन से खिलवाड़ कर रहें हैं कांग्रेसी : गोमती साय

## अपने ही सरकार के गाइडलाइंस का पालन न करने का लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए कांग्रेस, जनता की सुरक्षा और जीवन को खतरे में डाल रही है। पहले,बिना की पूर्व तैयारी और सुरक्षा मापदंडों को पूरा किए, छत्तीसगढ़ ओलंपिक के नाम पर प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के युवाओं का जीवन खतरे में डाल दिया। कांग्रेस की सस्ती राजनीति के कारण रायगढ़ और जशपुर जिले में दो प्रतिभावान खिलाड़ियों को असमय ही अपना जीवन गवाना पड़ा। अपने इस पाप से कांग्रेस कभी मुक्त नहीं हो पाएगी।

उन्होंने जशपुर जिले के सन्ना थाना क्षेत्र के घाघरा में जशपुर विधायक विनय भगत द्वारा आयोजित आर्केस्ट्रा के दौरान हुए अग्निकांड पर प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा कि इस बड़ी घटना के लिए जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। घटना स्थल के आसपास बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित थे। इस बात की जांच की जानी चाहिए कि इस कार्यक्रम के आयोजन की विधिवत अनुमति ली गई थी या नही अगर ली गई थी तो आयोजको ने प्रशासन को जनसमुदाय की संख्या से अवगत कराया था या नहीं क्योंकि प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए जो नियम तय किये है, उसमें यह भी शामिल है। सांसद ने घाघरा में आयोजित कार्यक्रम में जनसमूह की सुरक्षा व्यवस्था की जांच और दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल की 2 बालिकाओं से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात



स्कूल में चल रहे अध्यापन कार्य के संबंध में की चर्चा

**सरायपाली।** प्रदेश व्यापी भेंट मुलाकात के तहत सरायपाली पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर रवाना होने के पहले हाईस्कूल मैदान पर बने हेलीपैड से लगे स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल की 2 बालिकाएं अंशिका अग्रवाल कक्षा बारहवीं और सिद्धि अग्रवाल कक्षा नवमी को मुख्यमंत्री से मिलने का मौका मिला, जिसमें मुख्यमंत्री ने दोनों बालिकाओं से स्कूल में चल रहे अध्यापन के बारे में पूछा और दोनों बच्चों के द्वारा बनाई गई स्वामी आत्मानंद जी और मुख्यमंत्री जी की भेंट की गई स्केचिंग की सराहना की गई।

# पैसाबाज़ार और आरबीएल बैंक ने लॉन्च किया 'डुएट क्रेडिट कार्ड'

पायनियर संवाददाता < गुड़गाँव
www.dailypioneer.com

कंयूमर क्रेडिट डिजिटल मार्केटप्लेस और फ्री क्रेडिट स्कोर प्लेटफ़ॉर्म पैसाबाज़ार और आरबीएल ने आज एक नए को-क्रिएटेड क्रेडिट कार्ड 'डुएट' की लॉन्च की घोषणा की है। डुएट एक 2-इन-1 प्रोडक्ट है जो ग्राहकों की दो अलग-अलग ज़रूरतों को पूरा करता है। ये क्रेडिट कार्ड खरीदारी पर कैशबैक देता है और आरबीएल बैंक की ओर से एक लाइन-ऑफ-क्रेडिट, जिसका उपयोग कर ग्राहक अपने बैंक अकाउंट में तुरंत पैसे ट्रान्सफर कर सकते हैं। डुएट आरबीएल बैंक का लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड है, जिसके डायरेक्ट कैशबैक बेनिफ़िट आसानी से समझ आते हैं। कार्ड पर अन-लिमिटेड कैशबैक उपलब्ध है, ये सभी ऑनलाइन और ऑफ लाइन खर्च पर फ्लैट 1% कैशबैक देता है। डुएट एक्सक्लूसिवली पैसाबाज़ार प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इस कार्ड को लेने की पूरी प्रक्रिया शुरुआत से अंत तक डिजिटल है। यह पैसाबाज़ार के नियो-लेंडिंग प्रोडक्ट्स का हिस्सा होगा। डुएट पैसाबाज़ार पर पैसा ऑन डिमांड (पीओडी) क्रेडिट कार्ड की जगह लेगा। आरबीएल बैंक, हैड प्रोडक्ट्स-क्रेडिट कार्ड, उत्कर्ष सक्सेना ने कहा कि, हम पैसाबाज़ार के साथ इस पार्टनरशिप के ज़रिये अपनी क्रेडिट ऑफरिंग बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। यह हमें फ्लेक्सिबल लैंडिंग प्रोडक्ट और कई वैल्यू एडेड ऑफर्स के साथ ग्राहकों को बेहतर क्रेडिट कार्ड एक्सपीरियंस देने में सक्षम करेगा।

पैसाबाज़ार के सीनियर डायरेक्टर, गौरव अग्रवाल ने कहा, ''पैसाबाज़ार में, हमारा ध्यान प्रोडक्ट, प्रक्रिया और पार्टनरशिप के माध्यम से इनोवेशन पर है, ताकि बड़े कंयूमर सेगमेंट की पूरी ना हो पा रही मौजूदा ज़रूरतों को पूरा किया जा सके। आरबीएल बैंक के साथ डुएट क्रेडिट कार्ड हमारी नियो-लैंडिंग स्ट्रेटेजी को मज़बूत करने की यात्रा में एक और कदम है, जिसका उद्देश्य हमारे उपभोक्ताओं और लैंडिंग इकोसिस्टम के लिए चीज़ों को बेहतर बनाना है। पैसाबाज़ार इंडस्ट्री में इनोवेशन, सप्लाई और प्रोसेस गैप्स को कवर करने के लिए अपनी नियो-लैंडिंग स्ट्रेटेजी बना रहा है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक
एम-आर-ईटी-22-23-12
**कार्य का नामः** 03 वर्षों की अवधि के लिए ई.यू.आर-रेक वैगनों का केंद्रीकृत रखरखाव । **निविदा मूल्यः ₹ 21,53,66,375.72/-, बयाना राशिः ₹ 12,26,800.00/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ 10000.00/-, निविदा बंद होने का दिनांकः 28.12.2022, 15:00 बजे.**
मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होगा तथा उसे यथावत निरस्त माना जावेगा । निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता मानदंड एवं सम्पूर्ण जानकारी **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय)/ रायपुर** के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा दस्तावेज दिनांक **05.12.2022** से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है ।
वरि.मंडल यांत्रिक इंजी. (Co-ord)
पीआर/आर/सी.डीएमई(Co-ord)/एएन/184 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) रायपुर (छ.ग.)**
Phone No. And Fax No.-0771-2426831 E-mail :- actd.raipur@nic.in

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची, जो दिनांक 01.01.2015 से (समस्त संशोधन सहित) प्रभावशील हैः-

1. निविदा प्रारंभ की तिथि :- 05.12.2022
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि :- 19.12.2022
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 21.12.2022 सायं 5.30 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि :- 22.12.2022 को अपरान्ह 4.00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण व स्थान | लागत राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | राज्य स्तरीय पो मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास पेंशनबाड़ा में शौचालय/स्नानागार निर्माण कार्य। | 5,50,000 | 11000 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज (जीएसटी नंबर की छायाप्रति, पेनकार्ड की छायाप्रति, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन की छायाप्रति, संलग्न करना अनिवार्य है। एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास, रायपुर
G-96505/2

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र......../अ-20(2)/2021-22
**// ईश्तहार //**
एतद् द्वारा ग्राम जुरगुम, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती कसीदा खातुन पिता स्व. खोदाबस्क अंसारी, आजाद मोहल्ला करबला रोड, जशपुर, तहसील व जिला जशपुर के द्वारा नजूल नगर जशपुर अंतर्गत मोहल्ला जुरगुम स्थित भू-खण्ड/भूमि प्लॉट नं. 293/1क रकबा 3.85 एकड़ में से रकबा 2 डिसमिल भूमि का व्यवस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के समक्ष आवेदन पत्र दिये जाने पर प्रकरण जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।
उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2022 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 29/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**
**// उद्घोषणा //**
प्रकरण क्रं./अ-6/22-23
पक्षकार - श्री नरेंद्र कुमार यादव पिता स्व. कुंजराम यादव निवासी ग्राम करही मुंगेली तह. व जिला मुंगेली (छ.ग.)........................आवेदक
विरूद्ध
छ.ग. शासन..............................................अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला करही मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरेंद्र कुमार यादव पिता स्व. कुंजराम यादव, निवासी ग्राम करही मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 67, प्लाट नं. 32 क्षेत्रफल 575 व.मी. पर नजूल रिकार्ड में फौती के आधार किए जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।
अतः एवं मोहल्ला करही मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि नामांतरण के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 20/12/2022 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।
ईश्तहार आज दिनांक 07/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र./ /अ-2/2022-23
ग्राम विश्रामपुरी प.ह.नं. 03 तहसील बड़ेराजपुर
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुसमलता मरकाम जाति कृष्णा मरकाम जाति गोंड निवासी चिचाड़ी तहसील बड़ेराजपुर जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम विश्रामपुरी प.ह.नं. 03 तहसील बड़ेराजपुर स्थित स्वयं के स्वामित्व की भूमि खसरा नं 838/6 रकबा 0.020 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 19/12/2022 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 05/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल
जिला-कोण्डागाँव (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
राजस्व प्रकरण क्रमांक-202211200100007/अ-20(1) /2022-23
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रिजवान खान पिता शमशेर खान जाति मुसलमान निवासी शीतलापारा कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-तहसीलपारा स्थित शासकीय भूमि शीट क्रमांक 02 भूखण्ड क्रमांक 691/1 क क्षेत्रफल 4170382.56 वर्गफीट भूमि में से क्षेत्रफल 1134 वर्गफीट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 09.12.2022 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.11.2022 को जारी किया जाता है।
मुहर
नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

**MUNICIPAL CORPORATION, KORBA**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in**
SYSTEM TENDER NO. 116268 NIT NO. 69/Cont/Tp Nagar Zone/2022 Dated 05.12.2022 (1st Call)
Online bids are invited for the following works of items up to **27.12.2022 at 17:30 hours.**
**Name of Work/Description of Item : Construction of B.T. Road From Stadium Chowk to Tulshinagar at W.13 And Construction of B.T. Road from Centeral Store (C.S.E.B. Chowk) to Stadium Chowk Ward. No. 13**
**Probable Amount of Contract : Rs. 262.95 Lacs**
The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal of Municipal Corporation through Urban Administration and development Department http://eproc.cgstate.gov.in from **05.12.2022 at 17.30 Hours** (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.
**NOTE :-**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement Portal (http://eproc.cgstate.gov.in)
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System **Help Desk** at "Anjali Tower Lalbag, Telebandha" Raipur or through Toll Free No. 18002582502.
**EXECUTIVE ENGINEER**
**KORBA (CG)**
**for, Commissioner Korba (C.G.)**

# खाप पंचायत : दूसरी जाति की युवती से प्रेमविवाह दलित परिवारों पर टूटा रसूखदारों का कहर

## दो साल से हुक्कापानी बंद.. जान का खतरा, सदमे से एक की मौत

- पूर्व सरपंच, ग्राम पटेल सहित 10 ग्रामीणों के खिलाफ नामजद शिकायत
- पीड़ितों ने बताया.. बेटा-बहुशहर में रह रहे, हमें आए दिन जलील किया जा रहा.. धमकी भी मिल रही



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया इलाके के ग्राम पंचायत नादियाखुर्द के आश्रित ग्राम बखरुटोला में दो दलित परिवारों का हुक्कापानी बंद करने और लगातार धमकाने के आरोप ग्राम के ही कुछ रसूखदारों पर लगे हैं। दो वर्षों से पीड़ित परिवार अपने दाना-पानी की व्यवस्था भी दूसरे गांवों से करने मजबूर है। आरोपी ग्रामीण परिवार को बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं।

यही नहीं पीड़िता का पुत्र अपनी पत्नी के साथ साल भर से बाहर रह रहा है। क्यूंकि उसे गांव के रसूखदारों से जान का खतरा बना हुआ है। पीड़िता परागाबाई ने बताया कि उसके बेटे ने दूसरे जाति की युवती से प्रेमविवाह किया था जिसके बाद से ही उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

परागाबाई ने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व उसके पुत्र सरोज दामले ने गांव की ही युवती राधिका साहू से प्रेमविवाह किया था। इसके बाद ही ग्राम के पटेल रुपेंद्र साहू, देवसागर गुप्ता, मोनू गुप्ता, चरण साहू, भीषण साहू, किशोर साहू, कुलदीप साहू, महेंद्र नेटी, महेंद्र कुमार साहू और दिलीप कुमार ने गांव में कई बार बैठक रखी और इसमें सरोज दामले, उसकी पत्नी और परिजनों को बेईज्जत करते हुए प्रताड़ित किया गया। गांव की इस बैठक में ही परिवार से 40 हजार रुपए का दंड मांगा गया।

प्रताड़ना का सिलसिला यही नहीं रुका। सरोज के परिवार सहित एक अन्य परिवार को गांव से बहिष्कृत कर दिया गया। सामाजिक व सार्वजनिक प्रतिबंध लगा दिए गए जो कि अब तक जारी है। सरोज के मित्र युवकों पिंटू साहू, धनंजय साहू, माखनलाल गोड़ व गुलशन गोड़ से भी इन रसूखदारों ने 25-25 हजार रुपए का आर्थिक दंड वसूले जाने का फरमान सुना दिया।

### पुलिस से मदद नहीं मिली

पीड़िता सरोजा दामले ने बताया कि, प्रेमविवाह कर लेने के बाद उसके बेटे सरोज और बहू राधिका सहित परिजनों से भी गांव वालों ने मारपीट की थी। हमें लगातार धमकाया जाता है। आरोपी अपना राजनीतिक रसूख भी दिखाते हैं। कई दफा जोब पुलिस चौकी में मामले की शिकायत की गई लेकिन कभी पुलिस ने किसी तरह की कार्रवाई नहीं की।

### आर्थिक दंड नहीं दे पाए

सरोज के मित्र गुलशन और माखन के परिवार आर्थिक दंड नहीं दे पाए। गरीब परिवारों के लिए 25 हजार रुपए की व्यवस्था करना मुश्किल था। ऐसे में आरोपियों ने बैठक कर इन दोनों के परिवार के बहिष्कार का फरमान सुना दिया। इस प्रताड़ना का सदमा माखन के पिता प्यारेलाल गोड़ नहीं झेल सके और उनकी मृत्यु हो गई।

### आत्महत्या के लिए मजबूर

पीड़िता परागाबाई, उनके पिता हीरालाल और व एक अन्य परिवार रसूखदार ग्रामीणों के की प्रताड़ना से जूझते हुए अब टूटने लगा है। पीड़िता ने कहा कि, डेढ़-दो वर्ष से हमारे साथ जो रवैया अपनाया जा रहा है उसने हमें तोड़ कर रख दिया है। आए दिन हमें जातिसूचक गालियां दी जाती है। सरेआम बेईज्जत किया जाता है। हम हर दिन डर में काट रहे हैं। पुलिस से भी हमें अब तक कोई मदद नहीं मिल सकी है। उन्होंने आज एसप कार्यालय में शिकायत सौंपते हुए कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि.. जल्द न्याय न मिलने पर अब उनके सामने आत्महत्या का ही रास्ता बचा है।

### आरोपियों में पूर्व सरपंच गुप्ता भी शामिल

पीड़ित परिवार ने जो शिकायत पुलिस को सौंपी है उसमें आरोपियों के नामदर्ज हैं। इसमें पूर्व सरपंच देवसागर गुप्ता, उसके सुपुत्र मोनू गुप्ता और ग्राम पटेल रुपेंद्र साहू का नाम भी शामिल है। देवसागर और मोनू पर पंचायत में भ्रष्टाचार, राशन दुकान में गड़बड़ी के मामले भी जांच के बाद सही पाए गए हैं। पूर्व सरपंच देवसागर से जनपद पंचायत छुरिया को लाखों की वसूली करनी है जो कि अब तक नहीं हो सकी है। वहीं मोनू भी राशन दुकान में गड़बड़ी के मामलों में फंसा हुआ है। ग्राम पटेल रुपेंद्र साहू की भी बहिष्कार के मामले में बड़ी भूमिका सामने आई है।

# लापता युवक की तलाश में दर-दर भटक रहे परिजन

- शेयर ट्रेडिंग में नुकसान के बाद युवक लापता

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक के राजनांदगांव से लापता होने का मामला सुर्खियों में है। यूपी से आकर शहर के बख्तावरचाल में रह रहा सिद्धार्थ सिंह 5 दिसंबर की रात से लापता है। परिजन उसकी तलाश में यहां पहुंचे हैं। परिजनों ने बताया कि वह यहां शेयर ट्रेडिंग कर रहा था। जिसमें कुछ नुकसान के बाद वह कहीं चला गया है। लापता युवक के पिता अजय सिंह ने बताया कि, हमें सिद्धार्थ का मैसेज मिला था जिसमें उसने कहीं चले जाने, परेशान होने और लेन-देन का उल्लेख किया था। यहां आने के बाद उसके समान से मिली एक कॉपी में एक खत भी परिजनों को मिला है। जिसमें उसने किसी जित मेश्राम के साथ काम करने और नुकसान हो जाने की बात लिखी है। उसने लिखा है कि, जित उसे मारकरपैसे वसूल लेगा। परिजनों ने बताया है कि, सिद्धार्थ अपने घर से सिंगापुर जाने के लिए निकला था। उन्हें यही जानकारी थी। लेकिन सिद्धार्थ ने जब मैसेज किया तो उसने बताया कि वह घर से निकलने के बाद गुड़गांव में रह रहा था और फिर राजनांदगांव आ गया। इससे पहले तक वे अपने परिजनों से झूठ बोलता रहा। अजय सिंह ने कहा कि, हमने पुलिस से मदद मांगी है और खुद भी उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। अगर किसी को कोई नुकसान सिद्धार्थ की वजह से हुआ है तो हम उसकी भी भरपाई कर देंगे लेकिन हमारा बेटा वापस आ जाए हम यही चाहते हैं। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। युवक अपना फोन भी छोड़कर गया है जिसके चलते उसे ट्रेस करने में दिक्कतें आ रही हैं। परिजन भी युवक की तलाश में दर दर भटक रहे हैं।

## जिला स्तरीय अधिकारी करेंगे आंगनबाड़ी, स्कूल तथा आश्रम-छात्रावास निरीक्षण

**मोहला (पायनियर संवाददाता)।** कलेक्टर मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एस जयवर्धन ने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल तथा आश्रम-छात्रावास का प्राथमिकता से निरीक्षण करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले आश्रम-छात्रावास अधीक्षक को गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की सुराजी गांव योजना अंतर्गत रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की दिशा में तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है। वन डिस्ट्रीक वन प्रोडक्ट योजनांतर्गत स्थानीय स्तर पर बहुतायत उपलब्ध सीताफल एवं अन्य फल तथा कोदो, कुटकी, रागी, मक्का के वैल्यू एडिशन करने की आवश्यकता है।

# हॉकी इंडिया के एसोसिएट सहसचिव चुने गए फिरोज अंसारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हॉकी इंडिया की नई टीम में छत्तीसगढ़ के फिरोज अंसारी एसोसिएट सहसचिव चुने गए हैं। नवंबर माह में आयोजित हॉकी इंडिया की 12वी आमसभा मे सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया है। इस आशय की जानकारी एक पत्र के माध्यम से हॉकी इंडिया के नवनियुक्त अध्यक्ष पद्मश्री ओलंपियन दिलीप तिर्की ने अंसारी को दी।

पूर्व में भी अंसारी हॉकी इंडिया की कार्यकारिणी मंडल में वर्ष 2010-14 तथा 2014-18 तक कार्यकारिणी सदस्य व 2018 से 2022 तक सह-सचिव तथा चेयरमैन फाइनेंस कमेटी रह चुके है।



वर्तमान में फिरोज अंसारी प्रदेश हॉकी संघ के अध्यक्ष पद पर नियुक्त हैं। हॉकी इंडिया में एसोसिएट सहसचिव नियुक्त होने पर छत्तीसगढ़ हॉकी के कार्यकारिणी सदस्य व हॉकी प्रेमी जनता में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस नियुक्ति से छत्तीसगढ़ हॉकी की गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा तथा राज्य के खिलाड़ियों को भी उचित प्लेटफार्म दिलाने में मदद मिलेगी। उनकी इस नियुक्ति पर युवा आयोग छग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, छग खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, भूषण सॉव, गणेश प्रशाद शर्मा, आशा थॉमस, ज्ञानचंद जैन, महेंद्र सिंह ठाकुर, अब्दुल कादिर, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिन्स भाटिया, कुमार स्वामी, गुणवंत पटेल, राजू रंगारी, दौलत चंदेल, अनिल यादव, छोटेलाल रामटेके, अशोक नागवंशी, चंदन भारद्वाज, श्याम यादव, दिपक यादव, अनूप श्रीवास्तव, मनीष गौतम, सूर्यकांत जैन, विजय शर्मा, सचिन खोब्रागढ़े सहित खेलप्रेमी जनता ने शुभकामनाएं दी है।

## दो साल से लापता किशोर बरामद

**गंडईपंडरिया।** गंडई थाना अंतर्गत बीते16 फ़रवरी 2020 को थाना में दर्ज किशोर के लापता होने की रिपोर्ट पर दो साल बाद पुलिस ने बरामदगी की है। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान आपरेशन मुस्कान के तहत् व पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश में निरीक्षक राजेश देवदास के नेतृत्व में थाना गंडई पुलिस स्टॉप द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर बीते बुधवार को अपहृता का पता तलाश कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# गुजरात की जीत पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की गुजरात विधानसभा चुनाव में 158 सीटों पर हुई एतिहासिक रिकॉर्ड जीत का जश्न राजनांदगांव की जिला भाजपा ने भी मानव मंदिर चौक में पहुंचकर मनाया।जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के नेतृत्व में सभी कार्यकताओं ने मिठाई बाटी एवं पटाखे फोड़ कर ऐतिहासिक विजय का जश्न भी मनाया। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वीरेंद्र जैन, पवन मेश्राम, किशुन यदु, शिव वर्मा, रघुवीर वाधवा, मनोज निवाणी, राजेंद्र जैन बंटू, त्रिगुण टांक, सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता, प्रवक्ता रविंद्र सिंह, उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा, गोलू सूर्यवंशी, नमन वेद, शैल यादव,सरस्वती यादव, प्रखर श्रीवास्तव, संगीता मिश्रा, पार्षद मधु बेद, विठ्ठल पटेल, जय शर्मा,दामू भूतड़ा, पार्थ गेंद्रेएवं महामंत्री आकाश चोपड़ा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्राचीनमंदिर अगहन वृहस्पति पूजा उत्सव संपन्न



**छुईखदान।** अंतिम अगहन वृहस्पति पूजा गुरुवार को रानी मंदिर छुईखदान में महिलाओं द्वारा सामूहिक पूजा अर्चना कर संपन्न क गई। मंदिर समिति के संरक्षक लतारानी लाल जे के वैष्णव ने जानकारी दी कि महिलाएं घर में पूजा कर रानी मंदिर में प्रतिष्ठित मां लक्ष्मी जी कलश, धान की बाली, रखिया कांदा, की सामूहिक पूजा कर कथा वाचन हुंकारु अनिवार्य रूप से देकर भोग लगाती हैं। अगहन पूर्णिमा पर भगवान श्री सत्यनारायण जी की पूजा होती है। बाबी पद्मिनी वैष्णव लोरमी ने बताया कि भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि मासों में अगहन मास मैं हूं। जयंती सुदर्शन वैष्णव बेमेतरा ने अगहन मास में पूजा अर्चना के महत्तम को श्लोक द्वारा बताई। सामूहिक पूजा में रंजना सोनी, रोहिणी शर्मा, प्रमिला जंघेल, सीमा अनिल राजपूत पुजारी, काजल तम्बोली , चन्द्रकला निशा नामदेव , पूजा, रेणु , रीनू , रानू , सुप्रिया, गुड्डी महोबिया, लतारानी वैष्णव , संगीता संजय वैष्णव , दामिनी आरती बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किये ।

# बीमा पोर्टल की त्रुटि से हजारों किसान फसल बीमा से वंचित



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

फसल बीमा की वेबसाईट में तकनीकी त्रुटि के चलते बीमा से वंचित होने वाले ग्रामीणों ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल के साथ आज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। कृषकों ने बताया कि वे पिछले 5 माह से इस सुधार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन मेश्राम ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 5 माह से उक्त त्रुटि के संबंध में राजस्व विभाग को शिकायत की गई है,परंतु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिसके कारण हजारों किसान फसल बीमा से वंचित हैं।ठाकुरटोला पटवारी हल्का नंबर 17 राजस्व निरीक्षक मंडल बेलगांव के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु बीमा पोर्टल खोलने पर ठाकुतोर्ला राजस्व निरीक्षक मंडल लाल बहादुर नगर के नाम सामने आता है। इस संबंध में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के नेतृत्व में डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम ने सैकड़ों किसानों के साथ कलेक्टर के नाम पर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ।

# नपं अध्यक्ष ने सौंपी साइकिलें, छात्राओं के चेहरे खिले

पायनियर संवाददाता ◄ गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की मुख्यमंत्री सायकल योजना के तहत गुरुवार को नगर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने वाली 9वी के 11 छात्राओं को योजना के तहत सायकल वितरण किया गया। उक्त योजना का लाभ फिरहाल एसटी,एससी एवं बीपीएल परिवार के छात्राओं को दिया गया है।

कार्यक्रम में अध्यक्षचेतन देवांगन ने कहा की दूर दराज गांव से पढ़ने आने वाली छात्राओं को आसानी होगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन जनभागीदारी समिती के अध्यक्ष मोहसीन खान, भिगेश यादव, लियाकत अली खान, नारायण चतुर्वेदी, राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष अमित टंडन, अशरफ सिद्धिकी, आशीष देवांगन, निकाय के अभियंता रूपेश राठिया, प्राचार्य पवन कुमार ददरिया, अशोक देवांगन, चंद्रमणि चौबे एवं छात्राये सहित स्टाफ उपस्थित रहा।



### निर्माण और विकास पर भी हुई चर्चा

इस दौरान यहां मरम्मत, संधारण एवं पार्षद निधि से निर्माण कार्य पर भी चर्चा भी हुई। वही कार्यक्रम में पहुँचे नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन से शाला परिवार की ओर से ओपन जेंट्स टॉयलेट के लिए माँग की गई। जिस पर तत्काल अध्यक्ष देवांगन ने निकाय के अभियंता रूपेश राठिया को स्टीमेट तैयार कर विधिवत निकाय के मरम्मत संधारण के तहत जल्द ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने को लेकर निर्देशित किया है।वही वार्ड क्रमांक 03 के पार्षद चंद्रिका नीलम नामदेव ने अपने पार्षद निधि से एक लाख रूपए की लागत से वाटर फ्रीजर लगाने की घोषणा के तहत प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।स्कूल प्रांगण में खाली जगह के लिए छोटे बच्चों के लिए खेल हेतु गार्डनिंग के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा भी की है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक सी एम चौबे ने किया।

# स्कूलों के आसपास बिक रहे जर्दायुक्त पाउच, सिगरेट को किया गया जब्त



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों के समीप बिकने वाले प्रतिबंधित गुटखा पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। राजनांदगांव शहरी क्षेत्र में संचालित स्कूलों के आसपास पान ठेले में बिक रहे जर्दायुक्त पाउच, सिगरेट को तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता एवं उनकी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जब्ती की कार्रवाई की। जब्ती के साथ ही जुमार्ने की भी कार्रवाई की गई। तहसीलदार ने बताया कि सर्वेश्वर दास स्कूल, ठाकुर प्यारेलाल स्कूल, मोतीपुर स्कूल, डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल के आसपास के 10 पान ठेले, दुकानों पान ठेला संचालक गोवर्धन पाल, नरोत्तम, भोले जनरल स्टोर्स, जीत मोबाइल और डेली नीड्स, मनोज प्रोविजन, देवांगन पान ठेला, गणेश पान ठेला, सौरभ किराना से लगभग 12 हजार रूपए की लागत के जर्दायुक्त प्रतिबंधित सामग्री जब्त किया गया तथा 2 हजार 600 रूपए जुमार्ना कर जुमार्ने की राशि वसूल की गई।

## संभागायुक्त कावरे ने किया गंडई अनुविभाग के कार्यालयों का निरीक्षण

# धान के उठाव पर जोर, 48 घंटे में भुगतान के निर्देश, आयुक्त ने एक को थमाया नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

आयुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे ने बुधवार को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला के तहत गंडई अनुविभाग के राजस्व कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा अनुविभागीय कार्यालय गंडई में 105 लंबित न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार न्यायालय तहसीलदार गंडई में 196 प्रकरण लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए साथ ही उन्होंने नस्तीबद्ध प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में जमा करने हेतु निर्देशित किया। कावरे ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जांच के दौरान 02 प्रकरण ऑनलाइन दर्ज नहीं पाए जाने पर संबंधित कमार्चारी मंगलेश कुमार नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी किया एवं सभी राजस्व प्रकरणों को अनिवार्यतः ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने सभी कर्मचारियों के टेबल पर नेम प्लेट आवश्यक रूप से रखे जाने के निर्देश भी दिए।



### आम जनता एवं अधिवक्ताओं से की चर्चा

संभागायुक्त कावरे द्वारा कार्यालय परिसर में उपस्थित आम जनता से चर्चा के दौरान उपस्थित ग्रामीण मुकेश सिंह ठाकुर से उनकी समस्या के संबंध में चर्चा की बताया की बटवारा से संबंधित प्रकरण इस कार्यालय में लंबित हैं जिस पर कावरे ने तत्काल उपस्थित अधिकारी को कार्यवाही करने की निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने गंडई के अधिवक्ताओं से न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की, जिस पर उपस्थित अधिवक्ताओ द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण संतुष्टि व्यक्त की गई।

### 48 घंटे के भीतर भुगतान के दिए निर्देश

संभागायुक्त कावरे ने केसीजी जिले के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ने उपार्जन केंद्र गंडई पहुंचकर धान वि य हेतु पहुंचे किसानों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। शाखा प्रभारी एवं किसानों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में लगभग 30 प्रतिशत किसान ऑनलाइन टोकन सुविधा के तहत अपना टोकन कटा रहे हैं जिस पर संभागायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने उपस्थित अधिकारी एवं शाखा प्रभारी गंडई जगदीश जंघेल व को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करें साथ ही सभी शाखा प्रभारियों को डाटा एंट्री की कार्यवाही तत्काल उसी दिन किए जाने के निर्देश दिए।


## शपथ पत्र

**शपर्थकर्ता :-** प्रतीक अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल
**निवासी** - लाल बाग गली नं. 1 सिंधी कालोनी वार्ड नं. 20/23 हाउस नं. 10/1
**तह. व जिला** - राजनांदगांव (छ.ग.)
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है:- शपथ के पत्र के आधार कार्ड में PRATEEK AGRAWAL दर्ज है जो कि सही है शपथ कर्ता के पासपोर्ट में PRATEEK AGARWAL त्रुटि से दर्ज हो गया है जिसे संशोधित कर PRATEEK AGRAWAL लिखा एवं पढ़ा जाए।
स्थान :- राजनांदगांव
दिनांक :- 08.12.2022
**शपथकर्ता**

## शपथ पत्र

**शपर्थकर्ता :-** सुभाष अग्रवाल पिता रामजी लाल अग्रवाल
**निवासी** - लाल बाग गली नं. 1 सिंधी कालोनी वार्ड नं. 20/23 हाउस नं. 10/1
**तह. व जिला** - राजनांदगांव (छ.ग.)
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है:- शपथ के पत्र के आधार कार्ड में SHUBASH AGRAWAL दर्ज है जो कि सही है शपथ कर्ता के पुत्र प्रतीक अग्रवाल के पासपोर्ट में SHUBASH AGARWAL त्रुटि से दर्ज हो गया है जिसे संशोधित कर SHUBASH AGRAWAL लिखा एवं पढ़ा जाए।
स्थान :- राजनांदगांव
दिनांक :- 08.12.2022
**शपथकर्ता**

## शपथ पत्र

**शपर्थकर्ता :-** श्रीमति पुष्पा अग्रवाल पति सुभाष अग्रवाल
**निवासी** - लाल बाग गली नं. 1 सिंधी कालोनी वार्ड नं. 20/23 हाउस नं. 10/1
**तह. व जिला** - राजनांदगांव (छ.ग.)
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है:- शपथ के पत्र के आधार कार्ड में PUSHPA AGRAWAL दर्ज है जो कि सही है शपथ कर्ता के पुत्र प्रतीक अग्रवाल के पासपोर्ट में PUSHPA AGARWAL त्रुटि से दर्ज हो गया है जिसे संशोधित कर PUSHPA AGRAWAL लिखा एवं पढ़ा जाए।
स्थान :- राजनांदगांव
दिनांक :- 08.12.2022
**शपथकर्ता**

# सिकल सेल मरीजों को हाइड्रोक्सीयूरिया के नियमित सेवन से बार बार खून चढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी: डॉ. योगेश जैन

## जिले में सिकल सेल मरीजों को चिन्हांकन करके उचित उपचार किया जाएगा, डॉक्टरों की टीम ने सिकल सेल के लक्षण और उपाय बताएं

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com










कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के दिशा-निर्देश में जिला चिकित्सालय जशपुर के सभा कक्ष में डॉक्टर, स्टॉफ नर्स और लैब टेक्नीशियन को आज सिकल सेल का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के सभी मरीजों का चिन्हांकन करके डेटाबेस तैयार किया जाए और उनको सही समय पर सही उपचार दिया जाए। इसी उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण में अम्बिकापुर के संगवारी टीम और दिल्ली एम्स हॉस्पिटल के जाने माने विशेषज्ञ डॉ. योगेश जैन, डॉ.चेतन्य मलिक, डॉ.अभिजीत गडेवार, इन्दुरोश लकड़ा, डॉ.नेहा की टीम ने सिकल सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डाक्टरों ने बताया कि सिकल सेल मरीजों को हाइड्रोक्सीयूरिया के नियमित सेवन से मरीजों को बार बार खून चढ़ाने की आवश्यकता नहीं होती है साथ असहाय दर्द से निजात मिलती है। डॉक्टरों ने सिकल सेल के लक्षण और उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला सलाहकार राजेश कुरील उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सिकल सेल के विशेषज्ञ डॉ. योगेश जैन दिल्ली एम्स के मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई पुरी किए हैं और सिकलीन के ईलाज के लिए जाने माने डॉक्टरों में उनका नाम शामिल है। डॉक्टरों ने बताया कि गर्भवावस्था, बार-बार खून की कमी होना, बच्चों के जोड़ में हमेशा दर्द होने पर, ऑख में पिलिया या पिवरी हुआ हो तो, परिवार में मा, पिताजी, भाई या बहन किसी को सिकलीन बीमारी हो तो सिकल बीमारी की जांच करवाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि बहुत तेज बुखार होने पर, सांस लेने मे कष्ट होने पर, छाती में दर्द होने पर, पेट मे सूजन होने पर, तेज सिरदर्द होने पर, अचानक कमजोरी या बेहोशी होने पर, मिर्गी या हापुड़ का दौरा आने पर, पुरुष लिंग मे अधिक कड़ापन और दर्द होने पर, आँख से ठीक से दिखाई ना देने पर और पैरासेटामॉल या घरेलू उपचार से दर्द ठीक ना होने अस्पताल तुरंत जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सिकल के मरीज रोज करीब 8 से 10 गिलास पानी पीना चाहिए। शरीर में पानी की कमी ना होने देना चाहिए, इससे दर्द बढ़ सकता है। गर्मी के मौसम में शरीर का पानी और काम हो जाता है ऐसे में विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता होती है। सिकल सेल के मरीज दर्द या बुखार आने पर एक पैरासेटामॉल की गोली दे सकते है। तौलिया गरम पानी में निचोड़कर उसे दर्द वाले जगह रख सकते है। ध्यान देने चाहिए की ठंडा तौलिया ना हो। एसएस वाले मरीजो को हाइड्रोक्सीयूरिया की गोली नियमित रूप से लेना चाहिए। शादी से पहले लड़का और लड़की दोनों को सिकलिंग की जांच जरूर करवानी चाहिए। यदि दोनों को सिकलिंग बीमारी है तो बच्चे को भी बीमारी होने का खतरा रहता है।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा पुणे में 23 नवंबर, 2022 को हिन्दी दिवस समारोह अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. एस. राजीव ने की। प्रख्यात फिल्म अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बैंक के कार्यपालक निदेशक ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक आशीष पाण्डेय, महाप्रबंधक (मा.सं.प्र. व राजभाषा) के. राजेश कुमार कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधकगण, देश भर से आए कार्यपालकगण, अधिकारी और कर्मचारी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित थे। के. राजेश कुमार, महाप्रबंधक ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक की ई-पत्रिका महाबैंक संवाद सरिता के ब्रेल संस्करण का विमोचन ए. एस. राजीव, मृणाल कुलकर्णी और मंच पर उपस्थित मान्यवरों के कर-कमलों से किया गया। साथ ही, बैंक की तिमाही गृह पत्रिका महाबैंक प्रगति के आगामी अंक के मुखपृष्ठ का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित आंतरिक राजभाषा ट्रॉफी योजना के पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान माननीय गृह मंत्री, माननीय वित्त राज्य मंत्री और भारतीय रिजर्व बैंक के माननीय गवर्नर से हिंदी दिवस के अवसर पर प्राप्त संदेशों को पढ़कर सुनाया गया।

मृणाल कुलकर्णी ने इस अवसर पर कहा कि हिन्दी के प्रचार-प्रसार में हिन्दी सिनेमा और टेलीविजन का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि हिन्दी एक सरल भाषा है, जो भारत के हर प्रांत और स्थान पर बोली जाती है। उन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के उत्कृष्ट राजभाषा कार्य की सराहना की और बैंक को राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान कीर्ति पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. एस. राजीव ने कहा कि अपनेपन के साथ उत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करने में हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और जन-जन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए तथा अपनी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी श्रेष्ठ विकल्प है। ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि हमें अपने रोजाना के कार्य में सरल और बोलचाल की हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग हमारे व्यवसाय वृद्धि के लिए भी सहायक है। कार्यपालक निदेशक, आशीष पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राहक हमारे केंद्र-बिंदु हैं और अपनी भाषाओं में संवाद से ग्राहक हमारे साथ अपनापन महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी भाषाओं पर गर्व होना चाहिए।

# पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा ने प्रबंधन से कहा कर्मचारियों की जायज मांगों को करें पूरा

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



पिछले कई दिनों से चल रहे माँ दंतेश्वरी मैय्या सरकारी शक्कर कारखाना के कर्मचारियों की हड़ताल अंततः खत्म हुई। जहां मामले में क्षेत्र के कांग्रेस वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा ने कर्मचारियों से बात किया। मामले को लेकर पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा कर्मचारियों से मिले और उनकी मांगों को लेकर कारखाना के प्रबंधन के साथ एक बैठक की। जहां उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित में सारे फैसले हो। कर्मचारियों की जो जायज मांग हैं उन्हें पूरा किया जाए। कर्मचारियों को किसी प्रकार से कोई दिक्कत न हो। इसका पूरा ख्याल रखा जाए। जहां पूर्व विधायक के समझाने के बाद में कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है और फिर से शक्कर कारखाने में कार्य करना चालू कर दिया है। इस दौरान कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष एचएन मिश्रा और तमाम कर्मचारी भी मौजूद रहे, वहीं कांग्रेसी नेता चंद्रेश हिरवानी, कमलेश श्रीवास्तव, डॉ. किशोर साहू सहित तमाम कांग्रेसी भी इस दौरान मौजूद रहे।

# बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत 8.4 लाख बच्चों का हुआ नेत्र परीक्षण

**रायपुर (पायनियर संवाददाता)।** आंखें शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण और नाजुक अंग है। आंखों के बिना जीवन बेरंग सा है। इसलिए बहुत जरूरी है कि आंखों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना। विशेषकर बच्चों के आंखों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानियां बरतनी जरूरी है। इसी के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल नेत्र सुरक्षा और देखभाल के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिनों बाल नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसमें 8.4 लाख से अधिक बच्चों का नेत्र परीक्षण हुआ। राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में 14 से 20 नवंबर तक बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसमें 9,741 स्कूलों के 8.4 लाख से अधिक बच्चों (6-15 वर्ष) का नेत्र परीक्षण किया गया।

# कोलम्बिया ग्लोबल स्कूल के 5 खिलाड़ियों का योग वर्ल्डकप 2022 में शानदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




इंटरनेशनल योग स्पोर्ट्स फ़ेडरेशन द्वारा योग वर्ल्डकप 2022 का आयोजन विगत दिनों बेंगलुरु स्थित स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान में किया गया इस योग वर्ल्डकप में विश्व के 20 देशों से हिस्सा लिया द्य इसमें भारत सहित अमेरिका, कनाडा, मेक्सिको, आर्जेंटीना, आयरलैंड, बेल्जियम, फरान्स, स्वीडन, चेक रिपब्लिक, इटली, आइवरी कोस्ट, ईरान, नेपाल, मलेशिया, चीन, मंगोलिया, आस्ट्रेलिया आदि शामिल हुए द्य प्रतियोगिता के आरंभ समारोह में बसावराज बोम्मई (मुख्यमंत्री कर्नाटक) उपस्थित रहे। इस योग वर्ल्ड कप 2022 में भारतीय टीम सर्वाधिक पदक जीतकर विजेता रही। कोलम्बिया ग्लोबल स्कूल के 5 खिलाड़ियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 5 से रूद्र सिंग ठाकुर ने 9 से 12 वर्ष बालक वर्ग में पाँचवा स्थान प्राप्त किया, कक्षा 5 से यशिका वर्मा ने 12 से 14 वर्ष बालिका वर्ग में सातवाँ स्थान प्राप्त किया, कक्षा 6 से सौम्य वर्मा ने 12 से 14 वर्ष बालक वर्ग में छठवाँ स्थान प्राप्त किया , कक्षा 10 से साक्षी वर्मा ने 15 से 17 वर्ष बालिका वर्ग में पाँचवा स्थान प्राप्त किया व कक्षा 10 से मुस्कान वर्मा ने 15 से 17 वर्ष बालिका वर्ग में छठवाँ स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा योग वर्ल्डकप 2021 वर्ल्डकप (कोरोना महामारी के कारण यह प्रतियोगिता ऑनलाइन कराई गई थी) के पुरस्कार वितरण किए गए द्य इसमें कक्षा 10 से साक्षी वर्मा ने 15 से 17 वर्ष बालिका वर्ग में दूसरा स्थान ,रजत पदक प्राप्त किया व कक्षा 10 से मुस्कान वर्मा ने 15 से 17 वर्ष बालिका वर्ग में तीसरा स्थान, कांस्य पदक प्राप्त किया।

# 300 से अधिक प्रतिभागियों ने लगाई कुपोषण के खिलाफ दौड़

## सोनाखान मैराथन हुआ उत्साह के साथ संपन्न



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का सन्देश देने दु कदम सुपोषण के थीम पर जिला प्रशासन द्वारा आज शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि सोनाखान में सोनाखान मैराथन 2022 का आयोजन किया गया। जिसमें 341प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवाओं से लेकर बच्चे एवं महिलाओं ने बड़े उत्साह से इस मैराथन में शामिल हुए। यह दौड़ शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक के मुख्य द्वार से सुबह 08 बजे से प्रारम्भ होकर 10 किलोमीटर तक प्राकृतिक वातावरण में जंगल के रास्ते से होते हुए समाप्त हुआ। मैराथन में प्रथम-भोजराम साहू द्वितीय- सुनील साहू तृतीय- कुंज राम ध्रुव को प्राप्त हुआ। गौरतलब है की मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को भी गरम भोजन से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिले में 12 हजार से अधिक एनिमिक महिलाओं को गरम भोजन दिया जा रहा है। इस प्रकार योजना से लाभान्वित होने वाली अन्य गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण स्तर में नियमित सुधार हो रहा हैं।

# एमएससी माइक्रोबायोलॉजी के चार विद्यार्थियों ने सर्वश्रेश्ठ प्रदर्शन किया, मेरिट लिस्ट नाम शामिल



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन महाविद्यालय, चंगोराभाटा, रायपुर के एम.एससी माइक्रोबायोलॉजी कक्षा के चार विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पं. रविशंकर षुक्ल विशवविद्यालय द्वारा जारी मेरिट लिस्ट 2022 में इनका नाम शामिल हुआ हैं। इस मेरिट लिस्ट में शांतिनिकेतन महाविद्यालय के एम.एससी माइक्रोबायोलॉजी के विद्यार्थी यशवंत-चतुर्थ, सेखराम साहू-सप्तम, राजेश देवांगन-अश्टम, यागेश्वरी साहू-नवम स्थान प्राप्त किया हैं। जिसमें यशवंत को 1926 अंक, सेखराम साहू को 1881 अंक, राजेश देवांगन को 1859 अंक तथा यागेश्वरी को 1846 अंक की प्राप्ति हुई हैं। इन विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन के लिये संचालक महोदय मुकेष गुप्ता, ऋशभ गुप्ता एवं प्रभारी प्राचार्य बंषीलाल सुर्गे व हैड ऑफ डिपार्टमेंट अनिरूद्ध तिवारी एवं एम.एससी माइक्रोबायोलॉजी की प्रो.उपमा सोनवानी और प्रो. दिक्षा सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा इन विद्यार्थियों को शुभकामनाऐ दी और उनके उज्जवल भविश्य के लिए प्रोत्साहीत किया। शांतिनिकेतन महाविद्यालय में बी.एससी. मॉइक्रो बॉयोलोजी और एम.एससी. मॉइक्रो बॉयोलोजी कोर्सेस हैं जिसके लिये सर्वसुविधा युक्त प्रयोगशाला हैं। मॉइक्रो बॉयोलोजिस्ट की जरूरत कई स्तरों पर है। जिस तरह से दुनिया भर में नई - नई बीमारियां सामने आ रही है, उसे देखते हुए कई मॉइक्रोब्स का अब भी पता लगाया जाना मॉइक्रोबॉयोलोजिस्ट का काम होता है। इसलिए उनके लिए कैरियर के अवसरो की अब कमी नहीं है।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल भरनी में सीबीएसई क्लस्टर 1 और 2 एथलेटिक मीट का भव्य आयोजन

- तीन दिनों तक खिलाड़ी छात्र छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सेंट जेवियर हाई स्कूल भरनी बिलासपुर में सीबीएसई क्लस्टर एक एवं दो का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें कुल 10 राज्यों से प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। क्लस्टर वन में भाग लेने वाले राज्य नागालैंड, त्रिपुरा, असम, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम है। तथा क्लस्टर 2 में भाग लेने वाले राज्य छत्तीसगढ़ ,पश्चिम बंगाल और उड़ीसा है जिसके 950 प्रतिभागी लड़के एवं लड़कियां सम्मिलित हो रहे हैं। सभी प्रतियोगिता का आयोजन 3 आयु वर्ग में 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष में छात्र तथा छात्राएं शामिल होंगे 7 इसके साथ ही 105 डेलिगेट्स भी इसमें शामिल हो रहे हैं। बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए सेंट जेवियर हाई स्कूल भरनी के प्राचार्य जितेंद्र सिंह हुंदल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 9, 10 एवं 11 दिसंबर को होगा जिसमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, जैवलिन, लांग जंप, हाई जंप, ट्रिपल जंप गोला प्रक्षेपण,भाला प्रक्षेपण, फ्लैट रेस, रिले रेस, हर्डल रेस, शॉट पुट ,डिस्कस थ्रो,आदि इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा। सीबीएसई स्पोर्ट्स के अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन दीपांकर मुखोपाध्याय ,सी. बी. एस. ई. स्पोर्ट्स आब्जर्वर ,ओपनिंग सेरिमनी के मुख्य अतिथि आर श्रीनिवासन क्षेत्रीय अधिकारी सीबीएससी भुनेश्वर होंगे।10 दिसंबर को दूसरे दिन का स्पोर्ट्स मुख्य अतिथि उमेश पटेल उच्च शिक्षा खेल और युवा विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन की उपस्थिति में होगा।11 दिसंबर के आयोजन की अध्यक्षता बद्री प्रसाद मीणा आईजी आफ पुलिस बिलासपुर रेंज करेंगे इसके साथ ही शाइनी विल्सन पूर्व भारतीय अखिलेश उपस्थित रहेंगे। डॉक्टर जी. एस. पटनायक, भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष और सेंट जेवियर्स स्कूल की श्रृंखला अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के मार्गदर्शन में समारोह का सऊल आयोजन किया जा रहा है । पत्रकार वार्ता के दौरान मुंगेली सेंट जेवियर स्कूल के प्राचार्य शुभेंदु मंडल, बिलासपुर सेंट जेवियर स्कूल की प्राचार्या सुप्रिया ए पी के अलावा प्रवीण भार्गव मौजूद रहे।

# हसदेव बचाओ आंदोलन के 200 दिन पूरे होने पर आंदोलनकारियों ने किया मरणोपरांत देहदान का संकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




हसदेव बचाओ आंदोलनकारियों ने बताया कि समाज में परिवर्तन लाने की शुरुआत स्वयं से ही होती है इसी कड़ी में रश्मि बुधिया जो कि स्वयं एक डॉक्टर है ने कहा कि जब वह मेडिकल की पढ़ाई करती थी उन्हें भी किसी के शरीर पर कार्य करके सीखने को मिला इसलिए वह भी देह दान करके मेडिकल छात्रों की मदद करना चाहती हैं। साथ ही प्रथमेश मिश्रा जोकि वरिष्ठ पर्यावरण कार्यकर्ता है उन्होंने भी समाज कल्याण हेतु देहदान का संकल्प लिया। प्रदीप नारंग एवं नंद कश्यप ने भी समाज कल्याण हेतु दे दान का संकल्प लिया।

साथ में चंद्र प्रदीप बाजपेई साकेत तिवारी और अनुपमा अग्रवाल तथा महेंद्र चंद्र जैन ने मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लिया, उक्त कार्यक्रम को पूरा करने के लिए सिम्स की डॉक्टर आरती पांडे हसदेव आंदोलन में



उपस्थित रहे और संकल्प पत्र प्राप्त किया। हसदेव बचाओ टीम कहती है कि वे आने वाले भविष्य के लिए हसदेव को जंगल बचाने के लिए काम कर रहे हैं साथ ही अगर वह समाज के किसी भी प्रकार से काम आ जाएं तो यह उनका सौभाग्य है। उन्होंने साथ में अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग नेत्रदान और दे दान करें जिससे अनेकों लोग जिन्हें अंग प्रत्यर्पण की आवश्यकता होती है उनकी जरूरत पूरी हो जाए और उन्हें एक नया जीवन मिले। ठीक उसी प्रकार हसदेव अरण्य जो हमें जीवन दे रहा है उसे बचाना भी हम सब का कर्तव्य है मनुष्य को जीते जी और मृत्यु के बाद भी समाज और देश के काम आना चाहिए। उक्त जानकारी जंगल मितान के चंद्र प्रदीप बाजपेई ने दी।

## महापौर ने 10 वार्डों में किया लाखों के कार्यों का भूमिपूजन

# विकास कार्यों से संवरेगी भिलाई-चरौदा के वार्डो की तस्वीर: निर्मल कोसरे

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com





महापौर निर्मल कोसरे ने भिलाई -चरोदा नगर निगम क्षेत्र के 10 वार्डों में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले लगभग एक साल से अनवरत चल रहे विकास कार्यों से भिलाई-चरोदा के वार्डों दशा और दिशा संवर रही है। आने वाले दिनों में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाकर जनभावना को पूरा सम्मान दिया जाएगा। महापौर निर्मल कोसरे ने भूमिपूजन कार्यक्रम की शुरुआत तहसील कार्यालय से की।

यहां पर उन्होंने 19.91 लाख रुपए की लागत से बाउंड्री वॉल निर्माण का भूमिपूजन किया। इसके बाद उन्होंने सिलसिलेवार अलग अलग वार्डों में विकास के बीज रोपित किए। कोसरे ने वार्ड 01 इंदिरा नगर हथखोज में 8 लाख रुपए से आर.सी.सी रोड व नाली, वार्ड 02 हथखोज बस्ती में 8 लाख रुपए से आर.सी.सी नाली, वार्ड 03 अकलोरडीह के शीतला पारा में 8 लाख रुपए से आर.सी.सी नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। इसी कड़ी में वार्ड 04 जरवाय में 5 लाख रुपए से पाइप लाइन विस्तार व 3 लाख रुपए से सीसी रोड, वार्ड 05 दादर में 5 लाख रुपए से साहू भवन, 8 लाख रुपए से सीसी रोड व नाली, वार्ड 06 उमदा में 2 लाख रुपए से पाइप लाइन विस्तार व 6 लाख रुपए से सीसी रोड, वार्ड 21 चरोदा बस्ती में 8 लाख रुपए से सीसी रोड, वार्ड 22 चरोदा भाठा में 8 लाख रुपए से नहर पुलिया चौड़ीकरण व सीसी रोड तथा, सबसे आखिर में वार्ड 31 देवबलोदा में 8 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे ने नागरिकों की मांग का सम्मान करते हुए वार्ड 03 हथखोज बस्ती और वार्ड 31 देवबलोदा में एक-एक नग बोरिंग खनन एवं वार्ड 22 दादर में जोड़ा जैतखाम निर्माण और स्टील रेलिंग लगाने की घोषणा की। इस अवसर पर एसडीएम जागेश्वर कुमार कौशल, तहसीलदार चन्द्रशेखर मंडई, एमआईसी सदस्य संतोषी निषाद, दीप्ति वर्मा, मोहन साहू, देव कुमारी भलावी, एस. वेंकट रमना, ईश्वर साहू, एम. जॉनी, मनोज डहरिया, पार्षद डे साहब वर्मा, टेनेन्द्र ठाकरे, ठामेश्वरी साहू, भूपेंद्र वर्मा, राकेश बंछोर, संजय यादव, निशा यादव, ललित यादव, रविन्द्र हरपाल, उप अभियंता मुकेश रात्रे, विक्टर वर्मा, पूर्व पार्षद आशीष वर्मा, बहलराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री पप्पू चन्द्राकर, युवा कांग्रेस नेता असाफाक अहमद, इन्द्रजीत यादव, युवराज कश्यप, विनोद साहू, राकेश गोविंद वर्मा, शरद यादव, हुकुमचंद वर्मा, दीपक टंडन, सरस्वती वर्मा, विमला कोसरिया, अनिल सिन्हा, विनोद निषाद सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# सावित्री मंडावी की ऐतिहासिक जीत पर विमल साहू ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के भानूप्रतापपुर विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने पर कांग्रेस की प्रत्याशी सावित्री मंडावी को कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री बलौदाबाजार एवं नेता विमल साहू ने जीत की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किये।आगे चर्चा करते हुए विमल साहू ने कहा कि निश्चित रूप से सावित्री मंडावी , स्वर्गीय मनोज मंडावी के उद्देश्यों को पूरा करते हुए हमेशा समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के सहायता करेंगे यही आशा और विश्वास सावित्री मंडावी से अपेक्षा है। साथ ही उनके कुशल नेतृत्व में भानुप्रतापपुर विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी ऐसी पूर्ण विश्वास भानुप्रतापपुर के समस्त जनता जनार्दन को है।भानुप्रतापपुर के जनता ने स्वर्गीय मनोज मंडावी के धर्म पत्नी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर जो अपना आशीर्वाद प्रदान किये हैं वह वास्तव में स्वर्गीय मनोज मंडावी को भानुप्रतापपुर के जनता का सच्ची श्रद्धांजलि प्राप्त हुआ है।इसके लिए भानुप्रतापपुर विधानसभा के समस्त जनता का आभार है।

छत्तीसगढ़ शासन

# सरकारी स्कूलों का कायाकल्प और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ज़ोर

## गरीबों को न्याय दिला रही छत्तीसगढ़ सरकार





## स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूल

SAMVAD- 33385/109

संवरे 279 स्कूलों में लाइब्रेरी, कम्प्यूटर और साइंस लैब, एम्फीथियेटर, खेल मैदान जैसी आधुनिक सुविधाएं

**279** उत्कृष्ट स्कूल प्रारंभ | **439** स्कूल नए सत्र से



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़







Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403